नवबिहार टाइम्स

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 142 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

सप्तम नवदुर्गा : माता कालरात्रि

वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।।

श्री दुर्गा का सप्तम रूप श्री कालरात्रि हैं। ये काल का नाश करने वाली हैं, इसलिए कालरात्रि कहलाती हैं। नवरात्रि के सप्तम दिन इनकी पूजा और अर्चना की जाती है। इस दिन साधक को अपना चित्त भानु चक्र (मध्य ललाट) में स्थिर कर साधना करनी चाहिए। संसार में कालो का नाश करने वाली देवी 'कालरात्री' ही है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा के उपरांत उसके सभी दुःख, संताप भगवती हर लेती है। दुश्मनों का नाश करती है तथा मनोवांछित फल प्रदान कर उपासक को संतुष्ट करती हैं। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

सरकार के पास ही रहेगा मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का स्वामित्व : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर ब्राउनफील्ड मेडिकल कॉलेजों के संचालन की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि इस मॉडल में बिहार के निवेशकों और भागीदारी के इच्छुक राज्य के चिकित्सकों को प्राथमिकता देने पर विचार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था में सरकारी स्वामित्व और जनहित से जुड़े प्रावधानों से समझौता नहीं होना चाहिए। लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बिहार के लोगों को लाभ पहुंचाना है। निजी भागीदारों को जनहित को प्राथमिकता देते हुए काम करना होगा। सरकार उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं का बेहतर इस्तेमाल कर मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की क्षमता बढ़ाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों का स्वामित्व सरकार के पास ही रहेगा। इनके निजीकरण या स्वामित्व हस्तांतरण का प्रावधान नहीं होगा। सरकार और निजी भागीदार की जिम्मेदारियां भी अनुबंध में स्पष्ट रूप से तय की जायेगी ताकि संचालन में जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करते समय विद्यार्थियों के हितों, मरीजों के अधिकारों और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुरक्षित रखना जरूरी है। ब्राउनफील्ड मेडिकल कॉलेजों से जुड़े प्रस्तावों पर आगे की कार्रवाई में आधारभूत संरचना, संचालन व्यवस्था, शैक्षणिक गुणवत्ता और आम लोगों को मिलने वाली सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालयों के अस्पतालों को (शेष पृष्ठ 9 पर)

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे से पर्यटन और कारोबार को मिलेगी रफ्तार

विकास : कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद एवं गया की बदल जायेगी तस्वीर | बड़े पैमाने पर सृजित होंगे रोजगार के अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

इमामगंज/औरंगाबाद। वाराणसी-रांची-कोलकाता छह-लेन एक्सप्रेसवे के पूरा होने से कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले के क्षेत्रों में आवागमन की तस्वीर बदल जायेगी। इससे औरंगाबाद से वाराणसी, रांची और कोलकाता की यात्रा अधिक सुगम होगी। साथ ही झारखंड के पलामू के रास्ते छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से आने-जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर सड़क संपर्क मिल सकेगा। एक्सप्रेसवे बनने से एनटीपीसी नबीनगर की दोनों बिजली परियोजनाओं, अम्बा स्थित मां सतबहिनी मंदिर, देव के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर और मदनपुर के उमगा सूर्य मंदिर, कैमूर के मां मुंडेश्वरी मंदिर, रोहतास के रोहतास किला, शेरशाह स्मारक, तुतला भवानी सहित क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने की संभावना है। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ व्यापार, रोजगार और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का रास्ता भी खुलेगा। यात्रा समय और वाहनों के

परिचालन खर्च में कमी आने से माल ढुलाई तथा यात्री परिवहन को भी लाभ मिलेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन इस एक्सप्रेसवे के बिहार वाले हिस्से में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। गया जिले में इसके पैकेज-सात का लगभग 36 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। इस पैकेज पर 1,248.37 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसकी लंबाई 33.5 किलोमीटर है। परियोजना की प्रगति और तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना की ओर से शुक्रवार को मीडिया टूर आयोजित किया गया। इसमें पत्रकारों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर चल रहे कार्यों और तैयार हो रही संरचनाओं का जायजा लिया। करीब 672 किलोमीटर लंबा यह एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ेगा। इसके बनने से इन राज्यों के बीच सड़क परिवहन की क्षमता बढ़ने और प्रमुख शहरों तथा आर्थिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होने की उम्मीद है।

पर्यटन स्थलों को मिलेगा लाभ

एक्सप्रेसवे का लाभ केवल लंबी दूरी की यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा। बेहतर सड़क संपर्क से औरंगाबाद जिले के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को भी सुविधा मिलने की संभावना है। देव सूर्य मंदिर और उमगा सूर्य मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों के साथ अम्बा के मां सतबहिनी मंदिर तक पहुंच आसान होने से यहां पर्यटकों की आवाजाही बढ़ सकती है। इससे स्थानीय परिवहन, होटल, भोजनालय और अन्य पर्यटन आधारित व्यवसायों को भी अवसर मिल सकते हैं। वहीं, एनटीपीसी नबीनगर की दोनों बिजली परियोजनाओं के लिए बेहतर सड़क संपर्क औद्योगिक गतिविधियों और परिवहन व्यवस्था की दृष्टि से उपयोगी साबित हो सकता है। औरंगाबाद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह (शेष पृष्ठ 9 पर)

जनगणना में निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं कर्मी भी हो सकेंगे शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनगणना के काम के लिए लोगों की नियुक्ति से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने 16 अक्टूबर को जनगणना (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी की। इसके तहत सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, सरकारी विभागों के क्लर्क और अधिकारी तथा दूसरे उपयुक्त लोगों को जनगणना में एन्यूमरेटर यानी गणनाकर्मी की जिम्मेदारी दी जा सकेगी। इस बदलाव का उद्देश्य जनगणना के काम के लिए उपलब्ध लोगों के दायरे को स्पष्ट करना है। नए नियम अधिसूचना के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू हो गए हैं। नए नियमों में तीन श्रेणियों के लोगों को गणनाकर्मी के रूप में काम करने के लिए शामिल किया गया है। इनमें सरकारी, स्थानीय निकायों, सहायता प्राप्त और बिना सहायता वाले निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षक, केंद्र और राज्य सरकार के विभागों सहित विभिन्न संस्थानों के क्लर्क और अधिकारी तथा राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की ओर से उपयुक्त माने जाने वाले व्यक्ति शामिल हैं। नए नियमों के मुताबिक किसी भी सरकारी शिक्षण संस्थान, स्थानीय प्राधिकरण, सहायता प्राप्त या बिना सहायता वाले निजी संस्थान, सोसायटी या ट्रस्ट में काम करने वाले शिक्षक गणनाकर्मी बनाए जा सकते हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरण या किसी अन्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले क्लर्क और अधिकारी भी इस काम के लिए पात्र श्रेणी में रखे गए हैं।

रालोमो नेता ने किया एमएलसी चुनाव नहीं लड़ने का फैसला

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार विधान परिषद चुनाव को लेकर एनडीए के भीतर चल रहा विवाद सुलझता नजर आ रहा है। सारण शिक्षक निर्वाचन सीट पर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी के विरोध में निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा आरएलएम के नेता रामपुकार सिन्हा ने अपना नामांकन वापस लेने की घोषणा की है। पटना में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के तीन विधायकों के साथ पत्रकारों के सामने आए रामपुकार सिन्हा ने अपना पक्ष रखा। इस दौरान विधायकों ने स्पष्ट किया कि सारण सीट के अलावा विधान परिषद की बाकी सात सीटों पर भी उनका समर्थन एनडीए और जदयू के प्रत्याशियों को ही रहेगा। इस घोषणा को गठबंधन के भीतर जारी मतभेदों को दूर करने की दिशा में अहम घटनाक्रम माना जा रहा है।

बिहार में 1.64 लाख करोड़ की सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर की अध्यक्षता में बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, बाईपास निर्माण एवं रेल ओवर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के संबंध में शुक्रवार को आयोजित बैठक में 1.64 लाख करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दी गई। बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार तथा एनएचएआई की परियोजनाओं को मिलाकर कुल 2,424 किलोमीटर की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई, जिनकी कुल अनुमानित लागत 1,64,518 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार के अंतर्गत कुल 18 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इनकी कुल लंबाई लगभग 739 किलोमीटर तथा अनुमानित लागत 24,940 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में एनएच-333ए का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, दरभंगा-जयनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, बरियारपुर-बिशनपुर खंड, सीतामढ़ी-चिरौत खंड तथा विभिन्न बाईपास एवं चार लेन की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। प्रमुख बाईपास परियोजनाओं में जयनगर के उत्तर एवं दक्षिण बाईपास के साथ कमला नदी पर नए पुल का निर्माण, समस्तीपुर बाईपास, सिंघेश्वर एवं मधेपुरा बाईपास तथा डुमरांव बाईपास शामिल हैं। साथ ही रेल ओवर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं में एनएच-120 एवं एनएच -727 पर विभिन्न स्थानों पर आरओबी निर्माण के कार्य शामिल हैं। बैठक में एनएचएआई की 14 परियोजनाओं की स्वीकृति मिली। परियोजनाओं की कुल लंबाई लगभग 1,685 किलोमीटर तथा कुल अनुमानित लागत 1,39,578 करोड़ रुपये है। एनएचएआई की परियोजनाओं में गोरखपुर-किशनगंज-सिलीगुड़ी, रक्सौल-हल्दिया, बक्सर-भागलपुर, मुजफ्फरपुर-बरौनी, छपरा-रेवाघाट-मुजफ्फरपुर, पटना नॉर्दर्न रिंग रोड सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाएं शामिल हैं।

50 हजार रुपये रिश्वत लेते एसआई गिरफ्तार

बक्सर(नबिटा ब्यूरो)। सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को जिले में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते एक पुलिस अवर निरीक्षक को गिरफ्तार किया। इस मामले को लेकर निगरानी ब्यूरो के डीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने शुक्रवार को बताया कि ब्यूरो की टीम ने ब्रह्मपुर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार को थाना स्थित उनके कमरे से 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। डीजी ने बताया कि बक्सर जिले के बलुआ गांव निवासी शिकायतकर्ता अमरनाथ कुमार यादव ने ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी नीरज कुमार ब्रह्मपुर थाना में उनकी मां द्वारा 1 सितंबर, 2026 को दर्ज कराए गए आपराधिक मामले में उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे थे।

बिहार में वीबी-जी राम जी योजना में महिलाओं की 57.86% हिस्सेदारी

तीन महीने में 1.92 करोड़ मानव दिवस का सृजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में 1 जुलाई 2026 से मनरेगा के स्थान पर नए कलेवर और नाम से शुरू की गई वीबी-जी राम जी योजना अकुशल श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराने का मुख्य आधार बन गया है। इस योजना के तहत अब तक राज्यभर में 1 करोड़ 92 लाख 95 हजार मानव दिवस का सृजन किया जा चुका है। इसमें सबसे खास बात है कि सृजित कुल मानव दिवस में 1 करोड़ 11 लाख 64 हजार यानी करीब 57.86 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है। इस योजना के नए प्रावधान के तहत 125 दिन के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के मुताबकि सिर्फ तीन महीने में सृजित मानव दिवस में ग्रामीण महिलाओं की बढ़-चढ़कर हुई इस भागीदारी से महिला रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। महिला मानव दिवस का उल्लेखनीय सृजन मात्र एक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में ग्रामीण विकास विभाग की प्रतिबद्धता एवं किए जा रहे चौतरफा प्रयासों को दर्शाता है। ग्रामीण विकास और रोजगार की सुरक्षा के उद्देश्य से इस योजना के माध्यम से ऐतिहासिक पहल की गई है। ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना, स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना और तकनीक आधारित पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करना इसके मुख्य उदेश्य हैं। वीबी-जी राम जी योजना विकसित भारत की 2047 तक हासिल करने की परिकल्पना के आधार पर तैयार की गई है, ताकि विकसित भारत के इस लक्ष्य को ससमय प्राप्त किया जा सके। मनरेगा के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में जहां 100 दिनों की रोजगार गारंटी उपलब्ध कराई जाती थी, वहीं विकसित भारत-जी राम जी के अंतर्गत यह सीमा बढ़ाकर 125 दिन की कर दी गई है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम का फोकस मजदूरी आधारित रोजगार तक सीमित न रहकर आजीविका संवर्धन, सुदृढ़ ग्रामीण अवसंरचना निर्माण, उत्पादक परिसंपत्ति निर्माण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर है। इस नई योजना के तहत कार्यस्थलों पर बॉयोमेट्रिक एवं चेहरा सत्यापन, डिजिटल उपस्थिति एवं डिजिटल निगरानी की व्यवस्था लागू की गई है। इससे मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय हुई है। योजना के तहत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, हरित विकास और जलवायु लचीलापन को विशेष महत्व दिया गया है। इसके अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है जो ग्रामीण क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक सक्षम बना सके। विकसित भारत-जी राम जी की विशेषता यह भी है कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय बनाए रखा भी है। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और ग्राम पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप समग्र विकास योजनाएं तैयार करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में मजबूत निगरानी एवं प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था की गई है, ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास में वृद्धि हो सके।

विकसित भारत-जी राम जी योजना राज्य में ग्रामीण रोजगार और महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल बन रही है। मात्र तीन महीनों में 1 करोड़ 92 लाख 95 हजार मानव दिवस का सृजन और इसमें 57 फीसदी से अधिक महिलाओं की हिस्सेदारी महिला सशक्तिकरण की दिशा में विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बायोमैट्रिक और डिजिटल हाजिरी से योजना में पूरी पारदर्शिता आई है। यह योजना जल संरक्षण, टिकाऊ ग्रामीण विकास और विकसित बिहार के साथ विकसित भारत अ2047 के सपने को साकार करने की ओर एक ऐतिहासिक कदम है।

श्रवण कुमार
ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री

वाराणसी में निशांत कुमार के आगमन से पूर्व मंत्री श्रवण कुमार ने लिया तैयारियों का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आगामी 1 नवंबर को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के प्रस्तावित दौरे को लेकर जदयू पार्टी की तैयारियां चल रही हैं। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने शुक्रवार को इसका जायजा लिया। उन्होंने वाराणसी के लोहता बाजार स्थित शगुन पैलेस मैरिज हॉल में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी और कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के वाराणसी दौरे से जदयू संगठन को और मजबूती मिलेगी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल, उपाध्यक्ष सुशील कश्यप, कल्पनाथ वर्मा, रजनीश पटेल, शालिनी सिंह पटेल, महासचिव सुशील पटेल, अभिषेक राय, सुभाष पाठक, हरिशंकर पटेल, अवधेश पटेल, संजय सिंह पटेल, सचिव संतोष पटेल, अजय चौधरी, जय प्रकाश पटेल, अतुल प्रताप सिंह, प्रवीण पटेल, नौशाद खान, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता विनीत तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ ओम प्रकाश उपाध्याय, वाराणसी के जिला अध्यक्ष सच्चिदानंद ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष रामेश्वर पटेल (मिर्जापुर), जिला अध्यक्ष सचिन पटेल (सोनभ्रद), जिला अध्यक्ष साहब लाल पटेल (जौनपुर), जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी (बस्ती), जिला अध्यक्ष सर्वेश राय (भदोही), जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ शैलेंद्र राय, चंदौली के जिला संयोजक संजय सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में डॉ रणबीर नंदन ने खोला मां दुर्गा पट, धूमधाम से की माता की आरती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में शुक्रवार को अश्विन षष्ठी तिथि को बेल वृक्ष पर मां दुर्गा का आवाहन कर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने दुर्गा दरबार का पट खोला । इस संबंध में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. डॉ रणबीर नंदन ने बताया कि आज से आरती के पश्चात मां दुर्गा परिवार को पूजन विधिवत प्रारंभ हो जायेगा। प्रो. नंदन ने बताया कि सप्तमी तिथि से नवमी पयंत नित पूजन, पुष्पांजली, एवं भोग प्रसाद अर्पण किया जायेगा जो आमजन के लिए सुलभ होगा। प्रो. नंदन ने बताया कि शारदीय नवरात्र पूजा यहां बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां स्थापित पंचमुखी हनुमान, शंकर भगवान, भगवान राम दरवार, चित्रगुप्त भगवान, माता दक्षिण काली की पूजा विस्तृत रूप से नवरात्र में संपन्न की जायेगी। प्रो. नंदन ने पटना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी परिसर में आयें और मां दुर्गा का दर्शन कर भोग प्रसाद प्राप्त करें। इस मौके पर नम्रता नंदन,गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पुजारी मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूना बाबा, सत्यप्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, राकेश रंजन झा, अभिषेक सिन्हा,राजू चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद थे।

पूजा के अवसर तीन जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। आगामी पर्व-त्योहारों के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में चंडीगढ़ से बरौनी, शकुरबस्ती से पटना एवं झंझारपुर के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन किया जाएगा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 04536/04535 चंडीगढ़-बरौनी-चंडीगढ़ फेस्टिवल स्पेशल (हाजीपुर-छपरा-गोरखपुर-मुरादाबाद-यमुनानगर जगाधरी-अम्बाला कैंट के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04536 चंडीगढ़-बरौनी फेस्टिवल स्पेशल 23.10.2026 से 27.11.2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को चंडीगढ़ से 23.45 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए शनिवार को 20.20 बजे छपरा, 21.48 बजे सोनपुर, 22.00 बजे हाजीपुर, 23.00 बजे शाहपुर पटोरी रुकते हुए रविवार को 00.30 बजे बरौनी पहुंचेगी।

बिहार ग्रामीण बैंक ने मनाया विशेष स्वच्छता अभियान, साफ-सफाई का दिया संदेश

2101 शाखाओं और 26 नियंत्रण कार्यालयों के माध्यम से चलाया जा रहा अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देश पर बिहार ग्रामीण बैंक की ओर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस अभियान के तहत बैंक की सभी 2101 शाखाओं और 26 नियंत्रण कार्यालयों के माध्यम से आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बैंककर्मी विभिन्न गतिविधियों के जरिए स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय, पटना सहित बैंक के सभी स्तरों पर 'समर्पित स्वच्छता दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय परिसर के सामने बैनर और पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही परिसर में साफ-सफाई कर आम लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और अभियान में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने कहा कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार विशेष स्वच्छता अभियान-6 के तहत 'समर्पित स्वच्छता दिवस' का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ-सफाई में भाग लेकर आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक संजोय सिन्हा, उमाकांत चौधरी, नागेंद्र कुमार गुप्ता, मनोज कुमार भारद्वाज, राजेश कुमार पांडेय, दीपक कुमार, संजीव कुमार श्रीवास्तव (मुख्य संयोजक) और हिमांशु शर्मा सहित बैंक के बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रबंधक उपस्थित रहे। बैंक की ओर से 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्यालयों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है।

दुर्गा पूजा पर आशीर्वाद मना रहा मां के आंचल का उत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। इस दुर्गा पूजा पर आशीर्वाद की पहल 'जोत्रेर आंचल' के माध्यम से मां के आंचल को मातृत्व, स्नेह, सुरक्षा और अपनेपन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके तहत बागबाजार पंडाल में आने वाले लोग मिलकर एक लगातार बढ़ता आंचल तैयार करेंगे जिसमें हर व्यक्ति का योगदान सामूहिक श्रद्धांजलि का हिस्सा बनेगा। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन के स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के सीईओ अनुज रुस्तगी ने कहा कि यह पहल लोगों की व्यक्तिगत भावनाओं को सामुदायिक अभिव्यक्ति में बदलने का अवसर देती है। संदिप्ता सेन ने भी इस पहल का अनुभव लिया और मां के आंचल को सुकून, सुरक्षा और अपनापन देने वाला प्रतीक बताया। बागबाजार पंडाल के 'जोत्रेर आंचल एक्सपीरियंस जोन' में बंगाल की वस्त्र परंपराओं, एनिमेटेड टेक्सटाइल आर्ट और प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए मां दुर्गा की यात्रा को दर्शाया गया है। आगंतुक साड़ी के छह विशिष्ट मोटिफ अनलॉक कर अपना योगदान दे सकते हैं और डिजिटल स्मृति-चिह्न प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल कोलकाता के अलावा दुर्गापुर, बर्दवान, मेदिनीपुर और सिलीगुड़ी में भी आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य मातृत्व और देखभाल की भावना को सामूहिक रूप से सम्मान देना है।

इंदिरा आइवीएफ के नवरात्रि उत्सव में नारी शक्ति का सम्मान

डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं उनकी टीम की दुर्गा पूजा थीम पर प्रस्तुति विशेष आकर्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। नवरात्रि के पावन अवसर पर राजा बाजार स्थित इंदिरा आईवीएफ में श्रद्धा, संस्कृति और नारी सम्मान को समर्पित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नौ कन्याओं का विधिवत पूजन कर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेटियों को बचाने, उन्हें समान अवसर देने और जीवन के हर क्षेत्र में नारी शक्ति का सम्मान करने का संदेश दिया गया। समारोह का विशेष आकर्षण डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं उनकी टीम की दुर्गा पूजा की थीम पर आधारित सांस्कृतिक एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ रहीं। देवी आराधना, भक्ति और नारी शक्ति के भावों से सजी प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भारतीय परंपरा और लोकसंस्कृति के सुंदर संगम ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर इंदिरा आईवीएफ, पटना के सेंटर हेड एवं क्लिनिकल एम्ब्रायोलॉजिस्ट डॉ. दयानिधि ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना के साथ महिलाओं के प्रति सम्मान को अपने व्यवहार में उतारने का भी पर्व है। उन्होंने कहा 'मां दुर्गा की आराधना तभी सार्थक होगी, जब हर बेटी को सम्मान, सुरक्षा और अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलेगा। महिलाओं का सम्मान केवल नवरात्रि के नौ दिनों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे वर्ष और जीवनभर होना चाहिए।' डॉ. दयानिधि ने डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं उनकी टीम की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने आयोजन में योगदान देने वाले सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम टीम को जोड़ने के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करते हैं। इंदिरा आईवीएफ की सेंटर क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. सुनीता कुमारी ने कहा कि बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सपनों को प्राथमिकता देना परिवार एवं समाज की साझा जिम्मेदारी है। बेटियों को समान अवसर और सम्मान देकर ही एक बेहतर और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि नवरात्रि में घर-घर नारी शक्ति का वंदन किया जाता है। इस भावना को दैनिक जीवन में अपनाना भी उतना ही आवश्यक है।

विवेकानंद मेमोरियल एकेडमी में रामलीला एवं डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विवेकानंद मेमोरियल एकेडमी, न्यू जक्कनपुर, सुरभि पथ के प्रांगण में आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर रामलीला एवं डांडिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, कला और शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिन्हा ने किया। रामलीला का मंचन प्रद्युम्न पाठक तथा गौरव सिंह राजपूत की देखरेख में किया गया। इस दौरान कनिष्क शुभम, परीधि भारद्वाज, रुद्र भारद्वाज, उमंग, अन्नू, इनाया खान सहित अनेक बच्चों ने विभिन्न पात्रों का सुंदर अभिनय करते हुए रामलीला का मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया। रामलीला के समापन के बाद डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।

केवाइपी बचाओ महा आंदोलन 2.0 का आठवें दिन भी धरना जारी

1,731 केंद्रों को पूर्ववत संचालन के लिए आंदोलन तेज करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में 1,731 पूर्व संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों की बहाली की मांग को लेकर चल रहा 'केवाईपी बचाओ महा आंदोलन 2.0' शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा। केंद्र संचालकों ने आरोप लगाया कि पूर्व में कई दिनों तक चले धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल के बाद विभागीय वार्ता में सभी 1,731 केवाईपी केंद्रों को पूर्ववत संचालित करने पर सहमति बनी थी, लेकिन बाद में विभाग ने अपने आश्वासन से पीछे हटते हुए कार्यक्रम का स्वरूप बदलकर 'डिजिटल मित्र' कर दिया और केवल 871 केंद्रों को ही अवसर दिया। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह निर्णय पूर्व में बनी सहमति के विपरीत है। उनकी प्रमुख मांग है कि सभी 1,731 केवाईपी केंद्रों को पूर्ववत संचालन की अनुमति दी जाए, ताकि बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिल सके और केंद्र संचालकों की आजीविका भी सुरक्षित रह सके। आंदोलन के आठवें दिन केवाईपी केंद्र संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय निदेशक मनीष शंकर, विकास आयुक्त मिहिर कुमार तथा स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से मुलाकात करने की पहल की। प्रतिनिधियों का उद्देश्य सरकार और संबंधित अधिकारियों के समक्ष केंद्र संचालकों की समस्याओं एवं लंबित मांगों को प्रभावी ढंग से रखना है। केंद्र संचालक प्रतिनिधि डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को धरना से आगे बढ़ाकर विशाल प्रदर्शन का रूप देने की तैयारी की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर एक दिवसीय बिहार बंद आयोजित करने पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल केंद्र संचालकों के हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि बिहार के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने और पूर्व में संचालित प्रशिक्षण व्यवस्था को बहाल करने की लड़ाई है। उन्होंने सरकार से पूर्व सहमति का सम्मान करते हुए सभी 1,731 केवाईपी केंद्रों को पूर्ववत संचालित करने की मांग की।

गहन टिकट जांच अभियान में 336 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दानापुर। पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल द्वारा यात्रियों को उचित टिकट एवं वैध प्राधिकार के साथ यात्रा करने के लिए जागरूक करने तथा बिना टिकट/अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। मंडल रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा एवं रेलवे राजस्व की सुरक्षा के प्रति निरंतर सजग एवं सक्रिय है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशानुसार वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के नेतृत्व एवं सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार की उपस्थिति में वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम द्वारा पटना जंक्शन स्टेशन पर गहन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गाड़ी संख्या 12391 (श्रमजीवी एक्सप्रेस), 15510 (राज्य रानी एक्सप्रेस), 22644 (पटना एर्नाकुलम एक्सप्रेस), 18621 (पाटलिपुत्र एक्सप्रेस), 18626 (कोसी सुपर एक्सप्रेस), 12303 (पूर्वा एक्सप्रेस), 12367 (विक्रमशिला एक्सप्रेस) एवं 20801 (मगध एक्सप्रेस) में व्यापक टिकट जांच की गई। इस दौरान वातानुकूलित आरक्षित कोचों में भी यात्रियों के टिकट एवं यात्रा प्राधिकार की जांच की गई। इस विशेष अभियान के दौरान कुल 336 यात्रियों को बिना टिकट/अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिनसे रेलवे नियमों के तहत 2,25,120/- का जुर्माना वसूल किया गया। दानापुर मंडल द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध इस प्रकार के सघन एवं प्रभावी टिकट जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी के तीनों विधायक माने, जेडीयू के फायदे के साथ टूट का खतरा टला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी में टूट का खतरा टल गया। सारण शिक्षक सीट से रामपुकार सिन्हा एमएलसी का चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया था। नामांकन वापस ले लिया है इससे अब जेडीयू को यहां फायदा होगा। आरएलएम के चार में से तीन विधायक बागी होकर रामपुकार का समर्थन कर रहे थे। तीनों विधायक और रामपुकार अब एनडीए से सारण शिक्षक सीट से जेडीयू के प्रत्याशी पुष्कर आनंद का समर्थन करेंगे। रामपुकार सिन्हा को उपेंद्र कुशवाहा ने अनुशासनहीनता के आरोप में छह साल के लिए पार्टी से बाहर किया था। पटना में आरएलएम के बागी विधायक माधव आनंद, आलोक सिंह, रामेश्वर महतो और महासचिव सह प्रवक्ता रहे रामपुकार सिन्हा ने बैठक की। इसके बाद घोषणा की गई है कि राम पुकार सिन्हा सारण शिक्षक सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर विधान परिषद चुनाव नहीं लड़ेंगे। जानकारी दी गई कि उन्होंने नामांकन वापस ले लिया है। ऐलान किया गया कि तीनों विधायक और रामपुकार एनडीए से जेडीयू प्रत्याशी पुष्कर आनंद का समर्थन करेंगे। यह एनडीए के लिए राहत भरी खबर है। दूसरी ओर कुशवाहा की पार्टी में भी टूट का खतरा जो मंडरा रहा था वह भी फिलहाल टलता हुआ नजर आ रहा है।

पटना में 'डांडिया फेस्ट' की रही धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजधानी पटना के स्वर्ण महल, दीघा घाट में अनुराग मूवी के तत्वावधान में आयोजित ' डांडिया फेस्ट 2026' शानदार उत्साह, रंगारंग प्रस्तुतियों और दर्शकों की भागीदारी के बीच संपन्न हुआ। डांडिया और गरबा की धुनों, संगीत, नृत्य और आकर्षक सजावट से सजी इस शाम ने उपस्थित लोगों को उत्सव के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में जय सिंह राठौर, विमल पांडेय और पल्लवी गिरी की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जय सिंह राठौर अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी सेलिब्रिटी गेस्ट की मौजूदगी ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। डांडिया और गरबा के उत्साहपूर्ण माहौल में लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

अवधेश कुमार सिंह के निधन से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार शुक्रवार को खगड़िया में स्वर्गीय इंजीनियर अवधेश कुमार सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मानसी स्थित पैतृक आवास पर उन्होंने स्वर्गीय अवधेश जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने कहा कि अवधेश जी का निधन सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे समता पार्टी के स्थापना काल से ही संगठन से जुड़े रहे और अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में पार्टी तथा समाज के प्रति समर्पित भूमिका निभाई। संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सामाजिक सरोकार सदैव स्मरणीय रहेंगे। मंत्री ने स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक योगदान, जनसेवा के प्रति समर्पण और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका को याद किया। कहा कि अवधेश जी ने इंजीनियरिंग की शिक्षा लेने के बाद अपने सामने एक उज्ज्वल पेशेवर जीवन का अवसर होने के बावजूद सामाजिक कार्यों और जनसेवा को विशेष महत्व दिया। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़कर काम किया। उनका जीवन उदाहरण है कि शिक्षा, योग्यता और अनुभव का वास्तविक महत्व तब ही है जब उनका उपयोग समाज के हित के लिए किया जाए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अवधेश जी के सामाजिक जीवन, विचारों और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को याद किया गया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

वेद मंत्रों व शंख ध्वनि के बीच रामकृष्ण आश्रम में खुले मां दुर्गा के पट

पूजा पंडालों से लेकर मुख्य सड़कों तक जगमगाया शहर, पुलिस व दंडाधिकारी तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर शुक्रवार की शाम पाली रोड स्थित श्री रामकृष्ण आश्रम में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के पट देवी के अधिवास के बाद वैदिक मंत्रोच्चार और शंख ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। शहर के अन्य पूजा पंडालों के पट शनिवार की शाम खुलेंगे। नवरात्र को लेकर डिहरी-डालमियानगर नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में उत्सवी माहौल है। पूजा पंडालों से लेकर मुख्य सड़कों तक विद्युत झालरों की रोशनी से जगमग हो रही हैं। वहीं, देवी गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। रामकृष्ण आश्रम का पूजा पंडाल भी आकर्षक सजावट और दिव्य आभा से जगमगा उठा है। आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप दास के अनुसार शनिवार को नवपत्रिका प्रवेश, रविवार को महाअष्टमी पूजा, सोमवार को कुमारी पूजा, संधि पूजा और बलिदान तथा मंगलवार को हवन किया जाएगा। बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। शनिवार से मंगलवार तक नियमित रूप से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

पूजा पंडालों पर पुलिस और दंडाधिकारी तैनात : एसडीएम

अनुमंडल क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों पर शनिवार को पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी को निर्धारित स्थलों पर तैनात किया गया है। एसडीएम नीलेश कुमार ने बताया कि संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ वह स्वयं भी औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विजयादशमी उमंग और उत्साह का पर्व है। यह पर्व लोगों को अपने भीतर की बुराइयों को दूर करने तथा समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। एसडीएम ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अफवाह फैलाने वालों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सादे कपड़ों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है।

खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, गांव में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चांद (कैमूर)। कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरहिरा गांव में शुक्रवार दोपहर एक व्यक्ति द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई, वहीं मृतक के परिवार में मातम छा गया। मृतक की पहचान लगभग 40 वर्षीय शशिकांत त्रिपाठी, पिता पारस तिवारी के रूप में बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही चांद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटनास्थल पर एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) की टीम भी पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई।

मिली जानकारी के अनुसार शशिकांत त्रिपाठी को कुछ दिन पहले बिजली का झटका लगा था।

पुलिस-प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दुर्गावती (कैमूर)। नवरात्र एवं दशहरा पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम दुर्गावती पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं दुर्गावती थानाध्यक्ष गिरीश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में निकले फ्लैग मार्च में भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च दुर्गावती बाजार से शुरू होकर यूपी-बिहार सीमा के ककरैत घाट पथ, खजुरा बाजार, कर्मशा, टोल प्लाजा डिडखिली सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस बल ने लोगों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त करते हुए पर्व के दौरान शांति बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक कुमार एवं थानाध्यक्ष गिरीश कुमार ने संयुक्त रूप से क्षेत्रवासियों से नवरात्र एवं दशहरा का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने तथा असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। साथ ही आम लोगों से प्रशासन का सहयोग करने और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई।

चाकू से घायल महिला की मौत, सड़क जाम

रीता देवी की मौत पर भड़के ग्रामीण, पुलिस चौकी खोलने और मुआवजे की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। रोहतास जिले के धर्मपुरा थाना क्षेत्र के रोपहथा गांव निवासी 50 वर्षीय रीता देवी की चाकू से हमला किए जाने के बाद मौत हो गई। गुरुवार दोपहर नावाडीह गांव के मोड़ स्थित तीनमुहानी के पास वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली थीं। इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाए जाने के दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने बरांव-दिनारा पथ पर शव रखकर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए पुलिस चौकी खोलने और मृतका के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। मृतका की पहचान मुन्ना राम की पत्नी रीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर रीता देवी पैदल कहीं जा रही थीं। उनके हाथ में एक झोला था जिसमें थोड़ा चावल रखा हुआ था। इसी दौरान नावाडीह मोड़ के पास तीनमुहानी पर उन पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल होकर वह सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बरांव उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां से एंबुलेंस के जरिए सासाराम ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया। हालांकि, मोहनिया ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर एसपी और डीएम को बुलाने की मांग की। उनका कहना था कि क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित होने से आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की। सड़क जाम की सूचना मिलने पर धर्मपुरा थानाध्यक्ष रविरंजन गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाकर सड़क जाम समाप्त कराया।

नहीं जल रही स्ट्रीट लाइट, तीन हजार स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए निकाली निविदा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र में दशहरा पर भी नगर की गलियां अंधेरी रहेगी। लगभग सभी वार्डों में दर्जनों स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही। नगर विकास विभाग ने दशहरा के पूर्व रोशनी को ले खराब पड़े स्ट्रीट लाइट के मरम्मत कराने का निर्देश दिया था जिसे नप ने निविदा प्रक्रिया को लेकर सशक्त स्थायी समिति और नगर परिषद प्रशासन के बीच असहमति के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में स्ट्रीट लाइट मरम्मत का कार्य समय पर पूरा हो पाएगा या नहीं, इस पर संशय बना हुआ है। नप इओ ने सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों से

14 अक्टूबर को खराब पड़े स्ट्रीट लाइट के जेम्स पोर्टल से प्राप्त टेंडर को खोलने को ले आमंत्रित किया था, लेकिन कोई सदस्य नहीं आये। मुख्य पार्षद शशि कुमारी के अनुसार नगर परिषद प्रशासन ने सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों से तकनीकी बिड खोलने की प्रक्रिया में सहयोग करने का अनुरोध किया था। पत्र के अनुसार सदस्यों से 14 अक्टूबर को अपनी सहमति एवं समय लिखित रूप में उपलब्ध कराने तथा निर्धारित तिथि को तकनीकी बिड खोलने की प्रक्रिया में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया था। यदि किसी सदस्य को निविदा के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो तो उसे लिखित रूप में देने को कहा गया था। निविदा रद्द करने अथवा यथावत रखने के संबंध में समिति का निर्णय भी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। नगर परिषद इओ ने स्पष्ट किया है कि निविदा प्रक्रिया में आगे जो भी विलंब होगा अथवा नगर परिषद या आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा या क्षति होगी, उसकी जिम्मेदारी संबंधित सशक्त स्थायी समिति की होगी। शहर में दशहरा के दौरान प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों और विभिन्न वार्डों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नागरिकों की सुरक्षा और आवागमन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। ऐसे में स्ट्रीट लाइट लगाने की निविदा प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी होने पर योजना के क्रियान्वयन पर असर पड़ सकता है। इस बीच नगर परिषद ने शहर के 39 वार्डों में कुल 3000 स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए निविदा जारी की है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की ओर से जारी निविदा आमंत्रण सूचना के अनुसार बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के तहत 1500 स्ट्रीट लाइट वार्ड संख्या 1 से 20 तक तथा अन्य 1500 स्ट्रीट लाइट वार्ड संख्या 21 से 39 तक लगाने की योजना है। दोनों कार्यों के लिए अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। प्रत्येक कार्य की अनुमानित राशि 1,26,70,125 रुपये निर्धारित की गई है। इस प्रकार दोनों योजनाओं की कुल अनुमानित लागत 2,53,40,250 रुपये है। कार्य पूरा करने की अवधि चार माह निर्धारित की गई है। निविदा सूचना के मुताबिक 9 अक्टूबर 2026 को निविदा आमंत्रण जारी किया गया। तकनीकी एवं वित्तीय बिड 17 नवंबर 2026 को अपराह्न 3:30 बजे के बाद खोली जानी है।

जनता दरबार में 98 परिवादियों की सुनी गईं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए। जानकारी के अनुसार जनता दरबार में कुल 98 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई जिनमें भूमि विवाद से संबंधित 54 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 16 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 28 परिवाद शामिल थे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया और कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान 26 परिवादियों के आवेदनों पर मौके पर ही सुनवाई करते हुए उनका निष्पादन कर दिया गया जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई करने के लिए कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने परिवादियों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी शिकायतों पर नियमानुसार निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और आम नागरिक अपनी समस्याओं को जनता दरबार के माध्यम से सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। जनता दरबार के आयोजन से लोगों में काफी संतोष देखा गया और लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की। प्रशासन ने बताया कि इस तरह के जनता दरबार का आयोजन आगे भी नियमित रूप से किया जाता रहेगा ताकि आम लोगों की समस्याओं का समाधान उनके ही अनुमंडल में हो सके।

प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण, 60 किसानों ने सीखे गुर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज प्रखंड के जमोड़ी पंचायत के जमोड़ी ग्राम में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर, जमोड़ी पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, नवीन चंद्र शाह, जिला 20 सूत्री सदस्य रोहतास, उप सरपंच पार्वती देवी, सहायक तकनीकी प्रबंधक, कुमारी रागनी चौहान, समन्वयक अशोक कुमार सिंह और किसान सलाहकार ब्रजेश प्रसाद सहित लगभग 60 किसानों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व आत्मा अध्यक्ष गजेंद्र बहादुर, संजय राय, मुनमुन राय, बबलू राय, संत कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, नयन देवी समेत कई प्रमुख

किसान मौजूद रहे। प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल भी कराया गया। प्रैक्टिकल में जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी, नीमास्त्र, अग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र आदि बनाकर दिखाया गया। उसे बनाने की विधि बताई गई। कार्यक्रम में किसानों ने बताया कि प्राकृतिक खेती किसानों के लिए काफी फायदेमंद है। नोनहर पंचायत से आए किसान संत कुमार सिंह ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे पिछले दो साल से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं और बिना केमिकल उर्वरक के खेती करना एकदम आसान है। बस किसानों को थोड़ा जागरूक रहने और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है और किसान अपनी आमदनी भी बढ़ा सकते हैं।

जेडीएस पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा पर दिखी भारतीय संस्कृति की मनमोहक छटा

नवदुर्गा के स्वरूप में बच्चियों ने मोहा मन, डांडिया नृत्य ने बांधा समां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। इंद्रपुरी स्थित जेडीएस पब्लिक स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने नौ देवियों के विभिन्न स्वरूपों को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति, आस्था और नारी शक्ति का संदेश दिया। वहीं विद्यार्थियों के पारंपरिक डांडिया नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सीए संजय सिंह, निदेशक विजय सिंह और प्रधानाचार्य कुणाल केशव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद मां दुर्गा की आरती की गई। पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज

उठा। कार्यक्रम में नवदुर्गा के स्वरूप में सजी बच्चियों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में विद्यार्थियों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव में चार चांद लगा दिए। उनकी प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति श्रद्धा व उत्साह झलका। प्रधानाचार्य कुणाल केशव ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अनुशासन विकसित करने के साथ उन्हें भारतीय संस्कृति से जोड़ते हैं। मौके पर शिक्षिका माधुरी सिंह, सुमन सिंह, श्रुति तिवारी, स्निग्धा कुमारी तथा शिक्षक प्रभात कुमार, आनंद कुमार, अविनाश ओझा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उत्साहपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का समापन हुआ।

दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर रेल डीएसपी ने जीआरपी थाना का किया निरीक्षण

स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश, अनधिकृत रूप से घूमने वालों पर होगी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। दुर्गा पूजा और दशहरा के दौरान रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेल पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार की शाम रेल डीएसपी गुलशन कुमार ने रेलवे स्टेशन और जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रेल डीएसपी ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करें। स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर अनधिकृत रूप से घूमने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान रेल डीएसपी ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म और यात्रियों की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों के स्टेशन पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें और भीड़ के बीच किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल ध्यान दें। रेल डीएसपी गुलशन कुमार ने स्पष्ट किया कि स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर अनधिकृत रूप से घूमने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखें और आवश्यकता पड़ने पर उनकी जांच करते हुए कानून के अनुरूप कार्रवाई करें। स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही को व्यवस्थित बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस की सक्रियता जरूरी है।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने किया निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। अधिवक्ता संघ सिविल कोर्ट सासाराम में भाजपा विधि प्रकोष्ठ रोहतास के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में रोहतास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के तरफ से निः शुल्क विधिक परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आये हुए बहुत सारे लोगों को प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं द्वारा विधिक परामर्श दिया गया। विधिक परामर्श देने वालों में मुख्य रूप से प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा के अलावे सह संयोजक संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार, शशि भूषण सिंह, प्रवक्ता प्रतिभा पल्लवी एवं विनोद कुमार, अरुण कुमार, राज बिहारी सिंह, अनिल कुमार, तेज उपेंद्र नारायण, ज्योति कुमार, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 13/ 2026-27 (2nd Call)

S. No.	Name of Work	Estimated Cost (in Rs.)	Amount of Earnest Money(Rs.)	Cost of Tender Paper(Rs.)	Time Completion of Work
1	3	4	5	6	7
1	पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अन्तर्गत ग्राम दरूआ में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2406300	48200	5000	4 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.10.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 24.10.2026 (अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 31.10.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 03.11.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR.NO.392013 District(26-27):D

आरपीएफ डिहरी ने घायल यात्री का कराया इलाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर डिहरी ऑन-सोन से सूचना प्राप्त हुआ कि एक घायल व्यक्ति किलोमीटर संख्या 551/26 पर सोननगर साइड में रिवर्सिबल लाइन के बगल में पड़ा था जिसे पीडब्लूआइ स्टाफ के द्वारा और हटाकर टाली पर रखा गया है। उक्त प्राप्त सूचना पर सोन नगर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरक्षी कमल राज एवं आरक्षी आर आर के सिंह एवं डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी बी के सिंह घटनास्थल पर तत्काल पहुंचते हुए उक्त घायल व्यक्ति को जिसके सर एवं हाथ पैर में चोट लगी थी जिसे अनुमंडल अस्पताल डिहरी ऑन सोन ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत उक्त घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल सासाराम में उचित इलाज हेतु रेफर किया गया जिसे प्रधान आरक्षी बी के सिंह एवं प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड राहुल कुमार सोनी के साथ सदर अस्पताल सासाराम में अग्रिम इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति की स्थिति सामान्य है। नाम और पता पूछने पर घायल व्यक्ति ने अपना नाम-सूरज कुमार पिता-अजय सोनी बताया है तथा अभी आगे कुछ भी नहीं बता पा रहा है।

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar

Short e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.)	Time for completion
1	286/PR/JBVNL/2026-27	Provision of RCC floor in campus of TRW, Daltonganj under Electric Supply Circle, Daltonganj	3,99,900.00	8000/–	750.00+136.00 (GST 18%) = 886.00	45 days
Availability of tender document on website				16.10.2026 2:00 PM to 30.10.2026 at 3:00 PM		
Last date and time for bid submission/uploading				30.10.2026 at 3:00 PM		
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)				31.10.2026 at 3:30 PM		
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)				will be communicated later on		
Tendering Officer and address for communication				GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar		

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 392026 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar

e-TENDER NOTICE

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.)	Time for completion
1	285/PR/JBVNL/2026-27	Repair and maintenance of front side boundary wall (south side) of Electric Supply Area, Medininagar	3,95,400.00	8000/–	750.00+136.00 (GST 18%) = 886.00	60 days
Availability of tender document on website				16.10.2026 2:00 PM to 09.11.2026 at 3:00 PM		
Last date and time for bid submission/uploading				09.11.2026 at 3:00 PM		
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)				10.11.2026 at 3:30 PM		
Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part)				will be communicated later on		
Tendering Officer and address for communication				GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar		

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager cum Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 392010 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर पटना में जुटेंगे हजारों लोग

बड़ी संख्या में लोगों से जुटने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती पर 25 अक्टूबर को पटना में समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह गुरुवार को नवादा पहुंचे। उन्होंने जिलेवासियों से समारोह में हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील की। इस दौरान सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह बिहार के महान निर्माता थे। उन्होंने एक ऐसे विकसित बिहार की परिकल्पना की थी, जिसका विकास आने वाले वर्षों तक निरंतर जारी रहे। उनके योगदान और विचारों को याद करना तथा नई पीढ़ी तक उनके आदर्शों को पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने नवादा के लोगों से 25 अक्टूबर को पटना पहुंचकर जयंती समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। उनके आमंत्रण पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों ने एकजुट होकर समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह, हिसुआ की पूर्व विधायक नीतू सिंह, कांग्रेस नेता शेखर सिंह उर्फ पप्पू सिंह, विकास कुमार, गोरेलाल सिंह, अक्षय कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष बंगाली पासवान, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू, इंटक के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मोहम्मद राजा भट्ट बने जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अशरफ अंसारी ने नवादा निवासी मोहम्मद राजा भट्ट को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से स्थानीय जदयू कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। मोहम्मद राजा भट्ट को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नवादा जिले में पार्टी का संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। बधाई देने वाले नेताओं ने कहा कि मोहम्मद राजा भट्ट को मिली यह जिम्मेदारी पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संगठन का विस्तार करेंगे और अधिक से अधिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को जनता दल यूनाइटेड से जोड़ने का

दशहरा पर नवादा में विहिप-बजरंग दल का सेवा शिविर, विधायक विभा देवी करेंगी उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। दशहरा एवं नवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी की ओर से इस वर्ष भी नवादा में सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन विधायक विभा देवी के द्वारा किया जाएगा। शिविर अस्पताल रोड स्थित सदर अस्पताल के मुख्य गेट के बगल में लगाया जाएगा।

संगठन की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की सहायता और जनसेवा के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। संगठन का मुख्य ध्येय 'सेवा, सुरक्षा और संस्कार' है। दशहरा एवं नवरात्रि के दौरान मेले और धार्मिक आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिविर के माध्यम से श्रद्धालुओं को पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, खोया-पाया संबंधी सहायता एवं मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यवस्था बनाए रखने तथा महिलाओं की सुरक्षा में सहयोग के लिए कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे। इस आयोजन में नगर टोली के अंकित आर्या, नगर संयोजक सौरभ कुमार बिट्टू, नगर सह संयोजक रजनीश कुमार, नगर सुरक्षा प्रमुख सचिन कुमार, नगर विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार, नगर मठ-मंदिर प्रमुख नीरज भगत, विहिप नगर उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, नगर सह मंत्री अजीत भगत एवं वरुण कुमार सिन्हा, विहिप नगर मंत्री मनोज कुमार, नगर अध्यक्ष अटल कुमार, शंकर कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। जिला टोली से विहिप जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला मंत्री सुबोध लाल, विभाग संयोजक विनय भाई ठाकरे, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल बिहार अभिमन्यु तथा पूर्व जिला संयोजक दिवाकर सिंह की भी सहभागिता रहेगी।

आयोजकों ने श्रद्धालुओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

एक नजर

नौ संदिग्ध व्यक्तियों पर लगा सीसीए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। दुर्गा पूजा और छठ पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने नारदीगंज थाना क्षेत्र के नौ संदिग्ध व्यक्तियों पर सीसीए के तहत कड़ी कार्रवाई की है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर इन सभी को आगामी छठ पूजा तक प्रतिदिन दूसरे थानों में अपनी हाजिरी लगानी होगी। नारदीगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है और त्योहारों में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। प्रशासन के इस कदम से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा है।

दुर्गा पूजा को लेकर कौआकोल पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कौआकोल पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान कौआकोल थाना की पुलिस बल के अलावे जिला से आए अतिरिक्त पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा पर्व को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने लोगों को यह संदेश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस सतर्क है। साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था कायम रहे। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि वे दुर्गा पूजा का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाली गतिविधियों से दूर रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

दुर्गा पूजा को लेकर नवादा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 372 स्थानों पर फोर्स तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। दुर्गा पूजा (11 से 20 अक्टूबर) को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। डीएम रवि प्रकाश एवं एसपी अभिनव धीमान ने संयुक्त आदेश जारी कर नवादा सदर के 224 और रजौली के 148 संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की है। विधि-व्यवस्था के संपूर्ण वरीय प्रभार में डीडीसी शंभु शरण पाण्डेय तथा डीएसपी (मुख्यालय) निशु मल्लिक रहेंगे। संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकालने के साथ नवादा सदर के मुख्य प्रवेश द्वारों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। बाइकर्स व असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण व आपात स्थिति से निपटने के लिए ड्रोन, वॉच टावर, सीसीटीवी, वाटर कैनन और अग्निशमन दस्ते मुस्तैद रहेंगे। सोशल मीडिया पर अफवाह और भ्रामक संदेश फैलाने वालों पर आईटी सेल कड़ी निगरानी रखेगा। 17 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से जिला नियंत्रण कक्ष (06324-212261) सक्रिय हो जाएगा, जिसके वरीय प्रभार में एडीएम मनोज कुमार रहेंगे।

प्रमुख हेल्पलाइन नंबरः

पुलिस नियंत्रण कक्षः 06324-212263

अनुमंडल नियंत्रण कक्षः नवादा सदर (06324-212238/6287891486), रजौली (7979769483/9939503688)

स्वास्थ्य विभागः नवादा (06324-217472), रजौली (7903777730)

अग्निशमनः 06324-212586 | मद्य निषेधः 8544424181

विद्युत प्रमंडलः नवादा (7033095811), रजौली (7369001361)

प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देकर सौहार्द बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

लोकसभा चुनाव तक मांग पूरी नहीं हुई तो नहीं लड़ूंगा चुनावः प्रशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने नवादा में शिक्षकों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर उनकी समस्याओं, वेतनमान और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। स्थानीय द बुद्धा रीजेंसी में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को सातवां वेतनमान दिलाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। साथ ही नवादा से स्नातक एमएलसी उम्मीदवार डॉ. अनुज सिंह और शिक्षक प्रतिनिधि उम्मीदवार डॉ. दिव्या ज्योति को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसंवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने शिक्षकों के वेतनमान से जुड़े मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि शिक्षकों को सातवां वेतनमान दिलाने की मांग महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस मुद्दे को शिक्षकों के हितों और उनके अधिकारों से जोड़ते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों की समस्याओं का समाधान आवश्यक है। शिक्षकों को उचित वेतनमान और सम्मान मिलना चाहिए, ताकि वे बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। प्रशांत किशोर ने सातवें वेतनमान को लेकर अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा, "लोकसभा चुनाव तक सातवां वेतनमान नहीं मिलने पर चुनाव नहीं लड़ूंगा।" उनके इस बयान को शिक्षकों के वेतनमान के मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से जुड़े सवालों को गंभीरता से उठाने और उनके समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों की समस्याओं को समझना और उनका समाधान करना जरूरी है। शिक्षकों की भूमिका केवल विद्यार्थियों को पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज और राज्य के भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ऐसे में उनकी मांगों और समस्याओं की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

निबंधक के अमर्यादित भाषा प्रयोग पर जताया कड़ा रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर(नवादा)। बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ नवादा इकाई की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान निबंधक द्वारा कथित रूप से अमर्यादित भाषा के प्रयोग पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इस घटना की घोर निंदा की गई और संघ के प्रांतीय आह्वान पर 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ महीनों से वेतन लंबित रहने के कारण पदाधिकारियों और उनके परिवारों को भारी आर्थिक संकट व पर्व-त्योहारों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर इस प्रकार का अपमानजनक व्यवहार प्रशासनिक मर्यादा के प्रतिकूल है। संघ ने लंबित वेतन के त्वरित भुगतान और उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार व सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। इस दौरान नवादा इकाई के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, जिला मंत्री विद्यानंद कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार व अजय निराला, कोषाध्यक्ष शशिकांत मंडल, संरक्षक रविकांत कुमार, शशिकांत वर्मा, शशिकांत निराला, उपेन्द्र पासवान, राकेश कुमार, समीर कुमार, संतोष कुमार, मनीष कुमार, शशिभूषण सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

रात्रि रक्त पट्टी सर्वे की शुरूआत, एकत्र किये रक्त नमूने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुधौली में बुधवार की शाम फाइलेरिया जांच के लिए रात्रि रक्त पट्टी सर्वे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बुधौली पंचायत के मुखिया ललन पासवान एवं बीएचएम एमएच रहमान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीसीएम रेणुका कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के पूजा कुमारी, लैब टेक्नीशियन धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, एएनएम एलिसाबा कुंडुलाना, आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि फाइलेरिया की जांच के लिए रात्रि में रक्त के नमूने लिए जाते हैं। इसके लिए रात 10 बजे के बाद लाभार्थियों का रक्त संग्रह कर उसकी स्लाइड तैयार की जाती है। बाद में इन स्लाइडों की जांच कर फाइलेरिया के संक्रमण का पता लगाया जाता है।

सर्वे के पहले दिन कुल 53 लाभार्थियों के रक्त के नमूने एकत्र किए गए। बुधौली पंचायत में यह अभियान लगातार चार दिनों तक चलाया जाएगा। इस दौरान कुल 300 लाभार्थियों के रक्त नमूनों की स्लाइड तैयार कर जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उत्पाद सिपाही हत्या मामले में दारोगा पुष्पा कुमारी समेत पांच गिरफ्तार

शराब तस्करों की फायरिंग की कहानी निकली झूठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। उत्पाद विभाग के सिपाही अजीत की मौत के मामले में जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआती तौर पर शराब तस्करों की फायरिंग में सिपाही की मौत होने की बात कही गई थी, लेकिन जांच में यह कहानी गलत निकली। मामले में उत्पाद विभाग की दारोगा पुष्पा कुमारी और दो होमगार्ड जवानों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सभी आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।एसपी हृदयकांत ने बताया कि जांच में सामने आया है कि सिपाही अजीत की मौत शराब तस्करों की गोली से नहीं, बल्कि टीम के एक होमगार्ड जवान की राइफल से चली गोली लगने के कारण हुई थी। शराब की खेप लेकर जा रहे वाहन का पीछा करने के दौरान यह घटना हुई थी।गोली लगने के बाद अजीत को पावापुरी स्थित विम्स में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।जांच में घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को देने में देरी का मामला भी सामने आया है। आरोप है कि टीम के नालंदा से बाहर निकलने के बाद फोन पर सिपाही के शराब तस्करों की गोलीबारी में घायल होने की सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए एसआईटी गठित की गई थी। टीम गोली चलने की परिस्थितियों और संबंधित कर्मियों की भूमिका की जांच कर रही है। मामले में सिपाही अजीत और दारोगा पुष्पा कुमारी के बीच कथित प्रेम प्रसंग की चर्चा भी है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। एसपी ने कहा कि सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। चंडी थाना क्षेत्र के एनएच-431 पर जैतीपुर मोड़-हरनौत सड़क में गोपी बिगहा गांव के पास गुरुवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका फुफेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।मृतक की पहचान नगरनौसा थाना क्षेत्र के महम्मदपुर गांव निवासी अरुण मिस्त्री के पुत्र जोशन कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। वहीं, जख्मी युवक चंडी थाना क्षेत्र के भासीन बिगहा गांव निवासी छोटे शर्मा का पुत्र मनीष कुमार है।थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि जोशन कुमार अपने फुफेरे भाई मनीष कुमार के साथ भासीन बिगहा जा रहा था। इसी दौरान गोपी बिगहा गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जोशन की मौत हो गई, जबकि मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हत्याकांड का खुलासा, पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र में 14 अक्टूबर 2026 को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक अनुसंधान में हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग का मामला सामने आया है। हालांकि, घटना से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। हत्या की घटना को लेकर प्राप्त लिखित आवेदन के आधार पर कतरीसराय थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, नालंदा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मृतक की पत्नी कमोद देवी निवासी तरौनी गांव, थाना कतरीसराय तथा टुनटुन चैधरी उर्फ मुखिया निवासी बहादुरगंज गांव, थाना कतरीसराय को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कांड से संबंधित साक्ष्य जुटाने के साथ अन्य पहलुओं पर भी अनुसंधान कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह गिरियक अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, कतरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह और मनीष कुमार शामिल थे।

साइकिल से गिरकर किशोर की मौत

सरमेरा। थाना क्षेत्र के एरूआ पर गांव के समीप साइकिल से गिरने के कारण एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान चेरो गांव निवासी इंद्रमणि तिवारी के पुत्र रूद्रमणि तिवारी के रूप में की गई है। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी असामयिक मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, रूद्रमणि तिवारी साइकिल से अपने गांव चेरो से कोचिंग पढ़ने के लिए सरमेरा जा रहा था। इसी दौरान एरूआ पर गांव के समीप वह अचानक साइकिल से सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों के सहयोग से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सरमेरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा, तीन गिरफ्तार

बिहारशरीफ। हिलसा थाना क्षेत्र के दबौल टोला में एसटीएफ पटना और हिलसा पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर कथित मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से चार देसी कट्टा, दो मोबाइल और अवैध हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसटीएफ पटना के माध्यम से सूचना मिली कि दबौल टोला निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा के घर में मिनी गन फैक्ट्री संचालित कर अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसटीएफ और हिलसा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने घर में विधिवत छापेमारी और तलाशी ली। इस दौरान हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के साथ चार देसी कट्टा और दो मोबाइल बरामद किए गए। मामले में लालती देवी, महेंद्र प्रसाद और शैलेश पासवान को गिरफ्तार किया गया। प्राथमिकी में कुल सात लोगों को आरोपित किया गया। इनमें जितेन्द्र विश्वकर्मा, सूरज कुमार, पप्पू विश्वकर्मा और भगौली विश्वकर्मा सहित अन्य के नाम शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अवैध हथियार निर्माण से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है।

गैस रिसाव से लगी आग

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ में पानी गर्म करने के दौरान गैस रिसाव से तीसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसके बाद एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। हादसे में कमरे में रखा करीब 30 हजार रुपये नकद समेत पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, किराएदार सुलेखा देवी और उनकी नतिनी ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली।

सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों से रूबरू हुए बीएड प्रशिक्षु

राजगीर में वीरायतन बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं का शैक्षणिक भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। वीरायतन बीएड कॉलेज, पावापुरी के प्रशिक्षु शिक्षकों का वीरायतन राजगीर में शैक्षणिक भ्रमण एवं ओपन एयर लर्निंग सत्र आयोजित किया गया। पूज्या ताई मां के सेवा, करुणा और मानवता के आदर्शों से प्रेरित इस कार्यक्रम में बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2026-28 एवं द्वितीय वर्ष सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु शिक्षकों ने पार्श्व जिनालय, ब्राह्मी कला मंदिरम्, नेत्र ज्योति सेवा मंदिरम्, दंत चिकित्सा इकाई, एनजेएसएम डायग्नोस्टिक सेंटर, ज्ञानांजलि पुस्तकालय, सप्तपर्णी एवं गौतम गुरुकुल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें आध्यात्मिक विरासत, कला-संस्कृति, शिक्षा और सामाजिक सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। ओपन एयर लर्निंग सत्र में 'शिक्षा, सेवा, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व में शिक्षक की भूमिका' विषय पर समूह चर्चा, प्रश्नोत्तरी और शैक्षणिक संवाद आयोजित किए गए।समापन सत्र में चेयरपर्सन साध्वी डॉ. संप्रज्ञा जी एवं वीरायतन के प्रबंधक अंजनी कुमार ने सेवा-भाव और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार त्रिवेदी ने कहा कि आदर्श शिक्षक का दायित्व ज्ञान देने के साथ विद्यार्थियों में अनुशासन, मानवीय मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है।कार्यक्रम का संचालन शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी मंगल प्रसाद एवं ओपन एयर लर्निंग प्रभारी राजीव कुमार के दिशा-निर्देशन में हुआ।

बीपीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। शहर के रेलवे स्टेशन के पश्चिम स्थित देवनगर में संचालित बीपीएस पब्लिक स्कूल में दशहरा एवं दुर्गापूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं अभिनय कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भारत माता, मां काली, मां दुर्गा, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय सहित विभिन्न देवी-देवताओं का रूप धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा, प्रभावशाली अभिनय और आत्मविश्वास ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय और उत्सवी माहौल से सराबोर रहा।विद्यालय के निदेशक संतोष कुमार पार्थ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को दशहरा एवं दुर्गापूजा की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना है। ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन की भावना विकसित होती है।वहीं, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां भी जरूरी हैं। इससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक समझ और कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे मंच बच्चों को अपनी छिपी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

सिपाही अजीत कुमार की हत्या पर सांसद ने जताया शोक

दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। उत्पाद विभाग के सिपाही अजीत कुमार की हत्या के बाद नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने नगरनौसा प्रखंड की अरियावां पंचायत के नगमा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत सिपाही के आवास पर पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की और दुख की इस घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया। सांसद ने ईश्वर से प्रार्थना की कि पीडित परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति मिले। इस दौरान सांसद कौशलेंद्र कुमार ने अजीत कुमार की हत्या को बेहद दुखद और पीड़ादायक घटना बताया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पीडित परिवार के साथ खड़ा होना और उसे न्याय दिलाना जरूरी है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पीडित परिवार को न्याय मिल सके। सांसद ने मौके से ही संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर बात की और घटना में शामिल आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने पीडित परिवार को नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। सांसद की पहल पर संबंधित अधिकारियों ने मामले में जल्द आवश्यक कार्रवाई करने तथा नियमों के अनुसार पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया।सिपाही अजीत कुमार की हत्या से उनके परिवार और गांव में शोक का माहौल है।

82 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर तस्करी के एक गिरोह का खुलासा किया है। लहेरी थाना पुलिस, नालंदा साइबर थाना की टीम और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ब्राउन शुगर की 82 पुडिया बरामद हुई हैं, जिनका कागज सहित कुल वजन 42.72 ग्राम है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले सात एंड्रॉइड और कीपैड मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर की सुबह गुप्त सूचना मिली कि बिहारशरीफ के शिवपुरी मोहल्ले में अनेंट फिटनेस जिम के पास स्थित एक किराये के मकान में कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिहारशरीफ की उपस्थिति में चिह्नित मकान पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास कर रहे तीन युवकों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान मुख्य आरोपित अंकुश कुमार के पास से ब्राउन शुगर की 82 पुडिया बरामद हुईं।पूछताछ और आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने कथित मुख्य सप्लायर नीतीश कुमार उर्फ नाटा को नालंदा थाना क्षेत्र के गिद्धि पोखर के समीप से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में गिरोह के आरा (भोजपुर) से थोक में ब्राउन शुगर मंगाने और स्थानीय स्तर पर छोटी-छोटी पुडिया बनाकर बेचने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और नशे के अवैध कारोबार के स्रोतों का पता लगाने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपितों में अंकुश कुमार, निवासी शेखोपुर, थाना दीपनगरय हर्ष राज, निवासी पतुआना, थाना बिहारय मंटू कुमार, निवासी महमदपुर, थाना गिरियकय और नीतीश कुमार उर्फ नाटा, निवासी मेहद्दीनगर, थाना नालंदा शामिल हैं। छापेमारी दल में लहेरी थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, पुलिस अवर निरीक्षक रितु रंजन, नीतीश रंजन और चंदन कुमार के साथ नालंदा साइबर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक शैलेश कुमार झा तथा दोनों थानों के सशस्त्र बल शामिल थे।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे से बदलेगी गया की तस्वीर, इमामगंज को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

इमामगंज से डोभी तक बेहतर संपर्क की उम्मीद, गया में 2027 तक काम पूरा करने का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। वाराणसी से रांची होते हुए कोलकाता तक बनने वाला एक्सप्रेसवे इमामगंज और आसपास के क्षेत्रों के लिए विकास और बेहतर आवागमन का नया रास्ता खोल सकता है। भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन करीब 672 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर से उत्तर भारत और पूर्वी क्षेत्र के बीच तेज सड़क संपर्क विकसित होगा। परियोजना अधिकारियों के अनुसार पूरे एक्सप्रेसवे को दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य है। गया जिले में निर्माण कार्य दिसंबर 2027 तक पूरा करने की योजना है। वहीं शुक्रवार को इमामगंज स्थित बसेता बेस कैंप में आयोजित मीडिया टूर के दौरान अधिकारियों ने निर्माण की

प्रगति, इस्तेमाल की जा रही तकनीक और प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी दी। पत्रकारों और अधिकारियों के दल ने निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण भी किया। परियोजना प्रबंधक देवेंद्र बंसल ने बताया कि गया जिले में एक्सप्रेसवे का हिस्सा करीब 33.5 किलोमीटर लंबा होगा। इमामगंज से डोभी औद्योगिक क्षेत्र तक सड़क संपर्क बेहतर होने से लोगों के आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सकती है। एक्सप्रेशन को बनने से बेहतर सड़क संपर्क का लाभ सिर्फ लंबी दूरी के यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा। स्थानीय व्यापार, परिवहन और आसपास के बाजारों को भी इससे सहारा मिलने की उम्मीद है। तेज और सुगम आवागमन से सामान की ढुलाई आसान हो सकती है। साथ ही निर्माण और उससे जुड़ी गतिविधियों के जरिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बनने की भी संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा यह कॉरिडोर पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों को बड़े शहरों तथा औद्योगिक केंद्रों से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। नक्सल एवं सुदूरवर्ती इलाक डुमरिया के छकरबंधा और इमामगंज जैसे क्षेत्रों के लिए बेहतर सड़क संपर्क से विकास योजनाओं, कारोबार और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच में सुधार की उम्मीद है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश और निकास बिंदुओं के पास टोल प्लाजा बनाए जाने की योजना है। गया जिले में इमामगंज और औरंगाबाद जिले में अंबा के पास टोल प्लाजा प्रस्तावित हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 20 से 30 किलोमीटर पर ट्रॉमा सेंटर, पेट्रोल पंप और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित करने की योजना है। एक्सप्रेसवे पर सौर ऊर्जा से रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा और निगरानी के लिए हर एक किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। इन कैमरों का नियंत्रण टोल प्लाजा से किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार इन सुविधाओं का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा और सड़क पर बेहतर निगरानी सुनिश्चित करना है। वन्यजीवों की आवाजाही के लिए बनेंगे अंडरपास परियोजना निर्माण के दौरान पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा का ध्यान रखने की बात अधिकारियों ने कही। वन विभाग की जमीन का उपयोग करते हुए वन क्षेत्र को कम से कम नुकसान पहुंचाने की योजना है।

वार्षिक कार्य योजना 2026-27 के तहत बिहार की 1.64 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली/पटना। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव वी. उमाशंकर की अध्यक्षता में बिहार राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, बाईपास निर्माण एवं रेल ओवर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं की वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने तथा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास से संबंधित परियोजनाओं पर चर्चा की गई। उक्त महत्वपूर्ण बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल सहित पथ निर्माण विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के अंतर्गत बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्षिक कार्ययोजना 2026-27 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार तथा एनएचएआइ की परियोजनाओं को मिलाकर कुल 2,424 किलोमीटर की परियोजनाओं को स्वीकति दी गई जिनकी कुल अनुमानित लागत 1,64,518 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार के अंतर्गत कुल 18 परियोजनाओं को स्वीकति दी गई। इनकी कुल लंबाई लगभग 739 किलोमीटर तथा अनुमानित लागत 24,940 करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं में एनएच-333 ए का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, दरभंगा-जयनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, बरियारपुर-बिशनपुर खंड, सीतामढ़ी-चिरौत खंड तथा विभिन्न बाईपास एवं चार लेन की सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। प्रमुख बाईपास परियोजनाओं में जयनगर के उत्तर एवं दक्षिण बाईपास के साथ कमला नदी पर नए पुल का निर्माण, समस्तीपुर बाईपास, सिंघेश्वर एवं मधेपुरा बाईपास तथा डुमरांव बाईपास शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विक्रमशिला एप्रोच, मसरख-चकिया-भीठा मोड़, छपवा-बेतिया तथा नौबतपुर-अरवल-औरंगाबाद-हरिहरगंज खंड की चार लेन परियोजनाएं भी कार्ययोजना का हिस्सा है। साथ ही रेल ओवर ब्रिज से संबंधित परियोजनाओं में एनएच -120 एवं एनएच-727 पर विभिन्न स्थानों पर आरओबी निर्माण के कार्य शामिल हैं। बैठक में एनएचएआइ की कुल 14 परियोजनाओं की स्वीकति मिली।

दशहरा को लेकर आंती पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर आंती पुलिस ने शुक्रवार को आंती बाजार में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने किया। जवानों के साथ बाजार के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भ्रमण कर लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी ऋतु सोनी, एसआई मीरा कुमारी, एसआई शंकर पासवान, एसआई गौरव कुमार, एसआई मुस्तफा कमाल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और विधि-व्यवस्था में खलल डालने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मिट्टी खनन के दौरान वृद्धा की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। आंती थाना क्षेत्र के करमाइन गांव में गुरुवार दोपहर मिट्टी धंसने से एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान करमाइन निवासी फुलवा देवी, पति छठन दास के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलवा देवी गांव के बधार में मिट्टी खनन से मिट्टी लाने गई थीं। घर लीपने के लिए मिट्टी खोदने के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और वह उसके नीचे दब गईं जिससे वह घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने गांव में ही निजी चिकित्सक के पास इलाज के लिए ले गए जहां इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई।

सड़क हादसे में मासूम की मौत पर विधायक ने दी सांत्वना, पिता को सौंपा 20 हजार का चेक

नवबिहार टाइटम संवाददाता

डुमरिया। इमामगंज स्टेट हाईवे-69 पर कोल्हुबार मोड़ के पास हुए हादसे में सात वर्षीय अंकुश कुमार की मौत के बाद शुक्रवार को विधायक दीपा कुमारी उसके गांव पहुंचीं। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में धैर्य रखने की अपील की। वहीं विधायक ने मृतक के पिता अजय ठाकुर को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये चेक सौंपा

और अपने पास से पांच हजार रुपए नगद का चेक सौंपा। जानकारी के अनुसार बीते 10 अक्तूबर को अंकुश अपने भाई-बहनों के साथ प्राथमिक विद्यालय मांडर जा रहा था। इसी दौरान कोल्हुबार मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बोधगया मंदिर परिसर सुरक्षा की जिम्मेदारी सुनील कुमार पांडेय को

मधु कुमारी की प्रतिनियुक्ति रद्द, पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार पुलिस मुख्यालय ने बोधगया मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्ति में बदलाव किया है। पुलिस मुख्यालय के आदेश के अनुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बोधगया के अतिरिक्त प्रभार एवं मंदिर परिसर सुरक्षा की जिम्मेदारी अब पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार पांडेय को सौंपी गई है। इससे पहले बिहार पुलिस मुख्यालय के आदेश ज्ञापांक-437/एक्स0पी0-2, दिनांक 29 जुलाई 2026 के तहत पुलिस उपाधीक्षक मधु कुमारी, कमजोर वर्ग, अपराध अनुसंधान विभाग को इस पद पर प्रतिनियुक्त किया गया था। अब उनकी प्रतिनियुक्ति रद्द करते हुए पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार पांडेय, विशेष सुरक्षा दल, बिहार को तत्काल प्रभाव से इस पद पर प्रतिनियुक्त किया गया है। यह आदेश पुलिस महानिदेशक, बिहार के निर्देशानुसार जारी किया गया है।

नीतीश के '20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम को लेकर जेडीयू ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के '20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम को लेकर कोंच प्रखंड जदयू की ओर से शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने की। बैठक में बताया गया कि 17 अक्टूबर को गया स्थित केदारनाथ मार्केट में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। इसे लेकर सभी पंचायत अध्यक्षों और प्रखंड कमेटी के सदस्यों को गया चलने का आह्वान किया गया। प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने कहा कि नीतीश कुमार के 20 साल के कार्यकाल में बिहार में विकास की नई इबारत लिखी गई है। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पहुंचकर इसे सफल बनाना है। मौके पर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती देवी, सुभाष कुशवाहा, बंटी कुमार, अखिलेश वर्मा, विष्णुपद राम, मुन्ना कुमार सहित सभी पंचायत अध्यक्ष एवं प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित रहे।

राज्य में जल्द खुलेंगे 100 फ्रेश कैच कियोस्क, सुधा की तर्ज पर मिलेंगी ताजी मछलियां

पहले चरण में 30 फ्रेश कैच कियोस्क तैयार, जल्द होगा इनका शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में मछली की बिक्री व्यवस्था को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार सुधा की तर्ज पर फ्रेश कैच कियोस्क स्थापित करने जा रही है। इसके तहत राज्य में 100 कियोस्क खोले जाएंगे। पहले चरण में 30 और दूसरे चरण में 70 कियोस्क स्थापित करने की योजना है। पहले चरण के 30 कियोस्क का निर्माण किया जा रहा है और जल्द ही इनका शुभारंभ किया जाएगा। इस पहल से शहरी उपभोक्ताओं को स्वच्छ वातावरण में ताजी मछली उपलब्ध कराने के साथ-साथ मछली पालकों को बेहतर बाजार भी मिलेगा। सात निश्चय-3 के तहत प्रस्तावित इस योजना पर अधिकतम 10.56 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निदेशालय और बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएआईडीसीएल) के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जाएगा। कियोस्क की स्थापना के लिए सरकारी भूमि, नगर निकायों की भूमि अथवा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि का उपयोग किया जाएगा। पहले चरण में पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, बेगूसराय, मोतिहारी, बेतिया, हाजीपुर, किशनगंज, कटिहार और मुंगेर सहित प्रमुख शहरों में कियोस्क स्थापित किए जा रहे हैं। फ्रेश कैच कियोस्क में मछलियों के सुरक्षित भंडारण और बिक्री के लिए कोल्ड चेन, डीप फ्रीजर, डिस्प्ले काउंटर, स्वच्छ जल, जल निकासी, बिजली और बैकअप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही उपभोक्ताओं को ताजी मछली उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय मत्स्य उत्पादकों एवं फ्रेश कैच कियोस्क संचालकों की एक मजबूत श्रृंखला भी विकसित की जाएगी। इसके अलावा डिजिटल भुगतान और अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था भी होगी। इससे मछलियों की ताजगी और गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ बिक्री केंद्रों पर स्वच्छता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। वर्तमान में कई शहरी क्षेत्रों में मछली की बिक्री पारंपरिक और असंगठित तरीके से होती है। इससे मछलियों के भंडारण, स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने में चुनौतियां आती हैं। कियोस्क स्थापित होने से इन समस्याओं को दूर करने और मत्स्य उत्पादों की आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। योजना के तहत एक कियोस्क की निर्धारित इकाई लागत 11 लाख रुपये है। संभावित मूल्य वृद्धि को शामिल करते हुए इसकी अधिकतम लागत 13.20 लाख रुपये आंकी गई है। सरकार निर्धारित इकाई लागत के 80 प्रतिशत अथवा वास्तविक निर्माण लागत, दोनों में से जो भी कम होगी, उसका वहन करेगी। कियोस्क के निर्माण के लिए एजेंसी या संवेदक का चयन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, संचालन के लिए भी निर्धारित नियमों और शर्तों के अनुसार संचालकों का चयन होगा। केंद्रों के रखरखाव और नियमित संचालन की जिम्मेदारी संबंधित संचालक की होगी। योजना के तहत कियोस्क संचालकों के प्रशिक्षण और क्षमता विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मत्स्य निदेशालय अथवा बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से मछलियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला विकसित की जाएगी। इससे मछली पालकों, मछली किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) और मत्स्य सहकारी समितियों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने का बेहतर अवसर मिलेगा।

बुधौल बाजार मोबाइल दुकान चोरी कांड का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी (गया)। शेरघाटी के आमस थाना क्षेत्र के बुधौल बाजार में बीते महीने मोबाइल दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। एसडीपीओ शेरघाटी-1 संदीप कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में जानकारी दी। बताया गया कि 7 अक्टूबर की रात बुधौल बाजार स्थित मोबाइल दुकान में चोरी हुई थी। दुकानदार रवीश कुमार द्वारा आमस थाना में कांड संख्या 367/25 और 367/26 दर्ज कराया गया था। वरीय पदाधिकारी के आदेश पर एसडीपीओ शेरघाटी-1 संदीप कुमार के नेतृत्व में आमस थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, एसआई प्रवीण पासवान समेत विशेष टीम गठित कर छानबीन शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। चोरी गए मोबाइल का उपयोग कर रहे कमलेश कुमार पिता सहदेव भुइयां, ग्राम तेतुआ, थाना बारुण, जिला-औरंगाबाद के पास से एक रियलमी मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में कमलेश ने बताया कि उसने मोबाइल बालूगंज बाजार स्थित वंदे इंजीनियरिंग वर्कशॉप से खरीदा है। पुलिस जब दुकान पर पहुंची तो दुकान मालिक के पास बिक्री से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं मिले। रसीद पर आइएमइआइ नंबर तक अंकित नहीं था। गहन तलाशी में दुकान से चोरी के 11 मोबाइल सहित भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद हुआ जिसमें 165 डाटा केबल, 30 नेक बैंड, 10 ईयर बड्स, टेम्पर्ड ग्लास और चार्जर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपी ने सस्ते दाम में सामान खरीदने की बात कबूली। इस मामले में पुलिस ने दुकान संचालक पंकज विश्वकर्मा, ग्राम कोडियारी, थाना डिबरा, जिला औरंगाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करें : प्रधानाध्यापक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेलागंज (गया)। रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज के छात्र ने राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय कुश्ती खेल प्रतियोगिता कैमूर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले संटू कुमार ने विद्यालय का नाम रौशन किया। इस अवसर पर विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ अभिवादन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। पढ़ाई के साथ खेल संगीत भी काफी महत्वपूर्ण है आप जहां भी रहें जिस क्षेत्र में कार्य करना चाहें ईमानदारी पूर्वक लगन और मेहनत से कर संटू के तरह कुश्ती के खेल में अच्छा प्रदर्शन कर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए विद्यालय परिवार इन्हें बधाई और शुभकामना देती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार, राजू चंद्रमणि प्रसाद, रवि प्रकाश मालवीय, दिलीप कुमार, रिजवान उल्ला, चंदन कुमार, ओमप्रकाश कुमार, प्रेम रंजन कुमार, तरुण कुमार, रिंकी कुमारी, रिंकू कुमारी, मधुबाला, निशा, मनीषा कुमार, सोनी कुमारी, अंतरीना कुमारी, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, अनेश कुमार इत्यादि ने बधाई दी।

आंती में शांति समिति की बैठक, बिना लाइसेंस मूर्ति नहीं होगी स्थापित

काबर गढ़ के मैदान में होगा रावण दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गयाजी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार को आंती थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। बैठक में पूजा समितियों और मुस्लिम समुदाय के गणमान्य लोगों से सुझाव लिए गए। अंचलाधिकारी ऋतु सोनी ने निर्देश दिया कि थाना क्षेत्र में जहां-जहां दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है, वहां के आयोजक अनिवार्य रूप से अनुज्ञप्ति लें और पूजा समिति के सदस्यों की सूची थाने में जमा करें। बिना लाइसेंस के कहीं भी मूर्ति स्थापित नहीं होगी और पर्व भाईचारे के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने कहा कि मेले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलेंटियर तैनात रहेंगे जो बैच या

टोपी लगाए रहेंगे ताकि उनकी आसानी से पहचान हो सके। अश्लील गानों और डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। किसी भी शरारती तत्व द्वारा उपद्रव करने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि आंती बाजार में विजयादशमी के दिन मेला और रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, काबर में रामकथा जारी है और दशमी की शाम रावण दहन होगा। वहीं चंदैनी में एकादशी के दिन मेला और रात में दुगोला मुकाबला होगा। इसके अलावा चबूरा और खवासपुर में भी प्रतिमा स्थापित की जा रही है। मौके पर एसआई मीरा कुमारी, एसआई शंकर पासवान, गौरव कुमार, राजीव कुमार, मुस्तफा कमाल, मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, आकिब आलम, सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, सुभाष चंद्र कुमार, सुनील यादव, द्वारिका चंद्रवंशी, गुड्डू कुमार रौशन, अशोक यादव, लालदेव ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

पूर्व रेलवे

सं. ईसी/केपीए/जीईएम/2026/बी/ 8161546/26-27, दिनांक 15.10.2026, मुख्य कारखाना प्रबंधक, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए जीईएम-निविदा (खुली निविदा) सूचना आमंत्रित की जाती है। **जीईएम बोली सं.:जीईएम/2026/बी/ 8161546, कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** उप सीईई (डब्ल्यू)/ काँचरापाड़ा संगठन, काँचरापाड़ा वर्कशॉप, पूर्व रेलवे के अंतर्गत खुली निविदा के माध्यम से 03 वर्ष की अवधि के लिए टर्नकी आधार पर उप सीईई (डब्ल्यू)/ काँचरापाड़ा संगठन के प्रशासनिक भवन सहित सभी शॉप (29, 29बी टीआर/लाइन, 29सी, 29बी ऐप-I, 29बी ऐप-II, 15, 26 और 31) के लिए कैरिज कॉम्प्लेक्स में कार्यालयों, शौचालयों, वाटर बूथों और पिट (गड्ढों) की मशीनी या मैन्युअल सफाई, शॉप फ्लोर की सफाई, कचरे का निपटान। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.2,04,66,811.20 (जीएसटी सहित)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा कागजात उपलब्ध होगा:** निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर दिनांक 14.10.2026 से 03.11.2026 को 15.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। **बयाना राशि जमा की जाएगी:** रु. 2,52,300/-, **कार्य की समापन अवधि:** 03 वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 14.10.2026 से 03.11.2026 को 15.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** दिनांक 14.10.2026 से 03.11.2026 को 15.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.11.2026 को 15.00 बजे तक। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 04.11.2026 को 15.00 बजे तक।

MISC-233/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

महादलित परिवार का घर तोड़े जाने पर भुइयां-मुसहर सेवा संघ ने जताया विरोध

15 दिनों में न्याय नहीं मिलने पर अनुमंडल एवं अंचल कार्यालय के घेराव की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। प्रखंड की बेला पंचायत अंतर्गत बनिया बरौन गांव के महादलित टोला में टेरी मांझी उर्फ सहदेव मांझी का मकान बुलडोजर से ध्वस्त किए जाने के मामले में भुईयां-मुसहर सेवा संघ ने कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने घटनास्थल का दौरा कर मामले की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। संघ के राज्य सदस्य रामस्नेही मांझी ने बताया कि संबंधित परिवार पिछले करीब 30 वर्षों से मकान में रह रहा था। उनके अनुसार जमीन का परवाना और लगान रसीद भी उपलब्ध है। इसके बावजूद 15 अक्टूबर को बिना पूर्व सूचना मकान ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सहदेव मांझी अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ करीब एक वर्ष से शेरघाटी जेल में बंद हैं। ऐसे में परिवार की अनुपस्थिति में घर तोड़े

जाने की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। रामस्नेही मांझी ने कहा कि मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, मुख्यमंत्री और जिला पदाधिकारी, गया को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं, मनोज मांझी ने चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर न्याय नहीं मिलने पर महादलित परिवारों के साथ अनुमंडल एवं अंचल कार्यालय का घेराव किया जाएगा। विश्वास मांझी और धर्मेंद्र भुइयां ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि समाज के अधिकार और सम्मान की है। संघ ने जमीन के दस्तावेजों, मकान तोड़ने के आदेश और प्रशासनिक प्रक्रिया की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार के आवास एवं पुनर्वास के लिए उचित कदम उठाने की मांग की। मौके पर चंदन मांझी, रामप्रसाद मांझी, राजकुमार मांझी, महेंद्र मांझी, राजू मांझी, दिलीप मांझी, क्रांति देवी, मीणा देवी और मालो देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शराब सहित स्कूटी जब्त, कारोबारी फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। महिमापुर मोड़, स्टेट हाईवे 69 से पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान स्कूटी में छुपा कर रखे पच्चीस लीटर देशी महुआ शराब सहित स्कूटी को जब्त किया और इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर कारोबारी फरार हो गया और पुलिस हाथ मलते रह गई। अंततः शराब सहित स्कूटी को थाना लाया गया और पुलिस स्कूटी के ऑनर का पता लगाने में जुट गई है। गौरतलब है कि शराब जब्ती की सूचना पुलिस द्वारा महीनों बाद मीडिया को दी गई है। पूर्व थानाध्यक्ष की कृपा एवं सहयोग से क्षेत्र में शराब कारोबार का धंधा काफी फल-फूल रहा था और अंततः मगध रेंज के आई. जी.के संज्ञान में आने के बाद भी थानाध्यक्ष को लाइन क्लोज की सजा दी गई। यह सजा स्थानीय नागरिकों एवं पुलिस कर्मियों सहित बुद्धजीवियों को पच नहीं रहा है और करीब एक माह बीत जाने के बाद भी आज तक नये थानाध्यक्ष की पद स्थापना नहीं होने से लोग हतप्रभ हैं और चर्चा का विषय बना हुआ है।

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-158 एवं 159 -26-27 (खुली), दिनांक 15.10.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-159-26-27, **कार्य का नाम:** एसएसई/पी-वे/I/अण्डाल के खंड में ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 95,61,577.59, **बयाना राशि :** रु. 1,91,200/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.2, केस संख्या :** ओ-एसी-टी-158-26-27, **कार्य का नाम:** एसएसई/पी-वे/I/आसनसोल के खंड में ट्रैक की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 91,28,077.54, **बयाना राशि :** रु. 1,82,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। (क) **बंद होने की तिथि और समय:** 13.11.2026 को 12.00 बजे। (ख) संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-294/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सागर वर्मा पिता श्री प्रेम कुमार वर्मा, उम्र 30 वर्ष, जाति कायस्थ, निवासी एन.ई.एस. कॉलेज रोड, जशपुरनगर, थाना जशपुर, तहसील जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कीर्ति सिन्हा पिता श्री शम्भू सिन्हा, उम्र 30 वर्ष, जाति कायस्थ, निवासी चित्रगुप्त नगर क्लब रोड, औरंगाबाद थाना औरंगाबाद, तहसील औरंगाबाद, जिला औरंगाबाद (बिहार) पिन कोड-824101 द्वितीय पक्ष ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.10.2026 को दोपहर 03:00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति करना हो तो निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 21.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

संयुक्त कलेक्टर,
जिला जशपुर (छ.ग.)

संपादकीय

ओबीसी आरक्षण पर घमासान

मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण अब राजनीतिक घमासान का मुद्दा बन गया है। हाल में जबलपुर हाई कोर्ट ने राज्य में ओबीसी का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने के राज्य सरकार के आदेश को यह कहकर रद्द कर दिया कि मप्र में आरक्षण की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय सीमा 50 फीसदी से ज्यादा करने का कोई ठोस आधार नहीं है। इसके बाद विपक्षी कांग्रेस ने प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार और भाजपा को घेरना शुरू कर दिया कि उसने कोर्ट में ठीक से पैरवी नहीं की। अब सरकार कह रही है कि वह हाई कोर्ट के निर्णय के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। लेकिन इस मामले में नया मोड़ यह आ गया है कि अब ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण की पैरवी सुप्रीम कोर्ट में सरकार की बजाए भाजपा करेगी। बताया जाता है कि यह फैसला मुख्यमंत्री की सॉलिसिटर जनरल से चर्चा के बाद लिया गया। यानी इस केस में इंटरवीन करने के लिए 'लीव टू अपील' का रास्ता अपनाया जाएगा। भाजपा अगले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट जा सकती है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक इस घटनाक्रम के एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से बातचीत हुई। इस दौरान मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह भी मौजूद थे। बैठक में आरक्षण को लेकर कोर्ट के निर्णय से जुड़े कानूनी पक्षों पर चर्चा हुई। फिर इसी मामले में पार्टी के प्रमुख नेताओं से भी बात हुई। आगे की रणनीति पार्टी स्तर पर तय होगी कि वह किस तरह से कोर्ट जाएगी। यह इसलिए भी संभव है कि मामला सार्वजनियक है। इसी बीच पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस द्वारा दिए गए 27% ओबीसी आरक्षण को वर्षों से कोर्ट में उलझाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण सुनिश्चित करने का रास्ता साफ करना चाहिए। उधर ओबीसी महासभा ने इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में 15 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि आरक्षण की बहाली के लिए चरणबद्ध आंदोलन होगा। पहले चरण में जिला स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा। दूसरे चरण में 28 अक्टूबर को संभागीय स्तर पर धरना और तीसरे चरण में नवंबर में भोपाल में 27 फीसदी आरक्षण को लेकर आंदोलन किया जाएगा। ओबीसी पक्ष के वकील रामेश्वर ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार सॉलिसिटर जनरल से मिलने का दिखावा सरकार कर रही है। उन्हें 7 साल का वक्त मिला था, फिर भी कोर्ट में कोई तथ्य नहीं रख पाए। अब हम भी अपील करने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल हाई कोर्ट के फैसले के बाद राज्य में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण की प्रत्याशा में 13 फीसदी पद होल्ड कर दिए गए थे। अब हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक तीन माह के भीतर इन्हें अनारक्षित वर्ग से भरा जाना है। ओबीसी महासभा की मांग है कि इन होल्ड पदों को ओबीसी कोटे से ही भरा जाए। ताकि किसी के साथ अन्याय न हो। बहरहाल जो भी हो रहा है, वह दिखावा ज्यादा और ओबीसी को सत्ताइस फीसदी आरक्षण मिलने, न मिलने को लेकर किया जा रहा राजनीतिक गुणा-भाग ज्यादा है। सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी तो यह कैसे सिद्ध करेगी कि राज्य में 13 फीसदी ज्यादा आरक्षण देने का ठोस आधार क्या है? क्या ओबीसी को खुश करने के लिए वह एसटी/एससी का आरक्षण कम करेगी? जो कि संभव ही नहीं है। आरक्षण की अधिकतम 50 फीसदी सीमा को हटाना भी राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। कुल मिलाकर यह राजनीतिक झुनझुना है, जो दोनों पार्टियां बजाती रहेंगी।

लोकतंत्र में विपक्ष और असहमति की मौजूदगी

लोकतंत्र में विपक्ष और असहमत आवाज़ों की मौजूदगी अनिवार्य है। कई बार मीडिया उन नेताओं को भी मंच देता है, जो चुनाव हार चुके होते हैं या जनता के एक बड़े वर्ग द्वारा नापसंद किए जाते हैं, ताकि सत्ता पक्ष की नीतियों पर एक वैकल्पिक दृष्टिकोण सामने आ सके। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है, जब यह संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है और जनसरोकार के मुद्दों को पूरी तरह दरकिनार करके केवल राजनीतिक नूराकुश्ती और व्यक्ति-केंद्रित बहसों को ही चौबीसों घंटे प्रसारित किया जाता है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि मीडिया अपनी सामाजिक जिम्मेदारी से विमुख हो रहा है।लब्बोलुआब यह है कि ऐसी स्थिति केवल मीडिया की ही नहीं, बल्कि दर्शकों के रूप में समाज की भी परीक्षा लेती है। जब तक दर्शक सनसनीखेज खबरों और व्यक्ति-विशेष के प्रचार को देखना बंद नहीं करेंगे, तब तक व्यावसायिक कारणों से मीडिया अपनी इस कार्यशैली को नहीं बदलेगा।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका समाज को आईना दिखाने, सत्ता से तीखे सवाल करने और देशहित सर्वोपरि रखने की होती है। लेकिन वर्तमान समय में जनता के बीच यह गंभीर चिंता और विमर्श का विषय बन चुका है कि क्या आज का मीडिया अपनी इस मूल जिम्मेदारी को समझ पा रहा है। अक्सर यह देखा जाता है कि जिन नेताओं या शख्सियतों को जनता ने चुनावों में ठुकरा दिया है या जो जनभावनाओं पर खरे नहीं उतरे, उन्हें भी समाचार माध्यमों पर लगातार बड़ी सुर्खियां और विशेष कवरेज दी जाती है। इस विमर्श के केंद्र में यह सवाल खड़ा होता है कि क्या मीडिया जानबूझकर देशहित की अनदेखी कर किसी व्यक्ति विशेष को प्रमोट कर रहा है या फिर इसके पीछे कुछ गहरे व्यावसायिक और राजनीतिक समीकरण काम कर रहे हैं।इस पूरी स्थिति को समझने के लिए सबसे पहले हमें मीडिया के आधुनिक ढाँचे और उसके राजस्व मॉडल को देखना होगा। आज की पत्रकारिता केवल सूचना के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि वह एक बड़े उद्योग में तब्दील हो चुकी है। इस कॉर्पोरेट ढाँचे में टीआरपी (टेलीविज़न रेटिंग पॉइंट) और डिजिटल क्लिक्स ही सब कुछ तय करते हैं। जब कोई न्यूज़ चैनल या डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म किसी सनसनीखेज व्यक्तित्व, भले ही वह जनता द्वारा नकारा गया हो, को बार-बार स्क्रीन पर लाता है, तो उसके पीछे मुख्य उद्देश्य दर्शकों का ध्यान खींचना होता है। विवाद, तीखे बयान और राजनीतिक ड्रामा दर्शकों को आकर्षित करते हैं, जिससे चैनलों की रेटिंग बढ़ती है और उन्हें विज्ञापन मिलते हैं। इस प्रक्रिया में देशहित के गंभीर मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोज़गारी और बुनियादी विकास, पीछे छूट जाते हैं और मीडिया का झुकाव केवल उन चेहरों की तरफ हो जाता है, जो व्यावसायिक रूप से फायदेमंद होते हैं।

इसके अलावा, आज के मीडिया परिदृश्य में एजेंडा सेटिंग और मीडिया के मालिकाना हक की भूमिका भी बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। कई बड़े मीडिया घरानों का स्वामित्व सीधे या परोक्ष रूप से उन कॉर्पोरेट समूहों या प्रभावशाली लोगों के हाथों में है, जिनके अपने विशिष्ट व्यावसायिक या राजनीतिक हित होते हैं। जब मीडिया का ढाँचा कुछ चुनिंदा हाथों में सिमट जाता है, तो निष्पक्षता की उम्मीद करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में किसी खास राजनेता या दल को बढ़ावा देना, चाहे वह सत्ता में हो या विपक्ष में और चाहे जनता ने उसे कितना भी नकारा हो, उस मीडिया घराने के दीर्घकालिक हितों का हिस्सा हो सकता है। यह स्थिति सीधे तौर पर देशहित से समझौता करती है, क्योंकि जनता को वह सच नहीं दिखाया जाता, जो उनके लिए ज़रूरी है, बल्कि वह नैरेटिव परोसा जाता है, जो किसी व्यक्ति या संगठन के अनुकूल हो। इस प्रवृत्ति को क्या देश के साथ बड़ी बेईमानी कहा जा सकता है, इसे विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखना होगा। जब मीडिया प्रशासन और जनता के बीच एक ईमानदार पुल का काम करने के बजाय किसी व्यक्ति विशेष की पीआर (पब्लिक रिलेशंस) एजेंसी की तरह व्यवहार करने लगता है, तो यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के साथ एक बड़ा विश्वासघात है। जनता समाचारों को सत्य मानकर अपने लोकतांत्रिक निर्णय लेती है। यदि उसे बार-बार केवल एक ही पक्ष या किसी खास अप्रासंगिक चेहरे को ही सबसे बड़े मसीहा या मुख्य बिंदु के रूप में दिखाया जाएगा, तो जनमानस की सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होती है। यह देशहित के साथ इसलिए बेईमानी है, क्योंकि यह वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटका कर देश के विकास की गति को धीमा करता है। हालाँकि, इस सिक्के का एक दूसरा पहलू भी है। लोकतंत्र में विपक्ष और असहमत आवाज़ों की मौजूदगी अनिवार्य है। कई बार मीडिया उन नेताओं को भी मंच देता है, जो चुनाव हार चुके होते हैं या जनता के एक बड़े वर्ग द्वारा नापसंद किए जाते हैं, ताकि सत्ता पक्ष की नीतियों पर एक वैकल्पिक दृष्टिकोण सामने आ सके। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है, जब यह संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है और जनसरोकार के मुद्दों को पूरी तरह दरकिनार करके केवल राजनीतिक नूराकुश्ती और व्यक्ति-केंद्रित बहसों को ही चौबीसों घंटे प्रसारित किया जाता है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि मीडिया अपनी सामाजिक जिम्मेदारी से विमुख हो रहा है।लब्बोलुआब यह है कि ऐसी स्थिति केवल मीडिया की ही नहीं, बल्कि दर्शकों के रूप में समाज की भी परीक्षा लेती है। जब तक दर्शक सनसनीखेज खबरों और व्यक्ति-विशेष के प्रचार को देखना बंद नहीं करेंगे, तब तक व्यावसायिक कारणों से मीडिया अपनी इस कार्यशैली को नहीं बदलेगा। आज की पत्रकारिता में विश्वसनीयता और तटस्थता की जो कमी दिख रही है, उसे दूर करने के लिए मीडिया घरानों को आत्ममंथन करने और देशहित को अपने व्यावसायिक लाभ से ऊपर रखने की सख्त आवश्यकता है, ताकि लोकतंत्र का यह चौथा स्तंभ अपनी पवित्रता और जनता का विश्वास बनाए रख सके।

अध्यात्म

आलस्य की वजह से अच्छे-अच्छे मौके भी हाथ से निकल जाते हैं



पुराने समय में एक आश्रम में गुरु अपने शिष्यों के साथ रहते थे। गुरु बहुत ही विद्वान थे। उनका एक शिष्य बहुत ही आलसी था। उसकी शिक्षा पूरी होने वाली थी, लेकिन वह समय का मूल्य नहीं समझ सका था। हमेशा आज का काम कल पर टाल देता था। गुरु ने सोचा कि शिष्य को समय का महत्व नहीं समझाया तो इसका जीवन बर्बाद हो जाएगा।एक दिन गुरु आलसी शिष्य को एक पत्थर दिया और कहा कि पुत्र ये पारस पत्थर है। इससे तुम जितना चाहो, उतना सोना बना सकते हो, लेकिन तुम्हारे पास सिर्फ दो ही दिन हैं। इससे तुम्हार जीवन सुधर जाएगा। मैं दूसरे गांव जा रहा हूं, दो दिन बाद आश्रम लौट आउंगा, तब मैं तुमसे ये पत्थर मैं वापस ले लूंगा। इस पत्थर से तुम लोहे की जिस चीज से स्पर्श करोगे, वह सोने की बन जाएगी। पारस पत्थर देकर गुरुजी आश्रम से चले गए। आलसी शिष्य पत्थर पाकर बहुत खुश हो गया। उसने सोचा कि इस पत्थर से इतना सोना बना लेगा कि उसे पूरे जीवन काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिष्य ने सोचा कि अभी मेरे पास दो दिन हैं, एक दिन आराम कर लेता हूं। अगले दिन सोना बना लूंगा। ये सोचकर वह सो गया। पूरा दिन और पूरी रात आराम करने बाद वह उठा तो उसने सोचा कि आज बहुत सारा लोहा लेकर आना है और उसे सोना बनाना है, लेकिन इससे पहले खाना खा लेता हूं, फिर काम करूंगा। उसने पेटभर खाना खाया तो उसे नींद आने लगी। अब वह सोचने लगा कि कुछ देर सो लेता हूं, सोना बनाने का काम तो छोटा है, शाम को कर लूंगा। उसे नींद आ गई। शाम हुई और उसकी नींद खुली। सूर्यास्त हो चुका था। वह उठा तो उसने देखा कि उसके गुरु लौट आए हैं। गुरु ने शिष्य से कहा कि अब रात हो चुकी है, दो दिन पूरे हो गए हैं, इसीलिए अब वह पत्थर मुझे लौटा दो। पत्थर देते समय उसे अपनी गलती का अहसास हो गया। उसे समझ आ गया कि समय मूल्यवान है, इसे आलस्य से बर्बाद न करें।

मौसम का यू-टर्न और किसान की त्रासदी

यह हमारे खेत, गांव, जलस्रोत, फसल-चक्र और आम जीवन में प्रवेश कर चुका है। गर्मी बढ़ रही है, बारिश का पैटर्न बदल रहा है, बादल फटने जैसी घटनाएं और चरम मौसम की परिस्थितियां बढ़ रही हैं। अगर नीति-निर्माता अभी भी इसे सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव समझ रहे हैं, तो यह गंभीर भूल होगी। अब मौसम विभाग की चेतावनियों को सिर्फ समाचार नहीं, नीति-निर्देश की तरह लेना होगा। सरकारें हर आपदा के बाद राहत पैकेज की घोषणा करती हैं। कुछ जगहों पर गिरदावरी होती है, कुछ जिलों में सर्वे होते हैं, कुछ किसानों के खातोंमें सहायता पहुंचती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सब नुकसान की वास्तविक भरपाई कर पाता है? सच्चाई यह है कि अधिकांश किसान को राहत समय पर नहीं मिलती। जब तक मुआवजा आता है, तब तक वह अगली बोआई के लिए उधार ले चुका होता है।

देश में मौसम अब भरोसेमंद नहीं रहा। कभी लंबा सूखा, कभी अचानक मूसलाधार बारिश, कभी खेतों में दरारें, कभी पानी में डूबी फसलें। यह केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि एक ऐसी चेतावनी है जिसे अब अनदेखा करना देश के खाद्य-सुरक्षा तंत्र, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों किसानों के साथ अन्याय होगा। इस समय उत्तर भारत समेत कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन और जनहानि की जो तस्वीर बनी है, उसने एक बार फिर साबित कर दिया है कि मौसम का यू-टर्न अब आपदा में बदल चुका है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि किसान एक ही मौसम में दोहरी मार झेल रहा है। पहले बारिश की कमी से बोआई, सिंचाई और उत्पादन पर असर पड़ता है। फिर जब फसल पककर कटाई के करीब पहुंचती है, तब असमय भारी वर्षा, जलभराव और तेज हवाएं सालभर की मेहनत को मिट्टी में मिला देती हैं। यह केवल खेत के नुकसान की बात नहीं है। यह किसान की आय, उसके कर्ज, उसकी अगली फसल की तैयारी और उसके परिवार की आर्थिक सुरक्षा का संकट है। आज स्थिति यह है कि खेती का जोखिम असाधारण रूप से बढ़ गया है। मौसम अब अनुमान के मुताबिक नहीं चल रहा। लंबे सूखे के बाद अचानक अत्यधिक वर्षा, और कई बार एक ही सीजन में बार-बार मौसम का बिगड़ना, खेती को अस्थिर बना रहा है। उत्तर भारत जैसे बड़े कृषि क्षेत्र में जब बारिश का कहर बरसता है, तो उसका असर सिर्फ खेत तक नहीं रहता। मंडियां प्रभावित होती हैं, सड़कें बंद होती हैं, परिवहन बाधित होता है, मजदूरी रुकती है और बाजार में अनाज

तथा सब्जियों की आपूर्ति असंतुलित हो जाती है। यानी एक मौसमीय घटना पूरे आर्थिक चक्र को झकझोर देती है। यह भी सच है कि इस संकट का दोष केवल प्रकृति पर डालकर बचा नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन अब दूर की बहस नहीं रहा। यह हमारे खेत, गांव, जलस्रोत, फसल-चक्र और आम जीवन में प्रवेश कर चुका है। गर्मी बढ़ रही है, बारिश का पैटर्न बदल रहा है, बादल फटने जैसी घटनाएं और चरम मौसम की परिस्थितियां बढ़ रही हैं। अगर नीति-निर्माता अभी भी इसे सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव समझ रहे हैं, तो यह गंभीर भूल होगी। अब मौसम विभाग की चेतावनियों को सिर्फसमाचार नहीं, नीति-निर्देश की तरह लेना होगा। सरकारें हर आपदा के बाद राहत पैकेज की घोषणा करती हैं। कुछ जगहों पर गिरदावरी होती है, कुछ जिलों में सर्वे होते हैं, कुछ किसानों के खातोंमें सहायता पहुंचती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सब नुकसान की वास्तविक भरपाई कर पाता है? सच्चाई यह है कि अधिकांश किसान को राहत समय पर नहीं मिलती। जब तक मुआवजा आता है, तब तक वह अगली बोआई के लिए उधार ले चुका होता है। कई बार बीमा दावों में देरी होती है, कागजी औपचारिकताएं लंबी खिंचती हैं और किसान प्रशासनिक चक्र में फंस जाता है। एक संवेदनशील राज्य व्यवस्था ऐसी नहीं हो सकती। आज जरूरत है केवल राहत की नहीं, बल्कि संरचनात्मक तैयारी की। सबसे पहले खेत स्तर पर जलनिकासी व्यवस्था मजबूत करनी होगी। जिन इलाकों में हर साल पानी भरता है, वहां सिर्फ क्षतिपूर्ति नहीं, स्थायी समाधान चाहिए। नालों की सफाई, ड्रेनेज नेटवर्क का सुधार, खेतों के आसपास जलनिकासी की व्यवस्था और बाढ़-प्रवण क्षेत्रों की वैज्ञानिक मैपिंग अनिवार्य है। गांवों कीजमीन, तालाबों, नालों और प्राकृतिक प्रवाह-पथों पर अतिक्रमण भी इस संकट को बढ़ाता है। इस पर सख्ती जरूरी है। दूसरी जरूरत है फसल-योजना में बदलाव की। बदलते मौसम को देखते हुए वही पुरानी कृषि रणनीति अब काम नहीं करेगी। फसल किस्मों, बोआई के समय, सिंचाई पद्धति और जोखिम-प्रबंधन को जलवायु के अनुरूप ढालना होगा।

ऐसे बीज विकसित और प्रोत्साहित किए जाने चाहिए जो सूखा और अत्यधिक वर्षा, दोनों स्थितियों में अपेक्षाकृत बेहतर टिक सकें। कृषि विज्ञान केंद्रों और विस्तार सेवाओं को गांव-गांव सक्रिय करना होगा, ताकि किसान को मौसम के अनुसार त्वरित सलाह मिल सके। तीसरा बड़ा प्रश्न बीमा और मुआवजा प्रणाली का है। फसल बीमा योजना का लाभ तभी है जब वह वास्तव में समय पर और पारदर्शी हो। आज किसान को सबसे अधिक शिकायत इसी बात की रहती है कि नुकसान वास्तविक होता है, लेकिन मुआवजा औपचारिकताओं में उलझ जाता है। डिजिटल सर्वे, उपग्रह आधारित आकलन और स्थानीय सत्यापन को जोड़कर ऐसी व्यवस्था बननी चाहिए जिसमें नुकसान काआकलन जल्दी हो और भुगतान सीधे किसानों तक पहुंचे। राहत व्यवस्था में देरी, दरअसल, दूसरी आपदा है। इस पूरे संकट का एक सामाजिक आयाम भी है। किसान सिर्फ उत्पादन का नाम नहीं है, वह गांव की रीढ़ है। जब उसकी फसल बर्बाद होती है, तो उसका परिवार केवल आर्थिक नहीं, मानसिक तनाव भी झेलता है। कर्ज, अनिश्चितता और असुरक्षा आत्मसम्मान को भी चोट पहुंचाते हैं। कई छोटे और सीमांत किसान तो एक खराब मौसम के बाद संभल ही नहीं पाते। यही वह जगह है जहां राज्य की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सरकार का काम केवल नुकसान गिनना नहीं, बल्कि किसान को फिर से खड़ा करना है। उत्तर भारत में हाल की बारिश ने यह भी दिखाया है कि शहर और गांव, दोनों जलनिकासी की बदहाली से जूझ रहे हैं। जहां थोड़ी सी बारिश में सड़कें डूब जाती हैं, वहां खेतों का बचना मुश्किल है। शहरी अव्यवस्था और ग्रामीण उपेक्षा एक ही समस्या के दो रूप हैं। अगर हम बुनियादी ढांचे को जलवायु-संवेदनशील नहीं बनाएंगे, तो हर साल यही दृश्य दोहराया जाएगा। कभीबाढ़, कभी सूखा, कभी फसल बर्बादी, कभी महंगाई। अब समय आ गया है कि देश कृषि नीति को मौसम-केन्द्रित नहीं, जलवायु-केन्द्रित बनाए। यह केवल कृषि मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें जल संसाधन, पर्यावरण, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास और राज्य प्रशासन सभी की संयुक्त भूमिका है। नीतियों का लक्ष्य यह होना चाहिए कि किसान को मौसम की मार से न्यूनतम नुकसान हो।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
आज जोखिम वाले काम से बचना होगा। आपकी कमाई में वृद्धि होगी। वैसे संघर्ष अधिक करना पड़ सकता है। जोखिम वाले मामलों में आपको दूर रहने की सलाह है।

वृषभ
आज कमाई का अवसर पाएंगे। भौतिक साधनों की चाहत बढेगी। साझेदारी भी फलदायी होगी।पारिवारिक जीवन में आपसी तालमेल और प्रेम बढेगा।

मिथुन
आज,जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। दिन थोड़ा नरम रह सकता है। आपको अपने विरोधियों और शत्रुओं से सतर्क रहने की जरूरत है।

कर्क
आज राशि,प्रबंधन क्षमता का लाभ पाएंगे। धार्मिक एवं सामाजिक काम में आपकी रुचि बढेगी।आपका मन दुविधा में रहेगा आप किसी पर जल्दी विश्वास नहीं करेंगे।

सिंह
आज लाभ और सुख का संयोग बनेगा। दिन लाभ और सुख का संयोग बनाएगा।कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और सहकर्मियों से आप सहयोग प्राप्त कर पाएंगे।

कन्या
आज आर्थिक क्षेत्र में गतिशीलता आएगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढेगा। अधिकारियों से आपको सहयोग मिलेगा। आपके पूर्व में किए गए किसी काम के लिए आपकी सराहना होगी।

तुला
आज जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। आपको सामाजिक मामलों में संयम के साथ काम करना चाहिए।कुछ लोग आपकी लोकप्रियता और प्रभाव से मन ही मन ईर्ष्या कर सकते हैं।

वृश्चिक
आपको भावनात्मक सपोर्ट मिलेगा। आपके मन में विचारों का करेंटे दौड़ेगा और आप कुछ नए आइडिया पर काम शुरू कर सकते हैं।

धनु
आज,कारोबार में लाभ मिलेगा। दिन मिश्रित फलदायी होगा। धार्मिक और शुभ कार्यों पर आपको धन खर्च करना होगा। कारोबार में लाभ मिलेगा, लेकिन प्रतिद्वंद्वियों से आपको चैलेंज भी मिलेगा।

मकर
आज,आर्थिक लाभ का संयोग बनेगा। आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेगा।आप कुछ नया काम भी शुरू कर सकते हैं। आर्थिक लाभ का संयोग बनेगा।

कुंभ
आज,जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा। जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा। दिन लाभदायक रहेगा। आपको भाग्य एक से अधिक स्रोत से लाभ लाभ का मौका देगा।

मीन
कोई बड़ी चाहत पूरी हो सकती है। आज लाभ और आनंद का संयोग बना हुआ है। आपकी कोई बड़ी चाहत पूरी हो सकती है। सरकारी क्षेत्र के काम में आपको सफलता मिलेगी।

एक नजर

ब्राउन शुगर तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

मोकामा। मोकामा थाना क्षेत्र के महादेव स्थान घाट के पास से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के आरोपित राजकुमार उर्फ कैला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह संकरबार टोला का निवासी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दो महीने पूर्व ही जेल से छूटकर आया था। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के अनुसार, बीते मंगलवार को पुलिस ने 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि दोनों युवक राजकुमार उर्फ कैला से ही ब्राउन शुगर खरीदते थे। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कैला मौके से फरार हो गया था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने महादेव स्थान घाट के पास छापेमारी कर राजकुमार उर्फ कैला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, जेल से छूटने के बाद वह फिर से कथित तौर पर सूखे नशे के कारोबार में सक्रिय हो गया था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।वही थानाध्यक्ष ने बताया कि शिवनार से चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

तारेगना स्टेशनः चलती ट्रेन के आगे कूद रही महिला को यात्रियों ने बचाया

मसौढ़ी। पटना-गया रेलखंड स्थित तारेगना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घरेलू कलह से तंग आकर एक महिला ने चलती ट्रेन के आगे कूदने का प्रयास किया। गनीमत रही कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद सतर्क यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे समय रहते खींच लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन आते देख प्लेटफॉर्म पर पहले से मौजूद महिला अचानक पटरी की ओर दौड़ पड़ी। यात्रियों के शोर मचाने और फौरन दौड़कर पकड़ लेने से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्टेशन पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही जीआरपी की महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचीं और महिला को संभाला। पूछताछ में महिला ने अपनी पहचान मसौढ़ी के मलिकाना मोहल्ले की निवासी के रूप में बताई। उसने रोते हुए आरोप लगाया कि पति कोई काम नहीं करता और उसे भी काम नहीं करने देता। विरोध करने पर वह रोज मारपीट करता है। दो बच्चों की मां उक्त महिला इसी घरेलू विवाद से तंग आकर यह आत्मघाती कदम उठाने पहुंची थी। जानकारी पाकर उसकी भाभी भी स्टेशन पहुंच गईं। पुलिस और परिजनों द्वारा काफी देर तक समझाने-बुझाने और काउंसलिंग के बाद महिला को सुरक्षित घर भेज दिया गया।

दो जिंदा कारतूस और बाइक के साथ नाबालिग पकड़ाया

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना पुलिस ने नियमित शाम गश्ती के दौरान अनुमंडल चौराहा के पास से दो जिंदा कारतूस के साथ एक नाबालिग को पकड़ा है। इसके साथ ही पुलिस ने मौके से उसकी यामाहा आर15 बाइक भी जब्त कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अवर निरीक्षक (पुअनि) जयशंकर प्रसाद सशस्त्र बल के जवानों के साथ शाम में गश्ती पर निकले थे। अनुमंडल चौराहा के समीप पहुंचते ही पुलिस वाहन को देखकर एक बाइक सवार किशोर भागने लगा। संदेह होने पर जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए लड़के की उम्र करीब 16 वर्ष बताई गई है, जो मसौढ़ी के वीर कुंवर सिंह कॉलोनी का निवासी है। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में उसके पैंट की दाहिनी जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मसौढ़ी थाना कांड संख्या 996/26 के तहत आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

25 पोलों से तार काटकर ले गए चोर, विभाग को 91 हजार से अधिक का नुकसान

मसौढ़ी/पुनपुन। पुनपुन थाना क्षेत्र के समानचक कृषि खंड में अज्ञात चोरों ने बिजली के खंभों पर लगा करीब 750 मीटर एलटी एबी केबल काटकर चुरा लिया। इस घटना से विद्युत विभाग को लगभग 91,500 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है, वहीं क्षेत्र के किसानों की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है। मामले को लेकर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा पुनपुन के कनीय विद्युत अभियंता ने पुनपुन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में कनीय अभियंता ने बताया कि डुमरी गांव के किसानों ने मध्य रात्रि समानचक खंड में केबल चोरी होने की सूचना दी थी। इसके बाद वे अपने सहयोगी अखिलेश कुमार, माला कुमारी और मानव बल संतोष कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कृषि फीडर के लगभग 25 विद्युत पोलों से 35 एमएम स्क्वायर 3डी एलटी एबी केबल अज्ञात चोर काट ले गए हैं। इससे एसबीपीडीसीएल को 91,500 रुपये का नुकसान हुआ है। पुनपुन थाना पुलिस ने कांड संख्या 359/26 के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

प्रताड़ित करने का आरोप, पांच नामजद

मसौढ़ी। केवड़ा ओपी क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। एक पिता ने अपनी विवाहिता पुत्री को दहेज के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में सरेहिया (पोस्ट-मंराची) निवासी पप्पू सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री निशा कुमारी का विवाह पंकज कुमार के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी और मांग पूरी न होने पर निशा के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार किया जाने लगा। पीड़िता के पिता के अनुसार, लगातार मिल रही प्रताड़ना के कारण उनकी पुत्री को ससुराल में रहने नहीं दिया जा रहा है। मामले में पति पंकज कुमार, ससुर जितेंद्र सिंह, सास माधुरी देवी, बीना देवी (पति-जितेंद्र सिंह) और ननद प्रियंका कुमारी को नामजद आरोपी बनाया गया है। ससुराल से निकाले जाने के बाद पीड़िता वर्तमान में गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के जनता रोड, गौतम नगर में रह रही है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने पुनपुन थाना कांड संख्या 360/26 के तहत दहेज निषेध अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मजदूर की करंट से मौत

मसौढ़ी/धनरूआ। धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेड़ा बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में शुक्रवार दोपहर करंट लगने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेवां गांव निवासी स्वर्गीय नरेश प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र बैजू कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बैजू पंडाल निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक नंगे बिजली तार के संपर्क में आ गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी जान चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। मृतक अपने पीछे पत्नी पुष्पा देवी और दो मासूम बच्चों को छोड़ गया है। वह मजदूरी कर पूरे परिवार का भरण-पोषण करता था। त्योहार से ठीक पहले हुई इस दुखद घटना के बाद मृतक के गांव रेवां में शोक की लहर दौड़ गई है। इधर, रेवां पंचायत के मुखिया रामकृपाल और सरपंच संतोष अनमोल ने मृतक के आश्रितों को सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

दुर्गा पूजा को लेकर मोकामा में फ्लैग मार्च

मोकामा। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को मोकामा क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। सर्किल इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में मोकामा, हाथीदह, मरांची और पचमहला थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।फ्लैग मार्च के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता देखने को मिली। इसमें मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार, मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार, पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार और मेकरा ओपी प्रभारी अवनीश कुमार, एसआई सत्यम झा, सुनील कुमार, आशुतोष कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से पुलिस ने विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च किया।

मसौढ़ी की जनता तोड़ेगी अहंकारियों का घमंड : अनंत सिंह

मसौढ़ी में चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार अनुज सिंह के समर्थन में शुक्रवार को मोकामा विधायक अनंत सिंह ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। जन आशीर्वाद यात्रा के तहत पटना से रवाना हुआ उनका काफिला धनरुआ के बेलदारीचक, पभेड़ी मोड़, डुमरा, जलालपुर और साई होते हुए मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र पहुंचा। इसके बाद उन्होंने सगुनी, रेवां, बेर्रा, तिनेरी, सरवां, हरवंशपुर, नीमा, पोठही और पुनपुन का सघन दौरा किया। मसौढ़ी के मालिकाना मोड़ पर समर्थकों ने विधायक का ऐतिहासिक स्वागत किया। दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे अनंत सिंह पर जगह-जगह फूल बरसाए गए। वहीं सैकड़ों समर्थकों और स्नातक युवाओं ने उन्हें चांदी का मुकुट पहनाया और फूल-मालाओं से लाद दिया। इस दौरान पूरा बाजार 'अनंत सिंह जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठा। युवाओं ने भरोसा दिलाया कि इस बार वे एकजुट होकर जन सुराज के प्रत्याशी अनुज सिंह के पक्ष में मतदान करेंगे। जनसभा को संबोधित करते हुए अनंत सिंह ने विरोधियों पर तीखा हमला बोला। अपने चिर-परिचित अंदाज में उन्होंने कहा, "हम अपने छोटे भाई अनुज सिंह के लिए वोट मांगने आए हैं, जो बदलाव का प्रतीक हैं। दूसरी तरफ खुद को स्टार समझने वाला बहुत अहंकारी हो गया है। जनता से उसका कोई सरोकार नहीं है; वह सिर्फ घमंड में रहता है। इस बार मसौढ़ी की जनता उसका घमंड तोड़ेगी और भारी मतों से उसकी हार तय है।" उन्होंने मतदाताओं से जात-पात से ऊपर उठकर शिक्षित उम्मीदवार चुनने की अपील की। इस मौके पर वार्ड पार्षद कुमारी प्रीतिलता, रंजीत कुमार, मुकुल शर्मा, रामजन्म शर्मा, छोटू इराकी, मंजू देवी, अनीश राजपूत, प्रिंस राजपूत, रोशन कुमार, दीपक यादव, धीरज यादव, रजनीश कुमार और दीपू कुमार समेत सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

नौ रूपों की सजीव झांकी, डांडिया और रामलीला का मंचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पाली रोड स्थित ब्लिस जूनियर किड्स स्कूल में शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजे स्कूल परिसर में सुबह से ही नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह का मुख्य आकर्षण मां दुर्गा के नौ स्वरूपों पर आधारित झांकी रही। इसमें नन्हे बच्चों ने मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की मनमोहक वेशभूषा धारण कर जीवंत प्रस्तुति दी। जैसे ही शैलपुत्री के रूप में नन्ही बच्ची ने त्रिशूल के साथ मंच पर प्रवेश किया, पूरा परिसर 'जय माता दी' के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान बच्चों को नौ देवियों के धार्मिक महत्व की जानकारी भी दी गई। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने पारंपरिक गुजराती परिधानों में डांडिया और गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं बच्चों ने रामलीला और रावण दहन का प्रभावी मंचन कर अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक इंदु शेखर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों के प्रति स्वाभाविक लगाव पैदा होता है। प्राचार्या शबनम ने सभी बच्चों व अभिभावकों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।

विजयादशमी की तैयारी जोरों परः मसौढ़ी में जलेगा 50 फीट का रावण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी को लेकर मसौढ़ी में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। परंपरा के अनुसार स्थानीय गांधी मैदान में भव्य रावण दहन का आयोजन होगा। मसौढ़ी श्री काली पूजा समिति (रावण वध कमेटी) लगातार 40वें वर्ष इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस बार मैदान में 50 फीट ऊंचा रावण तथा 45-45 फीट ऊंचे कुंभकरण व मेघनाद के पुतले स्थापित किए जा रहे हैं। स्थानीय युवा दिन-रात पुतला निर्माण में जुटे हैं। आंधी और संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए पुतलों को मजबूत आधार दिया जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार विजयादशमी के दिन शहर में भगवान सीताराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए शाम 4 बजे गांधी मैदान पहुंचेगी। इसके बाद लंका दहन और मुख्य रावण दहन संपन्न होगा।

प्रशासनिक सतर्कताः 6 ड्रॉप गेट, वॉच टावर और सीसीटीवी से निगरानी हजारों की संभावित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार ने बताया कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मैदान के चारों ओर 6 ड्रॉप गेट, अलग पार्किंग स्थल, वॉच टावर और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सफल आयोजन के लिए समिति ने दायित्वों का बंटवारा किया है। इसमें पलटन सिंह पटेल को अध्यक्ष, राम नरेश सिंह को सचिव, उज्ज्वल कुमार को कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार गुप्ता को संयोजक तथा अश्वनी कुमार उर्फ गोल्डी को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा चंदन, विकास व धीरज को उप सचिव; अविनाश व ब्रजेश कुमार को उपाध्यक्ष; सुनील कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव; राहुल पटेल को मीडिया प्रभारी तथा गुड्डू कुमार को उप मीडिया प्रभारी का जिम्मा मिला है।

पुनपुन-तारेगना में 'लाल गाड़ी' का सघन टिकट चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिना टिकट यात्रा करने वालों के लिए बुरी खबर है। दशहरा, दीपावली और छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में उमड़ रही भारी भीड़ और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर दानापुर रेल मंडल अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। बेटिकट यात्रियों के खिलाफ 'ऑपरेशन लाल गाड़ी' शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुनपुन और तारेगना रेलवे स्टेशन पर चार घंटे तक मेगा सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, जिससे पूरे पटना-गया रेलखंड पर हड़कंप मच गया। दानापुर मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में 19 टीटीई और आरपीएफ जवानों की संयुक्त टीम ने स्पेशल टिकट चेकिंग ट्रेन, जिसे रेलवे की भाषा में 'लाल गाड़ी' कहा जाता है, के साथ तारेगना और पुनपुन स्टेशन पर मोर्चा संभाला अभियान की शुरुआत सिंगरौली-पाटलिपुत्र पलामू एक्सप्रेस से की गई। इसके बाद टीम ने पटना-गया रेलखंड की 63241 पैसेंजर समेत अप और डाउन की करीब 8 से 10 ट्रेनों में सघन जांच की। इस दौरान 210 लोग बिना टिकट और अनियमित टिकट पर यात्रा करते पकड़े गए। रेलवे ने मौके पर ही सभी से कुल 1,13,250 रुपये जुर्माना के रूप में वसूल कर रेल राजस्व में जमा करा दिया।तारेगना में चेकिंग की खबर जंगल में आग की तरह फैली। खबर मिलते ही परसा बाजार, पुनपुन घाट, जटडुमरी, तारेगना और जहानाबाद समेत सभी छोटे-बड़े स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। कई स्टेशनों पर टिकटों की बिक्री में दोगुनी तक वृद्धि दर्ज की गई। रेल अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारी सीजन को देखते हुए यह विशेष चेकिंग अभियान आगे भी औचक रूप से जारी रहेगा। किसी भी स्टेशन और किसी भी ट्रेन में टीम कभी भी पहुंच सकती है।दानापुर रेल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि जुर्माना और असुविधा से बचने के लिए वैध टिकट लेकर ही उचित श्रेणी में यात्रा करें।

बच्चों ने निकाली नवदुर्गा की जीवंत झांकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मसौढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय मीरचक में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने माता के नौ स्वरूपों की आकर्षक व मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने नवदुर्गा के विभिन्न रूपों का जीवंत मंचन किया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रबंधन की ओर से विधि-विधान से कन्या पूजन कराया गया। इसके उपरांत बच्चों के बीच खीर, भोजन और केले का प्रसाद वितरित किया गया तथा छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। सरकारी विद्यालय में सांस्कृतिक चेतना और उत्साह से परिपूर्ण इस आयोजन की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोनी कुमारी ने कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें सनातन संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने के उद्देश्य से हर वर्ष ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर वरीय शिक्षक दीपक शर्मा, शिक्षिका राखी कुमारी, शिक्षा सेवक मादरा प्रवीण, राज कुमार दास, आशा देवी, गायत्री देवी, विभा कुमारी, गुड़िया कुमारी, अध्यक्ष निरमा कुमारी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिटी एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

दशहरा पर मसौढ़ी थाने में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। दशहरा पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलजा की अध्यक्षता में मसौढ़ी थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य दुर्गा पूजा और विजयादशमी को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना रहा। बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सिटी एसपी (पूर्वी) शैलजा के अलावा डीएसपी राघव दयाल, थानाध्यक्ष विवेक भारती समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद सिटी एसपी ने गांधी मैदान पहुंचकर विजयादशमी के दिन आयोजित होने वाले रावण दहन स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने मैदान में चल रही तैयारियों, सुरक्षा प्रबंधों और विधि-व्यवस्था संधारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए।

एसडीएम व डीएसपी ने की समीक्षा, थानों में बैठक कर दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। दुर्गा पूजा और दशहरा मेला को शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में शुक्रवार को एसडीएम धनराज कुमार, डीएसपी-1 राघव दयाल और डीएसपी-2 आशीष राज ने मसौढ़ी, धनरूआ, पुनपुन और शाहपुर थानों में संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विधि-व्यवस्था की संयुक्त समीक्षा बैठक की। धनरूआ में हुई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अलीशा कुमारी और अंचलाधिकारी (सीओ) भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में पूजा की तैयारियों का जायजा लेते हुए एसडीएम धनराज कुमार ने अधिकारियों और पूजा समितियों को जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी पूजा पंडालों में अग्निशमन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, भीड़ नियंत्रण के उपाय, पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) की तैनाती और सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही प्रतिमा विसर्जन को लेकर निर्देश दिया गया कि विसर्जन केवल पूर्व-चिह्नित घाटों या कृत्रिम तालाबों में ही किया जाए। त्योहार के दौरान यातायात प्रबंधन, सुरक्षा मानकों और विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर भी कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए गए।

ग्रामीण कलाकारों के साथ नाटकों के मंचन की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दनियावां (पटना)। नवयुवक नाटक कला परिषद (सरथुआ) द्वारा आगामी माँ काली पूजनोत्सव एवं दशहरा के पावन अवसर पर तीन दिवसीय रात्रि नाटकों के मंचन की तैयारियां जोरों पर हैं। 1980 के दशक से ही सरथुआ का यह भव्य रंगमंच निरंतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का केंद्र रहा है। परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार प्रेमी, सचिव सह खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, मीडिया प्रभारी डॉ. राजीव नयन सिंह, नागेंद्र कुमार तथा विमलेश कुमार उर्फ अखिलेश सर ने संयुक्त रूप से बताया कि महाअष्टमी, महानवमी और विजयादशमी की रात क्रमशः 'कश्मीर हमारा है', 'घुंघरू' (लेखकः बीपी राजेश) तथा तुलसी प्रेमी लिखित ऐतिहासिक नाटक 'पृथ्वीराज चौहान' का मंचन किया जाएगा। इन नाटकों में पुरुष एवं स्त्री—दोनों पात्रों का अभिनय स्थानीय ग्रामीण कलाकार ही करेंगे। वहीं, पड़ोसी गांव भुतही नदी के उत्तर 'तोप' में भी तीन दिवसीय नाट्य मंचन की रूपरेखा तय की गई है। वहां 'जल्लाद', 'अरावली का शेर' और 'होचिमिन्ह' नाटकों की प्रस्तुति होगी। इसके अतिरिक्त, अष्टमी, नवमी और दशमी को दोनों गांवों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिसमें गोरखपुर और गया से आमंत्रित महिला कलाकार

दुर्गापूजा को लेकर पालीगंज में फ्लैग मार्च

एसडीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर बाजार का किया भ्रमण, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में दशहरा मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज (पटना)। दुर्गापूजा और दशहरा पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति और सुरक्षा का माहौल कायम रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पालीगंज नगर बाजार में प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च पालीगंज थाना परिसर से शुरू होकर चंढोस मोड़, निरखपुर, पुरानी बाजार, मदरसा रोड और डीहपाली सहित नगर बाजार के विभिन्न इलाकों से गुजरा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में पुरुष और महिला पुलिसकर्मी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार, नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी भावना कुमारी, पालीगंज निरीक्षी पदाधिकारी सुरेंद्र पासवान, पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि दुर्गापूजा और दशहरा के दौरान आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखना जरूरी है। पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। प्रमुख स्थानों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। वहीं, थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पूजा के दौरान मेला घूमने आने वाले महिला-पुरुषों की सुरक्षा के साथ-साथ नगर बाजार और पूरे थाना क्षेत्र में असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शांति भंग करने या उपद्रव करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से प्रशासन को सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-120 पर धुसरी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के तेयाप गांव निवासी स्वर्गीय चंद्रदीप ठाकुर के पुत्र राजकिशोर ठाकुर के रूप में हुई है। मामले की जांच कर रहे सब-इंस्पेक्टर (एसआइ) सूर्यदेव सिंह ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है।

Name Change

I hitherto known as Sumitra Devi w/o Ramabalak Prasad Yadav vill- Govindbigha Tola Navadih, PO- Pithauri, Distt- Nawada Bihar PIN-805112 have changed my name and shall hereafter be known as Sunina Devi. Affidavit no. 1324 date 14.10.26

असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

दुर्गा पूजा को लेकर बड़हरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बड़हरा (भोजपुर)। दुर्गा पूजा (दशहरा) को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बड़हरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने की। बैठक में थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी के साथ पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि दशहरा भाईचारे और एकता का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूजा समितियों से अपील की कि पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाएं, प्रशासन के गाइडलाइन का पालन करें, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वॉलेंटियर तैनात करें और किसी भी तरह की अफवाह पर

ध्यान न देकर तुरंत पुलिस को सूचना दें। वहीं थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार गश्ती भी की जाएगी। इस मौके पर कई पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, वार्ड सदस्य, मुखिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक आयोजित में सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह, थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी सहित अन्य कई दरोगा ,पुलिस व क्षेत्र गणमान्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट

बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बड़हरा थाना पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बड़हरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा का अहसास कराया। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने केशोपुर, मटुकपुर, बखोरापुर, एकवना सहित बड़हरा बाजार और सभी मुख्य पूजा पंडालों वाले संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने पूजा समितियों और आम लोगों से अपील की कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। वहीं उन्होंने असामाजिक तत्वों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि पूजा के दौरान हुड़दंग, छेड़खानी या किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है और पकड़े जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर थाना क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सभी संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और लगातार गश्ती की जा रही है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड

एकमा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। शारदीय नवरात्र की षष्ठी तिथि पर शुक्रवार की शाम नगर पंचायत एकमा बाजार के माल गोदाम के समीप स्थित मां दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में देवी मंत्रों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का नेत्र पट खुलते ही पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घंटियों की गूंज, शंखनाद और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए देर शाम तक पंडालों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने एकमा बाजार के मालगोदाम स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने आरती में शामिल होकर मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं के दर्शन किए। सांसद ने मां दुर्गा से महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र, सारण जिले, बिहार और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने तथा सभी पर मां की कृपा बनी रहने की प्रार्थना की।

एक नजर

जनता दरबार में कुल 140 आवेदनों की सुनवाई

मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 140 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। जिला के सभी अंचलों के अंचल अधिकारी जनता दरबार कार्यक्रम से सीधे वीसी के माध्यम से जुड़े हुए थे। जनता दरबार से ही अपर समाहर्ता के द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारी को प्राप्त शिकायतों के समाधान का निर्देश दिया गया। एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

53 से अधिक आवेदकों की सुनी गईं समस्याएं

आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, मनेश कुमार मीणा द्वारा आज ईज ऑफ लिविंग के तहत आयोजित जिला जनता दरबार में 53 से अधिक आवेदकों की समस्याएँ सुनी गईं। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व एवं भूमि सुधार, प्रधानमंत्री आवास योजना, ऊर्जा विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जाँच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

दशहरा पर्व को लेकर नगर निगम अलर्ट

मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। दशहरा पर्व के मद्देनज़र नगर निगम मोतिहारी द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए विशेष पहल की गई है। पर्व के दौरान पूरे निगम क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार का साप्ताहिक अवकाश रद्द कर दिया गया है। रविवार को भी नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों एवं मुख्य सड़कों पर नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जाएगा। नगर आयुक्त आशीष कुमार के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सफाई कर्मियों को अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई कार्य करने तथा स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि दशहरा पर्व के दौरान शहर में कहीं भी गंदगी की समस्या उत्पन्न न हो। नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य पर्व के अवसर पर शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुंदर और स्वच्छतापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि सभी लोग बिना किसी असुविधा के पर्व मना सकें।

एसडीओ ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

मढ़ौरा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को मढ़ौरा के अनुमंडल पदाधिकारी ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत सलीमापुर से हुई। इसके बाद एसडीओ ने गढ़देवी मंदिर परिसर और पुरानी बाजार स्थित रावण वाले स्थान पर बने दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। यहां से वे अमनौर पहुंचे, जहां सर्वोदय मेला परिसर में बने पूजा पंडाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण का अंतिम पड़ाव अमनौर का पैगा बाजार रहा। इस दौरान पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशासन का उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने देना तथा पूरे क्षेत्र में शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना है।

मां दुर्गा की आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

मढ़ौरा (सारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर शुक्रवार को मढ़ौरा के विद्यालयों में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। आदर्श मध्य विद्यालय, मढ़ौरा और उच्च माध्यमिक विद्यालय, हसनपुरा में छात्र-छात्राओं ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को जीवंत कर दिया। झांकियों में विद्यार्थियों का उत्साह, श्रद्धा और भक्ति भाव देखते ही बन रहा था। उनकी प्रस्तुतियों से विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली। मां दुर्गा के प्रति आस्था और श्रद्धा से ओत-प्रोत झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने दुर्गा पूजा के उत्सवी माहौल को और भी खास बना दिया।

तालाब को जीर्णोद्धार की है जरूरत

औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के मदनपुर प्रखंड के अटल बिगहा गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है जिसके किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्बारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है।

डॉ. विकास कुमार का आइयूएसटी, कश्मीर में सहायक प्राध्यापक पद पर चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग के पूर्व पीएचडी शोधार्थी डॉ. विकाश कुमार का चयन इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईयूएसटी), कश्मीर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर) के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। डॉ. विकाश कुमार ने मीडिया अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. अंजनी कुमार झा के कुशल शोध निर्देशन में 'सामाजिक जागरूकता के प्रसार में वेब मीडिया की भूमिका' विषय पर अपना पीएचडी शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उनका शोध विशेष रूप से वेब मीडिया, सामाजिक जागरूकता तथा डिजिटल माध्यमों की भूमिका पर केंद्रित रहा है। डॉ. कुमार की इस उपलब्धि पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। मीडिया अध्ययन विभाग के शिक्षक एवं शोधार्थी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. कुमार की सफलता विश्वविद्यालय के अन्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

पारदर्शिता से होगी धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उत्तर बिहार में 1 नवंबर से तथा दक्षिण बिहार में 15 नवंबर से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने की तैयारी है। भारत सरकार द्वारा सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,441 प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,461 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराना है। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। किसानों की सुविधा और हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिप्राप्ति के बाद लाभुक किसानों को 48 घंटे के अंदर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति 2026-27 में किसानों के लिए एग्री स्टैक के डाटा का उपयोग किया जाएगा। सहकारिता विभाग द्वारा धान अधिप्राप्ति हेतु इच्छुक सभी किसानों से अनुरोध किया गया है कि वह अपना एग्री स्टैक आईडी समय से बनवा लें। पैक्स एवं व्यापार मंडल के अध्यक्षों प्रबंधकों एवं पद धारकों से इस कार्य में सहयोग लिया जा सकता है। धान बिक्री हेतु इच्छुक किसानों का आवेदन की esahkari.bihar.gov.in पोर्टल पर 20 अगस्त 2026 से ही प्रारंभ किया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

अश्विनी गौरव बने जदयू युवा के प्रदेश सचिव

मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। सुगौली नगर निवासी अश्विनी गौरव को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) युवा संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। प्रदेश नेतृत्व के इस फैसले का पार्टी के जिला एवं राज्य स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए अश्विनी गौरव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पार्टी नेताओं ने कहा कि अश्विनी गौरव लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। उनकी सक्रियता,निष्ठा और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पूर्वी चंपारण सहित पूरे प्रदेश में जदयू युवा संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और पार्टी का जनाधार मजबूत होगा।बधाई देने वालों में नरकटिया विधायक विशाल शाह, पूर्व एमएलसी सतीश कुमार, कबीर पटेल, मो. साबिर, दीपक पटेल, रंजन कुमार, मनोज कुमार,रामश्रय पासवान, ब्रजेश पटेल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), सारण के तत्वावधान में शुक्रवार को हेमनगर, छपरा स्थित सिटी गार्डन के संवाद कक्ष में जिला स्तरीय वासंतिक (रबी) कर्मशाला-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता ई. मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों ने रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ई. मुकेश कुमार ने कहा कि कृषि प्रसार कर्मी किसानों और कृषि विभाग के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विभाग की

ओर से संचालित योजनाओं, नवीन तकनीकों और कृषि संबंधी नवाचारों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अहम है। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण मधुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सारण कृषि प्रधान जिला है। यहां के किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं। कृषि विभाग की ओर से किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कृषि यंत्र और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के वैज्ञानिकों ने रबी फसलों की बेहतर पैदावार के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को निर्धारित समय पर बुआई करने, प्रमाणित एवं उन्नत किस्मों के बीजों का उपयोग करने तथा मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। इसके अलावा जल संरक्षण, सिंचाई प्रबंधन और कीट एवं रोग नियंत्रण के उपायों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि अभियंत्रण ई. दीपक कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के वरीय वैज्ञानिक डॉ. आरके तिवारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी सुधीर तिवारी, उप परियोजना निदेशक शमशेर आलम, कार्यक्रम समन्वयक दीपक कुमार तथा सहायक निदेशक प्रक्षेत्र हरिद्वार प्रसाद चौरसिया सहित प्रखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मी और सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन हरिद्वार प्रसाद चौरसिया ने किया।

सीओ और थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एकमा बाजार में निकला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

एकमा (सारण)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को सीओ रवि शेखर और थानाध्यक्ष राम बालक यादव के नेतृत्व में एकमा बाजार में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने बाजार के विभिन्न इलाकों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न मां दुर्गा पूजा समिति दुर्गा स्थान, यमुना सिंह मार्केट में कैलाशपुरी, रेलवे स्टेशन परिसर में महाराज पूजा समिति सहित ब्लॉक रोड, हंसराजपुर, परसागढ़ मोड़, बस स्टैंड आदि दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और पूजा समितियों के सदस्यों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान डीजे बजाने समेत प्रतिबंधित गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। प्रशासन ने त्योहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बरतने की बात कही।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करायी जाएगी दुर्गा पूजा : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। दुर्गा पूजा के त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में सद्भाव के साथ संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षर से संयुक्तादेश जारी किया गया है जिसमें जिलाधिकारी ने कहा है कि दुर्गा पूजा के त्यौहार को सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता विधि व्यवस्था रहेगी। जिला में कुल 833 स्थान को चिन्हित करते हुए वहां पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्ति की गई है एवं सभी पदाधिकारियों को इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए काफी सतर्कता बरतने की जरूरत है। कभी-कभी अफवाहों के कारण गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। डीएम ने कहा कि जिले में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है और वहां की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी के द्वारा अनुमंडल अन्तर्गत निर्मित अस्थाई एवं स्थाई मूर्तियों/पूजा पंडालों की संख्या सहित विसर्जन की प्रस्तावित तिथि की जानकारी दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक विसर्जन करना निर्धारित किया गया है। दुर्गा पूजा के त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में सद्भाव के साथ संपन्न कराने संबंधी सभी जरूरी निर्देश पूजा समितियां को दे दिए गए हैं। पूजा पंडाल में आम दर्शनार्थियों को सहयोग के लिए वॉलिंटियर्स रखने खासकर महिला वॉलिंटियर्स भी रखने का निर्देश दिया गया है।

सारण के 64 संकुल संघों में 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। जिला प्रशासन और जीविका के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सारण जिले के सभी 64 संकुल स्तरीय संघों में 'वोकल फॉर लोकल-मेरा उत्पाद, मेरी पहचान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जीविका दीदियों ने अपने हुनर, कला और उद्यमिता का प्रदर्शन करते हुए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फ़ेरी से हुई। इसके बाद 'मेरा उत्पाद, मेरी पहचान' थीम पर रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें जीविका दीदियों ने अपनी रचनात्मकता और उत्साह का परिचय दिया। संकुल स्तर पर

जीविका दीदियों ने दिखाई उद्यमिता की ताकत

आयोजित प्रदर्शनी में जीविका दीदियों द्वारा निर्मित सत्तू, अचार, पापड़, शुद्ध देसी घी, भूजा, मसाले, मोमबत्ती, स्वेटर, टोमेटो सॉस और बड़ी समेत कई स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए गए। आगामी छठ महापर्व को देखते हुए तैयार किए गए अर्घ्य पात्र, सूप और टोकरी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान जीविका दीदियों ने अपनी सफलता की कहानियां भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि जीविका से जुड़ने के बाद उन्हें कौशल प्रशिक्षण, सामाजिक पहचान और आर्थिक सहयोग मिला, जिससे वे गृहिणी से सफल उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ीं। कई महिलाओं ने जीविका सामुदायिक निधि से, जबकि अन्य ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और बैंक ऋण की मदद से अपना व्यवसाय शुरू किया और उसका विस्तार किया। दिघवारा की ललिता देवी सर्फ और अगरबत्ती का निर्माण कर रही हैं। अपने व्यवसाय के माध्यम से वह परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार की संभावना तैयार कर रही हैं। वहीं, जलालपुर की सुनंदा देवी ने जीविका से ऋण लेकर पत्तल और ग्लास निर्माण का काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि जीविका से मिले ऋण ने उन्हें स्वरोजगार का अवसर दिया। अब जिला प्रशासन के सहयोग से सरकारी मेलों और बाजारों में स्टॉल उपलब्ध होने से उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर के पक्ष में मत देने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर बिहार सरकार की भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह ने पूर्व मेयर राखी गुप्ता के आवास पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने एनडीए समर्थित प्रत्याशी आनंद पुष्कर के पक्ष में प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की समस्याओं का समाधान करना और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षा के विकास में शिक्षकों का योगदान अहम है। इसलिए शिक्षकों की समस्याओं को सुनना, उनके सुझावों को समझना और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने

के लिए उनसे संवाद करना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षक समुदाय से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा और समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया। प्रेस वार्ता से पहले मंत्री ने शिक्षक-शिक्षिकाओं और मतदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के विचारों और समस्याओं को समझना तथा उनके मुद्दों पर सार्थक चर्चा करना है। अंत में मंत्री ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी आनंद पुष्कर के पक्ष में क्रम संख्या एक पर प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की। इस अवसर पर जिला जदयू अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, पूर्व जिला अध्यक्ष मुरारी सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, जिला प्रवक्ता ब्रजेश कुमार, पूर्व मेयर राखी गुप्ता, वरुण प्रकाश, इम्तेयाज परवेज, सतीश शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

ओबरा में बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष ने किया फ्लैग मार्च; पंडालों व विसर्जन घाटों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सौहार्दपूण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले बाजारों में प्रशासन द्वारा संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि त्योहार के दौरान विधि-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थलों पर विशेष

प्रशासनिक निगरानी रखी जा रही है। उपद्रव फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर कड़ी कानूनी नजर रखी जा रही है। एसडीएम ने सभी नागरिकों से शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा भ्रामक सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस बल पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। त्योहार में खलल डालने की मंशा रखने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। वहीं ओबरा प्रखंड में शारदीय नवरात्र पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, अंचल अधिकारी राकेश शर्मा और ओबरा थानाध्यक्ष नरोत्तम के नेतृत्व में अधिकारियों और पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान ओबरा, कारा, खुदवां, बेल सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण किया गया। अधिकारियों ने विभिन्न पूजा पंडालों और प्रतिमा विसर्जन घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था और विसर्जन घाटों की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही पूजा समितियों के सदस्यों को सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय प्रशासन और पुलिस को देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि ओबरा प्रखंड के अन्य क्षेत्रों में भी निरीक्षण किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी पूजा पंडालों में पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

गंगा देवी महिला महाविद्यालय में डांडिया की धूम

पटना। कंकड़बाग स्थित गंगा देवी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान छात्राओं और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय सांस्कृतिक विविधता और सामूहिक सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में सांस्कृतिक मूल्यों और एकजुटता की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की बर्सर डॉ. रचना जायसवाल, कार्यालय प्रभारी डॉ. बिमला चौधरी, प्रॉक्टर डॉ. बिधु बाला, वरिष्ठ शिक्षिकाएं प्रो. प्रमांशी जयदेव एवं प्रो. रागिनी वर्मा सहित अन्य शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

पेज 1 का शेष

सरकार के पास ही रहेगा...

उन्नत और मजबूत बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन अस्पतालों में मरीजों को आधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसका उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और अस्पतालों की क्षमता बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने पटना स्थित राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल को आधुनिक बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इसके विकास के लिए काम करने और इसे देश के बड़े आयुर्वेद संस्थानों से जोड़ने का निर्देश दिया। सरकार का लक्ष्य चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ राज्य में उपलब्ध संसाधनों का अधिक प्रभावी इस्तेमाल करना है। बैठक में पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों के विकास और संचालन से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में आगे बढ़ते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेसवे ...

परियोजना विशेष महत्व रखती है। एक्सप्रेसवे के माध्यम से क्षेत्र को प्रमुख अंतरराज्यीय मार्गों से बेहतर जुड़ाव मिलने की उम्मीद है। इससे रांची, कोलकाता और वाराणसी की ओर जाने वाले लोगों को अधिक सुविधाजनक आवागमन विकल्प मिलेगा। झारखंड के पलामू क्षेत्र से होकर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों तथा मालवाहक वाहनों को भी इसका लाभ मिल सकता है। बेहतर संपर्क से कृषि उत्पादों, औद्योगिक सामान और अन्य वस्तुओं के परिवहन में सहूलियत आने के साथ क्षेत्रीय व्यापार को गति मिलने की संभावना है।

पैकेज-सात में कई आधुनिक संरचनाओं का निर्माण

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर देवेंद्र कुमार बंसल ने मीडिया प्रतिनिधियों को निर्माण की स्थिति और परियोजना की तकनीकी विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर यातायात को व्यवस्थित रखने, स्थानीय सड़कों से संपर्क बनाने और सड़क सुरक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की संरचनाएं बनाई जा रही हैं। पैकेज-सात में तीन प्रमुख पुल, नौ छोटे पुल, आठ फ्लाईओवर एवं एलिवेटेड संरचनाएं, 19 व्हीकुलर अंडरपास, दो ईयूपी, दो सीयूपी, दो हाथी अंडरपास, दो एनिमल ओवरपास, 1०7 बॉक्स कल्वर्ट, एक इंटरचेंज और एक टोल प्लाजा का प्रावधान है। यात्रियों की सुविधाओं के लिए दो रेस्ट एरिया भी विकसित किए जाएंगे। इन संरचनाओं से एक्सप्रेसवे पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही के साथ स्थानीय यातायात के लिए भी संपर्क व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण पर भी जोर

निर्माण के साथ पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही को भी परियोजना में शामिल किया गया है। इसके तहत करीब 45 हजार पौधे लगाने का प्रस्ताव है। बिहार वन विभाग और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के सहयोग से वन्यजीव संरक्षण एवं शमन योजना तैयार की गई है। इसके लिए एनएचएआई की ओर से वन विभाग को लगभग 5० करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। योजना में वन्यजीवों के आवास में सुधार, चयनित अनुसूची-एक प्रजातियों का संरक्षण, मृदा एवं जल संरक्षण, वनाग्नि प्रबंधन तथा निगरानी और मूल्यांकन जैसे उपाय शामिल हैं। हाथी अंडरपास और एनिमल ओवरपास वन्यजीवों की आवाजाही को सुरक्षित बनाने में सहायक होंगे। मीडिया टूर के दौरान एनएचएआई के डिप्टी मैनेजर राजन कुमार शर्मा, क्षेत्रीय कार्यालय पटना के मैनेजर सुबोध चौधरी, डिप्टी मैनेजर कैलाश अग्रवाल और परियोजना प्रबंधक प्रणय कुमार मौजूद रहे। एनएचएआई के अनुसार, निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों और सुरक्षा प्रावधानों के अनुरूप कराया जा रहा है। परियोजना पूरी होने पर बिहार सहित आसपास के राज्यों के बीच संपर्क मजबूत होने और गया, कैमूर, रोहतास एवं औरंगाबाद क्षेत्र के पर्यटन, परिवहन तथा आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।

बेटियां समाज की शक्ति व संस्कारों की संवाहक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने मां दुर्गा के नवस्वरूपों की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और धार्मिक आस्था का सुंदर संदेश दिया। नौ देवियों के स्वरूपों में सुसज्जित बहनों की आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह प्रेरणादायी संदेश दिया गया कि बेटियां केवल परिवार की शान ही नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और संस्कारों की संवाहक भी हैं। जिस समाज में बेटियों को सम्मान, शिक्षा और संस्कार मिलते हैं, वही समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है। मां दुर्गा के नौ स्वरूप नारी की शक्ति, साहस, करुणा और आत्मसम्मान के प्रतीक हैं। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों ने भक्तिमय भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को श्रद्धा और भक्ति से सराबोर कर दिया। सामाजिक

विज्ञान के आचार्य विपिन एवं अंग्रेजी के आचार्य रामकिंकर ने भी मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। दोनों आचार्यों एवं विद्यालय की बहनों के भजनों ने कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की अनुपम छटा बिखेरी। इसके अतिरिक्त, बहनों ने पारंपरिक डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर भारतीय लोकसंस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। उनकी रंग-बिरंगी वेशभूषा, उत्साह और कलात्मक अभिव्यक्ति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने, नारी शक्ति का सम्मान करने तथा जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का मूल संदेश यही रहा कि नारी का सम्मान, बेटियों को समान अवसर और नई पीढ़ी में संस्कारों का विकास ही एक सशक्त, सभ्य एवं समृद्ध समाज की आधारशिला है।

दुर्गा पूजा को लेकर हसपुरा में पुलिस का फ्लैग मार्च

असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को हसपुरा थाना पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च के जरिए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया गया, वहीं आम लोगों से आपसी भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च हसपुरा थाना परिसर से शुरू होकर हसपुरा-मेहंदिया पथ, पीरू, रघुनाथपुर, बिरहारा, किसुनपुर, अमझरशरीफ, बस स्टैंड, हसपुरा बाजार, ईटवां, खुटहन, नरसन और पचरुखिया समेत प्रखंड के विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। वहीं एसआई विनय कुमार, सूर्यदेव सिंह, नेहाल अहमद और उमेश कुमार ने भी लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। फ्लैग

मार्च के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और दुर्गा पूजा समितियों से संवाद कर पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आग्रह किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या कानून का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिला किसान दिवस पर दिल्ली में सम्मानित हुईं औरंगाबाद की वंदना देवी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। महिला किसान दिवस के अवसर पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में बिहार की वंदना देवी को सम्मानित किया गया। औरंगाबाद जिले के बारून प्रखंड अंतर्गत मौआर खैरा गांव की निवासी वंदना देवी, पति मुकेश मौआर, को बिहार से एकमात्र महिला किसान के रूप में इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से औरंगाबाद जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'नारी शक्ति से कृषि समृद्धि' रखी गई थी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचीं प्रगतिशील महिला किसानों ने कृषि क्षेत्र में अपने अनुभव, संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं। इस दौरान वंदना देवी ने भी खेती में अपने सफर, परिवार से मिले सहयोग और महिला किसान के रूप में सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा उन्हें और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर 'सशक्त महिला किसान, समृद्ध कृषि और आत्मनिर्भर भारत' का संदेश दिया गया। एक सामान्य किसान परिवार से आने वाली वंदना देवी का राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना बारून प्रखंड के साथ-साथ पूरे औरंगाबाद जिले के लिए गर्व की बात है। उनकी उपलब्धि ग्रामीण क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर बनने और अपनी मेहनत व प्रतिभा के बल पर नई पहचान बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

दशहरा को लेकर शिवगंज बाजार दुल्हन की तरह सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दशहरा को लेकर औरंगाबाद के शिवगंज बाजार में उत्सव की रौनक देखते ही बन रही है। पूरा बाजार रंग-बिरंगी लाइटों और आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगा उठा है। बाजार की सड़कों और दुकानों के आसपास की गई सजावट लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं, वार बाजार में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है, जो श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आकर्षक सजावट और धार्मिक माहौल के बीच पूरा इलाका मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है।

दशहरा को लेकर शिवगंज बाजार में विशेष तैयारी की गई है। रंगीन विद्युत झालरों और जगमगाती

वार बाजार में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बना भव्य पूजा पंडाल

रोशनी से सजे बाजार की खूबसूरती देखते ही बन रही है। शाम होते ही रोशनी की चमक से पूरा इलाका उत्सवी रंग में नजर आने लगता है। बाजार से गुजरने वाले लोग आकर्षक सजावट को निहारते दिखाई दे रहे हैं। त्योहार को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

वार बाजार में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर तैयार किया गया भव्य पूजा पंडाल इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर की शैली पर आधारित पंडाल श्रद्धालुओं को धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का एहसास करा रहा है। पंडाल की भव्यता और आसपास की सजावट दशहरा उत्सव की रौनक को और बढ़ा रही है। मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है।

शिवगंज बाजार में की गई आकर्षक सजावट से दशहरा का उल्लास साफ झलक रहा है। रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाते बाजार और भव्य पूजा पंडाल ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय बना दिया है। 'जय माता दी' के जयकारों के बीच श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में जुटे हैं। दशहरा के अवसर पर बाजार की यह रौनक धार्मिक आस्था, उत्साह और उमंग का सुंदर संगम प्रस्तुत कर रही है।

करंट से युवक की मौत के बाद महिला को डायन बता प्रताड़ित करने का आरोप, 12 पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना क्षेत्र के बसौरा गांव में करंट से एक युवक की मौत के बाद एक महिला को डायन बताकर प्रताड़ित करने और परिवार से 2.20 लाख रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता सरिता देवी ने शुक्रवार को थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में सिकंदर साव, नवल साव, गोपाल साव, बैकुंठ साव, बृजमोहन साव, चंदन साव, गुड्डन साव, विक्रम साव, विमला देवी, सोनमती, अमृता देवी और रोहित कुमार साव सहित 12 लोगों को नामजद किया गया है। आरोप है कि गुरुवार शाम आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की तथा बीच-बचाव करने आए ससुर रामखेलावन साव, सास विनती देवी व पति धनंजय साव को भी पीटा। जानकारी के मुताबिक, 1 अगस्त को गांव के मुकेश कुमार की करंट से मौत के बाद परिजन अंधविश्वास में पड़कर झारखंड के हरिणा नीमा निवासी तांत्रिक मुन्ना भगत के पास गए थे। आरोप है कि तांत्रिक ने सरिता देवी को डायन व भसुर रामलाल साव को ओझा बता दिया। इसके बाद कथित तौर पर 100 रुपये के स्टांप पेपर पर समझौता कराकर परिजनों से कुल 2.20 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। इसमें दूसरे तांत्रिक के पास जाने पर दो लाख जुर्माने की शर्त भी शामिल थी। कुटुंबा थानाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

नीरज - नवल की जीत को लेकर एनडीए नेताओं ने झोंकी ताकत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार विधान परिषद के पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी प्रो. नवल किशोर यादव के समर्थन में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में चुनावी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधान पार्षद अरविंद शर्मा, हिसुआ विधायक अनिल सिंह, नवादा विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, पूर्व विधायक अरुणा देवी, कन्हैया रजवार एवं भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से संवाद कर उनके मान-सम्मान, सेवा शर्तों के सुदृढ़ीकरण तथा शिक्षा जगत में व्याप्त विसंगतियों के स्थायी समाधान के लिए एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रथम वरीयता का मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और स्नातकों के हितों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं को विधान परिषद में प्रभावी ढंग से उठाने के लिए एनडीए प्रतिबद्ध

शिक्षकों के साथ वरिष्ठ मंत्री विजय सिन्हा ने किया संवाद

है। उन्होंने समस्त शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से आग्रह किया कि पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रो. नवल किशोर यादव तथा पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि विधान परिषद में शिक्षकों एवं स्नातकों की आवाज और अधिक बुलंद हो सके। विधान पार्षद अरविंद शर्मा ने कहा कि विधान परिषद शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं को सदन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। योग्य एवं अनुभवी प्रतिनिधियों के चयन से इन वर्गों की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल की जा सकती है। हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज और राष्ट्र के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों के सम्मान, अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध नेतृत्व को समर्थन देना आवश्यक है। नवादा विधायक विभा देवी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में शिक्षकों का योगदान सर्वोपरि है। शिक्षकों एवं स्नातकों के हितों की रक्षा और उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सभी मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। भाजपा प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा, शिक्षक सम्मान और व्यवस्था में सुधार के लिए संकल्पित है। उन्होंने शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि नवादा जिले के शिक्षक एवं स्नातक मतदाताओं के बीच एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से एकजुट होकर प्रो. नवल किशोर यादव एवं नीरज कुमार को प्रथम वरीयता का मत देकर विजयी बनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष राजकिशोर दांगी, हम पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक मांझी, रालोमो जिला अध्यक्ष विनय कुशवाहा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, शशि भूषण बबलू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रियरंजन श्रीनिवास, प्रमोद चुन्नू, विजय पाण्डेय सहित भाजपा के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शिक्षक-स्नातक मतदाता उपस्थित रहे।

Format C-1

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : कुमर राउत
ग्राम+पोस्ट : बनौली, थाना - सिमरी
जिला - दरभंगा

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of the Election : बिहार विधान परिषद्

***Name of Constituency** : 05 दरभंगा शिक्षक

I **Kumar Raut** a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

Sl. No.	Name of Court	Case No. and dated	Status of case(s)	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)
1.	सी. जे. एम. सीतामढ़ी	GR No. 1057/17, डूमरा थाना, सीतामढ़ी, केस सं. 77/17	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act, चेक बाउन्स का केस
2.	S.R. Singh, न्या.द., दरभंगा	TR50/25, सिमरी थाना, दरभंगा, केस सं. 934/19	आरोप विचरित	धारा 147, 149, 341, 353, 188, 304, 506 IPC, रोड पर धरना देकर जाम करना
3.	Kumar Nidhi, न्या.द., सीतामढ़ी	TR104/25, कम्पलेन केस नं. 2518/2015	लंबित	धारा 420, 406, 120बी IPC 138 NI Act., चेक बाउन्स का केस

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

Sl. No.	Name of Court & dates(s) of order(s)	Description of offence(s) punishment imposed	Maximum Punishment Imposed
1.	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)	NA (Sl. No. 1 to 3)

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

दुर्गा पूजा : 426 स्थलों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रड्डी जल रेड्डी द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारित रखने हेतु जिले के सभी संवेदनशील स्थलों सहित 426 स्थलों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उग्रवादी/उपद्रवी तत्वों एवं गुण्डा तत्वों एवं साम्प्रदायिक अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए, आवश्यकता पड़ने पर उनके विरूद्ध तत्काल कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। सभी पूजा आयोजकों को निदेशित किया गया है कि धार्मिक अनुष्ठान, पूजा के स्थान एवं पूजा पंडाल आदि का उपयोग चुनाव प्रसार के लिए न किया जाए।

डीएम एवं एसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस बल एवं दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति 20 अक्टूबर से प्रतिमा विसर्जन तक होगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल प्रतिनियुक्ति स्थल स समय उपस्थित होंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि-व्यवस्था के वरीय प्रभार में होंगे। दुर्गा पूजा के अवसर पर दरभंगा, समाहरणालय में 17 अक्टूबर से प्रतिमा विसर्जन तक जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी हैं, जिसका दूरभाष नम्बर - 06272-240600 है। इसके साथ ही पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) को जिला नियंत्रण कक्ष में पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया तथा अश्रुगैस दस्ता एवं बज्रवाहन तैयारी हालत में जिला नियंत्रण कक्ष में रखेंगे। इसके साथ ही सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को अपने-अपने अनुमण्डल मुख्यालय में एक-एक नियंत्रण कक्ष खोलकर उसमें दण्डाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित भी.एच.एफ कन्ट्रोल 24 घंटे खुला रहेगा। इसके साथ ही सभी थाना/ओ.पी. अध्यक्ष 24 घंटा वितन्तु सेट को खुला रखेंगे तथा अपने-अपने थाना का खैरियत प्रतिवेदन निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले वैसे ग्रामों का निश्चित रूप से भ्रमण कर लेने का निर्देश दिया गया, जहाँ दुर्गा प्रतिमा स्थापित की जा रही है तथा पूजा अर्चना की जाती है।

बड़ी दुर्गा मंदिर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बलिया। नगर के छोटी बलिया स्थित पुरानी दुर्गा स्थान में शारदीय नवरात्र पर हो रही बड़ी दुर्गा मां की महाआरती में हर दिन भीड़ बढ़ रही है। जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना है, हर ओर जय माता दी के बोल सुनाई दे रहे हैं। महाआरती में हजारों महिला, पुरुष, युवा और बच्चे पहुंच रहे हैं। महाआरती में पुजारी हेमंत झा शास्त्री, बिनोद झा और कुमुद रंजन झा जब देवी स्तोत्र और प्रार्थना गाते हैं तो श्रद्धालु शांत भाव से सुनते हैं। जय जय हे महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र पर सभी साथ गाते हैं तो माहौल और भक्तिमय हो जाता है। इसके बाद तालियां बजाकर जयकारे लगते हैं तो माहौल भावुक हो जाता है। फिर पंडित अधिवक्ता बिनोद झा और कमेटी अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद महाआरती करते हैं, घंटा ध्वनि और शंखनाद से मंदिर गूंज उठता है। कमेटी अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद और पुजारी हेमंत झा शास्त्री ने बताया कि यहां सवा सौ साल से अधिक समय से बड़ी दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित होती आ रही है। यह मंदिर बंगाली डॉक्टर परिवार ने एक झोपड़ी से शुरू किया था। पहले यहां भैंसा और सैकड़ों पाठा की बलि दी जाती थी, अब बलि बंद है, लेकिन प्रतीक के तौर पर लाकर फूल चढ़ाकर छोड़ दिया जाता है। यह अनुमंडल का सबसे पुराना दुर्गा स्थान है, मुंगेर जिला के समय से यह मंदिर मौजूद है। मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नत माता रानी पूरी करती हैं।महाआरती और व्यवस्था में पूजा कमेटी, आरती कमेटी, मेला कमेटी और विसर्जन कमेटी के सदस्य लगे हैं। संध्या महाआरती के समय पुलिस प्रशासन भी निगरानी में रहती है।

एक नजर

डीएम ने लिया जायजा

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने गुरुवार को नगर निगम के वार्ड 14 और 15 में बीएमपी-8 क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सिपाही हॉस्टल से सड़क पर गंदा पानी बहने की समस्या का जायजा लिया। बताया गया कि बीएमपी-8 की पुरानी चहारदीवारी से रिसाव के कारण हॉस्टल का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे पिपरा की ओर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। जिलाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए बीएमपी-8 के पदाधिकारियों को परिसर के अंदर जल्द सोकपिट बनाने का निर्देश दिया, ताकि पानी का समुचित निस्तारण हो सके और समस्या का स्थायी समाधान हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

अतरुआ स्कूल में एमडीएम की गुणवत्ता पर मंथन

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरुआ में शुक्रवार को विद्यालय शिक्षा समिति (वीएसएस) की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत बच्चों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता, वेंडर भुगतान और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष जगतारणी देवी ने की। बैठक में विद्यालय में संचालित योजनाओं की गुणवत्ता बनाए रखने और शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विद्यालय के सभी शिक्षक लगातार सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने की दिशा में शिक्षकों के प्रयासों की जानकारी दी।बैठक में समिति की सदस्य कविता देवी, आरती कुमारी, रेणु कुमारी, खुशबू कुमारी, खुशबू देवी, रिंकी देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नारी शक्ति की भूमिका पर परिचर्चा

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अभाविप की बलिया इकाई ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में ऊर्जस्वनी युवती सम्मेलन का आयोजन किया। उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रबोध और सांस्कृतिक चेतना जगाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दंत चिकित्सक डॉ. श्वेता मिश्रा, परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्वेत निशा और विद्यालय की शिक्षिका कुमारी अजुवा, प्रेरणा कुमारी और मोनिका कुमारी ने दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डॉ. श्वेता मिश्रा ने कहा कि प्राचीन काल से राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका अतुलनीय है।

मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ लखनपुर दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को मेला प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा निरज कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने पूजा समिति एवं मेला समिति के सदस्यों के साथ मेले को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। एसडीएम ने पूजा समिति के सदस्य विट्टू कुमार सिन्हा को मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। वहीं पूजा समिति की ओर से प्रशासन से पेयजल, यातायात व्यवस्था एवं शौचालय की अविलंब व्यवस्था करने की मांग की गई, जिस पर उपस्थित पदाधिकारियों ने समाधान का आश्वासन दिया। एएसआई पंकज कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से दो जगहों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि पूजा समिति को वॉलंटियर की व्यवस्था करनी होगी। वहीं आवश्यकता के अनुसार महिला एवं पुरुष सुरक्षा बल भी तैनात किए जाएंगे।महेशपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष गंगा यादव ने मेला के दौरान अतरुआ चौक पर ओवरफ्लो हो रहे नाली के गंदे पानी को बंद करने की मांग उठाई। साथ ही अतरुआ चौक, बनवारीपुर चौक एवं पुल के पास पुलिस बल तैनात करने पर भी चर्चा हुई।बैठक में अंचलाधिकारी रानु कुमार, तेयाय ओपी प्रभारी पल्लवी कुमारी, एसआई पंकज कुमार, लखनपुर पंचायत के मुखिया सुरेंद्र कुमार, पैक्स प्रतिनिधि रितेश सिंह, सरपंच नरेश रजक, पूर्व मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रामबाबू तांती, पूर्व उपप्रमुख संजीव कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया देवानंद पासवान, पूर्व सरपंच देवाली पासवान, सरपंच प्रतिनिधि लाली पासवान, पूर्व मुखिया गंगा यादव, रामप्रवेश राय, सिकंदर पासवान, गीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

नशा मुक्ति का संदेश लेकर बेगूसराय पहुंची राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड के मौके पर नशा के खिलाफ संदेश लेकर त्रिपुरा से शुरू हुई राष्ट्रीय मोटरसाइकिल रैली गुरुवार को बेगूसराय पहुंची। यह रैली त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल होते हुए बेगूसराय आई। बरौनी रिफाइनरी के जुबली हॉल में जिलाधिकारी रिची पांडेय, पुलिस अधीक्षक मनीष, बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक समेत अन्य अधिकारियों ने रैली का स्वागत किया।कार्यक्रम में नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। नाटक के जरिए नशे के बुरे असर दिखाए गए और लोगों को जागरूक किया गया। मौजूद लोगों को नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। केंद्रीय विद्यालयों के बच्चों ने नाट्य प्रस्तुति के जरिए नशे से दूर रहने की अपील की।जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकजुट करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें एकता और सामूहिक संकल्प की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। आज नशे की लत समाज को भीतर से खोखला कर रही है, खासकर सूखे नशे का बढ़ता चलन युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है।

एससीइआरटी पत्रिका के लिए लेख आमंत्रित

भगवानपुर।(नबिटा ब्यूरो)। एससीईआरटी बिहार की वार्षिक पत्रिका आलोक के अगले अंक के लिए लेख, शोध आलेख और रचनाएं आमंत्रित की गई हैं। संयुक्त निदेशक सुरेंद्र कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्राचार्य, व्याख्याता और शिक्षकों से मौलिक और अप्रकाशित रचनाएं मांगी गई हैं।इन विषयों पर लेख भेजे जा सकते हैं: शिक्षा और शिक्षण प्रक्रिया, नई शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा में नई पहल, शिक्षक शिक्षा और व्यावसायिक विकास, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, शैक्षिक अनुसंधान और नवाचार, मूल्य शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शिक्षा, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण और सतत विकास, समसामयिक विषय, कविता-कहानी आदि।

जिले में जर्जर नावों के परिचालन पर डीएम ने लगाई रोक

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले की नदियों में नावों के सुरक्षित परिचालन और हादसों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी रिची पांडेय ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।जिलाधिकारी ने बताया कि नाव चलाने से पहले जिला परिवहन पदाधिकारी से निबंधन कराना अनिवार्य होगा। बिना निबंधन, जर्जर या क्षतिग्रस्त नावों के परिचालन पर पूरी तरह रोक रहेगी। हर नाव पर भार क्षमता और जलस्तर के लिए वाटर लाइन का अंकन जरूरी होगा। साथ ही लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, टॉर्च, रस्सी और लंगर जैसे सुरक्षा उपकरण रखना अनिवार्य किया गया है। नाव केवल अनुभवी और प्रशिक्षित नाविक ही चलाएंगे। क्षमता से अधिक सवारी या सामान लादने पर रोक रहेगी। बच्चों सहित सभी यात्रियों और चालक दल के लिए पूरी यात्रा के दौरान लाइफ जैकेट पहनना जरूरी होगा। यात्रा के दौरान खड़े होने, किनारे झुकने, सीट बदलने और संतुलन बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर रोक रहेगी। नशे में किसी को नाव पर नहीं चढ़ने दिया जाएगा।सूर्यास्त के बाद नाव परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। खराब मौसम, बाढ़, तेज धारा या कम दृश्यता में भी नाव नहीं चलेगी। सूर्यास्त के बाद नाव चलने पर नाविक और अंचल अधिकारी की जवाबदेही तय की गई है।अंचल अधिकारियों को प्रारंभिक और गंतव्य स्थल तय करने, जर्जर नावों की जांच और भीड़ नियंत्रण के लिए चौकीदारों की तैनाती का निर्देश दिया गया है। घाटों पर लाउडस्पीकर से सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी निबंधन और अनिबंधित नावों पर रोक सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी घाटों का निरीक्षण करेंगे। पुलिस को नियम तोड़ने वालों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

ज्वेलरी दुकान में दिनदहाड़े गोलीबारी कर लूट

200 ग्राम सोना और दो किलो चांदी लूटकर भागे बदमाश, गोलीबारी से दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के रामदीरी मार्केट में शुक्रवार को बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े जेवर दुकान में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देकर भागने में सफल रहे। बाजार के व्यस्ततम इलाके में तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने मां पार्वती ज्वेलर्स पर धावा बोला और दुकानदार भावेश कुमार को बंधक बना लिया। दुकान में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूटकर बदमाश फरार हो गए। दुकानदार के अनुसार करीब 200 ग्राम सोना और दो किलो चांदी के जेवरात लूटे गए हैं। बताया गया कि बदमाश दुकान में घुसते ही दुकानदार को कब्जे में ले लिए और गाली-गलौज करते हुए जेवरात समेटने लगे। इसी बीच दुकानदार किसी तरह बाहर निकलकर शोर मचाने लगा। आरोप है कि बाहर खड़े चार बदमाशों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जबकि अंदर मौजूद दो बदमाश जेवरात लूटते रहे। लूट के बाद सभी बदमाश गोली चलाते हुए भाग गए। गोलीबारी की आवाज से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों और राहगीरों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना पर फुलवरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल से आठ खोखे बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनीष, तेघड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि लुटेरों ने घटना का समय शुक्रवार के नवाज पढ़ने का समय चुना। क्योंकि नमाज पढ़ने के कारण बाजार खाली था। उक्त बाजार में मुस्लिम समुदाय की संख्या अधिक है। दुकानदार व स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। लूटे गए जेवरात की कीमत का अभी आधिकारिक आकलन नहीं हुआ है।वारदात के बाद स्थानीय व्यवसायियों में भारी आक्रोश है। आक्रोशित लोगों ने फुलवरिया बाजार में बांस-बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दी और बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी व बाजार में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना के बाद पुलिस देर से पहुंची, समय पर पहुंचती तो बदमाश पकड़े जा सकते थे।



कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनीगाछी (दरभंगा)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों में दुर्गा पूजा को लेकर माहौल भक्ति में बना हुआ है। शुक्रवार को विभिन्न पूजा स्थलों से बेल नीति के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकल गई जिसमें कलश के साथ कन्याएं शामिल हुई। बाजितपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से शुक्रवार को बेल न्योती से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 501 कन्याओं ने कलश लेकर भाग लिया। शोभायात्रा बाजितपुर दुर्गा मंदिर से शुरू होकर सोनार टोला, लहेरी टोली, बाजितपुर राम-जानकी मंदिर और मुख्य बाजार होते हुए पुनः दुर्गा स्थान पहुंची। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गुंजायमान रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समिति और पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी। कलश शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए पूजा समिति के सदस्य, स्वयंसेवक और बाजितपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे। शोभायात्रा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं शाम में बेल न्योती के लिए डोली निकाली गई। दूसरी ओर, राजे, चनौर सहित अन्य स्थानों की पूजा समितियों की ओर से शुक्रवार शाम को पूजा स्थलों से गाजे-बाजे के साथ माता की डोली निकाली निकली। आचार्य के नेतृत्व में बेल वृक्ष के नीचे यजमान द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बेल वृक्ष को न्योता गया। प्रखंड क्षेत्र के प्रखंड क्षेत्र के मनिगाछी, भंडारीसम मकरंदा, सकरी, बरहमपुर कन्हौली, नेहरा, बघांत, बथिया आदि पूजा स्थलों में विधि विधान से दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। कई जगहों में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

शिक्षक एवं स्नातक वर्ग के हितों की रक्षा एनडीए की प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा के विधायक संजय सरावगी शुक्रवार को महात्मा गांधी कॉलेज, दरभंगा में विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में होने वाले चुनाव को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक में निर्वाचन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय और शिक्षित समाज के बीच लोकतांत्रिक जागरूकता को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षित समाज की भागीदारी को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। शिक्षक और स्नातक वर्ग समाज के बौद्धिक विकास, नई पीढ़ी के निर्माण तथा राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और हितों को समझना तथा उन्हें उचित मंच प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों, जनभागीदारी और समाज के विभिन्न वर्गों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े मतदाताओं के बीच संवाद स्थापित करना, उनकी अपेक्षाओं को समझना और उनके मुद्दों को प्राथमिकता देना संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस अवसर पर महात्मा गांधी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. प्रेम कुमार, प्रो. हरि नारायण सिंह, प्रो. अजीत कुमार चौधरी सहित सम्मानित शिक्षक, शिक्षाविद् एवं प्रबुद्ध बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

रैयाम चीनी मिल को चालू करने की रूपरेखा पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। जिला पदाधिकारी कौशल कुमार ने शुक्रवार को रैयाम चीनी मिल का निरीक्षण किया एवं मिल को चालु करने पर विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक जग्गुनाथ रड्डी जलरड्डी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण साक्षी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार गौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग के पदाधिकारी, मिल के केन हेड सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में रैयाम चीनी मिल के विस्तार एवं पुनः संचालन के लिए भूमि की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। मिल के केन हेड ने बताया कि वर्तमान में मिल परिसर का कुल क्षेत्रफल लगभग 49 एकड़ है, जबकि मिल के विस्तार एवं सुचारू संचालन के लिए लगभग 120 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसमें से करीब 35 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव अंचलाधिकारी के माध्यम से प्रक्रियाधीन है। उन्होंने शेष आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने पूरे चीनी मिल परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं एवं स्थल की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने आईबी परिसर का भी निरीक्षण किया तथा वहाँ साफ-सफाई की व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

पिकअप से 1,409 बोतल विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बखरी (बेगूसराय)। दुर्गा पूजा मेले के दौरान शराब खपाने की तैयारी के बीच बखरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के सिमरी से विदेशी शराब लदी एक पिकअप गाड़ी बरामद की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संध्या गश्ती के दौरान यह कार्रवाई की। गाड़ी की तलाशी के दौरान विभिन्न मात्रा की कुल 1409 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। इस संबंध में बखरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिमरी में कार्रवाई करते हुए शराब लदी पिकअप बरामद की। तलाशी के दौरान पिकअप से 375 एमएल की 1193 बोतल तथा 750 एमएल की 216 बोतल विदेशी शराब मिली। इस प्रकार कुल 1409 बोतल शराब जब्त की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बरामद शराब को दुर्गा पूजा मेले के दौरान खपाने की तैयारी थी। दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों और मेला स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में शराब की इतनी बड़ी खेप बरामद होने के बाद पुलिस इसके पीछे सक्रिय लोगों का पता लगाने में जुटी है। हालांकि, शराब को कहां से लाई गई थी और इसे किन स्थानों पर पहुंचाया जाना था, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद होने के बाद पुलिस शराब की खेप के स्रोत, संभावित गंतव्य और इस कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर भी आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पुलिस की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं **(डीईएन/3/हावड़ा)। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 263_2026-27, दिनांक 16.10.2026; कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल - टीएफटीआर-3.008 टीकेएम, सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन बैण्डेल-कटवा: अप 12.625-13.100=0.475 किमी, 76.285-76.466=0.181 किमी, 11.930-12.820=0.890 किमी, 76.286-76.450=0.164 किमी, 79.597-80.310=0.713 किमी, 80.440-81.025=0.585 किमी। **अनुमानित लागत:** रु. 4,78,01,692.46; **बयाना राशि:** रु. 9,56,000; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 264_2026-27, दिनांक 16.10.2026; कार्य का विवरण:** एडीईएन/नवद्वीप धाम अनुभाग के अधीन बॉलकनियों में सुरक्षा ग्रिल के प्रावधान, शौचालय के दरवाजे का बदलाव, रसोईघरों एवं बाथरूम में टाइलिंग, भवन के प्रवेश द्वार में कॉलैपसिबल गेटों, लेटरिंग की पेंटिंग इत्यादि के माध्यम से त्रिवेणी में कॉलोनी में 77 इकाई क्वार्टरों के नवीनीकरण के साथ मरम्मत। **अनुमानित लागत:** रु. 1,00,00,688.12; **बयाना राशि:** रु. 2,00,000; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 10 (दस) महीने। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. 265_2026-27, दिनांक 16.10.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/आजिमगंज के अधीन आईओडब्ल्यू कार्यालय के साथ स्टोर तथा एईएन कार्यालय की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 55,10,354.22; **बयाना राशि:** रु. 1,10,200; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 10 (दस) महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 09.11.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएंगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी :** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-407/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-टेंडर-114, दिनांक 15.10.2026 के लिए खुली ई-निविदा सूचना। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-टेंडर-114; कार्य का नाम:** मालदा मंडल के तहत झुके हुए, क्षतिग्रस्त/टकराए हुए और नाजुक मास्ट/टीटीसी/पोर्टल को हटाने के संबंध में ओएचई सुधार कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,93,31,529.65; **बयाना राशि:** रु. 5,86,600; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 23.10.2026 से 06.11.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट: www.ireps.gov.in** तथा सीनि. डीईई/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपरोक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-223/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

चेतन शर्मा बोले- गेंदबाजों के लिए मददगार पिचें बनाएं बीसीसीआई

गेंदबाजों को इतना मत मारो कि वे दोबारा मैदान पर न आना चाहें

नईदिल्ली (एजेंसी)। बीसीसीआई के पूर्व चीफ सिलेक्टर और क्रिकेटर चेतन शर्मा ने बीसीसीआई से गेंदबाजों के लिए मददगार पिचें बनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा- 'टी-20 क्रिकेट में बल्लेबाजों के अनुकूल पिचों से बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बिगड़ रहा है।' चेतन ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान कहा- 'मैं मानता हूं कि गेंदबाज रन देने के लिए मैदान पर आते हैं। लेकिन उन्हें इतना मत मारिए कि वे दोबारा मैदान पर आना ही न चाहें।'

भारत-वेस्टइंडीज टी-20 सीरीज में 98 छक्के और 104 चौके लगे - भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही टी-20 सीरीज में 98 छक्के और 104 चौके लग चुके हैं। सीरीज में अब तक 4 मैच खेले गए हैं। इन 8 पारियों में 6 बार दोनों टीमों ने 200+ रन का आंकड़ा पार किया। दूसरे टी-20 में तो भारत ने 249 रन बनाए थे और यह टारगेट भी वेस्टइंडीज ने 9 गेंद रहते हासिल कर लिया। तीसरे टी-20 में भारत ने 223 रन बनाए और वेस्टइंडीज को 209 रन पर रोका।

गेंद और बल्ले के बीच संतुलन जरूरी - चेतन ने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट में भी ऐसी पिचें होनी चाहिए, जिन पर गेंदबाज अटैकिंग बल्लेबाजों का मुकाबला कर सकें। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजों की मददगार पिचों की तरह इंटरनेशल में भी ऐसी पिचें तैयार करने पर जोर दिया।

ब्राजील के फुटबॉलर विनीसियस जूनियर पर 4 मैच का बैन

- विरोधी खिलाड़ी के बाल खींचे थे, बार्सिलोना के खिलाफ एल-क्लासिको नहीं खेलेंगे

मैड्रिड (एजेंसी)। रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर पर चार लीग मैचों का बैन लगा है। वे बार्सिलोना के खिलाफ एल-क्लासिको नहीं खेलेंगे। यह मैच 26 अक्टूबर को स्पेनिश लीग ला-लीगा में खेला जाएगा।

स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन की अनुशासन समिति ने बुधवार को विनिसियस पर 4 मैचों का प्रतिबंध लगाया है। ब्राजील के इस फुटबॉलर ने 11 अक्टूबर को मैच में विलारियल के नाथन सालिबा के बाल खींचे थे। हालांकि, विलारियल 1-0 से जीत गया।

रेफरी ने गोल रद्द किया, रेड कार्ड भी दिखाया

विनिसियस को बाल खींचने के लिए दो मैच और रेफरी से आक्रामक तरीके से विरोध करने के लिए दो मैचों का बैन मिला है। विलारियल के पिछले हफ्ते शनिवार को नाथन सालिबा के साथ दौड़ते समय बाल खींचे थे।

इस घटना के तुरंत बाद विनिसियस ने गोल किया था। हालांकि, रेफरी ने गोल को रद्द कर दिया और उन्हें सीधे लाल कार्ड दिखाया।

विनिसियस 18 अक्टूबर को सेविया के खिलाफ घरेलू मैच और अगले हफ्ते बार्सिलोना के दौरे पर नहीं खेलेंगे। वह रेसिंग सांतांदेर और वेलेंसिया के खिलाफ अवे मैच भी मिस करेंगे।

भारत-वेस्टइंडीज टी-20

आज निर्णायक मुकाबले में भारत को करने होंगे 3 बड़े बदलाव

नई दिल्ली (एजेंसी)।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पांचवां और निर्णायक मुकाबला 17 अक्टूबर 2026 को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। सीरीज फिलहाल 2-2 से बराबर है। ऐसे में दोनों टीमों की नजरें आखिरी मुकाबला जीतकर सीरीज अपने नाम करने पर होंगी।

हैदराबाद में खेले गए चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारतीय टीम को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत के साथ वेस्टइंडीज ने निर्णायक मुकाबले से पहले अपना आत्मविश्वास मजबूत किया है। भारतीय टीम की कमान श्रेयस अय्यर के हाथों में है, जबकि तिलक वर्मा उपकप्तान की भूमिका निभा रहे हैं। भारत ने इससे पहले तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से जीती थी, लेकिन टी20 सीरीज में दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली है। अब सीरीज जीतने के लिए भारतीय टीम को अपनी रणनीति में कुछ अहम बदलाव करने पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं ऐसे तीन बदलाव, जिन पर टीम प्रबंधन विचार कर सकता है।

कुलदीप यादव की प्लेइंग इलेवन में हो सकती है वापसी

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने सीरीज के शुरुआती दो टी20 मुकाबले खेले थे, लेकिन तीसरे और चौथे मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। ऐसे में निर्णायक मुकाबले के लिए उनकी टीम में वापसी पर विचार किया जा सकता है। कुलदीप ने इसी दौरे पर खेली गई वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। वह तीन मैचों में सात विकेट लेकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। इस प्रदर्शन ने सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनकी उपयोगिता को एक बार फिर साबित किया। कुलदीप ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 15 फरवरी 2026 को पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। वह अब तक 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

मध्य ओवरों में बल्लेबाजी की रफ्तार बढ़ानी होगी

पूरी सीरीज के दौरान भारतीय टीम को कई मौकों पर अच्छी शुरुआत मिली है, लेकिन मध्य ओवरों में रन गति बनाए रखने में परेशानी हुई है। शुरुआती ओवरों में बनाए गए दबाव को बड़े स्कोर में बदलने में टीम लगातार सफल नहीं रही है। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड बल्लेबाजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। ऐसे में भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अधिक सकारात्मक रवैया अपनाना होगा। बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करने, नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगाने और ढीली गेंदों का फायदा उठाने पर ध्यान देना होगा। निर्णायक मुकाबले में मध्य ओवरों के दौरान रन गति में सुधार भारत की जीत की संभावनाओं को मजबूत कर सकता है।

तेज गेंदबाजों को अपनी रणनीति में लानी होंगी विविधताएं

सीरीज में भारतीय तेज गेंदबाजों ने मुख्य रूप से अपनी गति और लाइन-लेंथ पर भरोसा किया है। हालांकि, बेंगलुरु जैसे बल्लेबाजी के अनुकूल मैदान पर केवल एक ही रणनीति के सहारे विपक्षी बल्लेबाजों को रोकना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। ऐसे में भारतीय गेंदबाजों को कटर, धीमी गेंदों और पिच पर अतिरिक्त उछाल हासिल करने वाली गेंदों का अधिक प्रभावी इस्तेमाल करना होगा। खासकर मध्य ओवरों और डेथ ओवरों में गति में बदलाव बल्लेबाजों की लय बिगाड़ सकता है। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को परिस्थितियों के अनुसार अपनी योजना बदलनी होगी। सही समय पर धीमी गेंदों का इस्तेमाल और सटीक यॉर्कर निर्णायक मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

सीरीज जीतने के लिए भारत को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

भारत और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज 2-2 से बराबर होने के कारण पांचवां मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम को जीत हासिल करने के लिए बल्लेबाजी में निरंतरता, मध्य ओवरों में बेहतर रन गति और गेंदबाजी में विविधताओं पर ध्यान देना होगा। कुलदीप यादव की संभावित वापसी और टीम की रणनीति में बदलाव निर्णायक मुकाबले को दिलचस्प बना सकते हैं। अब देखना होगा कि भारतीय टीम आखिरी मैच में किस संयोजन के साथ मैदान पर उतरती है और सीरीज अपने नाम करने में सफल होती है या नहीं।

भुवनेश्वर 4 साल बाद आज टी-20 खेल सकते हैं, अर्शदीप की चोट के कारण टीम में शामिल

तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को बेंगलुरु में होने वाले पांचवें टी-20 मैच में खेल सकते हैं। अर्शदीप सिंह को कंधे में चोट लग गई है। इस वजह से भुवी को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। भारत-वेस्टइंडीज सीरीज अभी 2-2 की बराबरी पर है।36 साल के भुवनेश्वर को 22 अक्टूबर से शुरू हो रहे न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी-20 टीम में चुना गया था। लेकिन, अर्शदीप की चोट की वजह से अभी ही उनकी वापसी हो गई है। भुवनेश्वर ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2022 में खेला था।

अर्शदीप चौथे मैच में चोटिल हुए थे

अर्शदीप को बुधवार को हैदराबाद में खेले गए चौथे टी-20 के दौरान गेंदबाजी वाले कंधे पर चोट लगी थी। उनकी चोट को देखते हुए भुवनेश्वर को टीम में जगह दी गई है।अर्शदीप आखिरी मुकाबले में खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला मैच से पहले उनकी रिकवरी के आधार पर लिया जाएगा।

- **सीरीज में भारत के टॉप विकेट टेकर हैं अर्शदीप -** अर्शदीप सिंह इस में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने 4 मैचों में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने तीसरे मुकाबले में 44 रन देकर 3 विकेट झटके थे।भुवनेश्वर कुमार ने अपना आखिरी टी-20 इंटरनेशनल मुकाबला 22 नवंबर 2022 को न्यूजीलैंड के खिलाफ नेपियर में खेला था। उस मैच में भुवनेश्वर ने 4 ओवर में 35 रन दिए। उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला था। इसके बाद से वे टीम इंडिया से बाहर हैं।

भारत में 15 साल बाद लौट सकती है एफ1 रेस

बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फिर गूंज सकती है रफ्तार की आवाज

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत में मोटरस्पोर्ट्स के प्रशंसकों के लिए एक बार फिर बड़ी उम्मीद जगी है। करीब 15 साल के लंबे अंतराल के बाद देश में फॉर्मूला-1 (एफ1) रेस की वापसी की संभावनाएं तेज हो गई हैं। ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर दोबारा स्न1 रेस आयोजित करने को लेकर चर्चा चल रही है। अगर यह योजना सफल होती है, तो भारतीय फैंस को एक बार फिर दुनिया के सबसे तेज रेसिंग ड्राइवरों को देश की धरती पर देखने का मौका मिल सकता है।

2028 में वापसी का लक्ष्य, सरकार ने तेज की तैयारी - रिपोर्टस के मुताबिक, भारत मेंएफ1 की वापसी के लिए सरकार और संबंधित पक्षों के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पहले 2027 में वापसी की संभावना पर विचार किया गया था, लेकिन तैयारियों के लिए अधिक समय देने के उद्देश्य से अब 2028 का लक्ष्य सामने आया है। हालांकि, रेस की वापसी की अंतिम तारीख और आयोजन की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

अदाणी ग्रुप और एफ1 मैनेजमेंट के बीच बातचीत - रिपोर्ट में अदाणी ग्रुप और फॉर्मूला-1 मैनेजमेंट के बीच हालिया बातचीत का भी जिक्र है। ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को दोबारा रेस के लिए तैयार करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रमोटर, सरकारी सहयोग, वित्तीय व्यवस्था और सर्किट के संचालन जैसे अहम पहलुओं पर काम करना होगा।

2011 से 2013 तक भारत में हुई थी एफ1 रेस

भारत ने पहली बार 2011 में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फॉर्मूला-1 रेस की मेजबानी की थी। इसके बाद 2012 और 2013 में भी यहां ग्रां प्री का आयोजन हुआ। इन तीनों रेस में रेड बुल के दिग्गज ड्राइवर सेबेस्टियन वेटल ने जीत दर्ज की थी। 2013 के बाद टैक्स विवाद, नियामकीय अड़चनों और वित्तीय समस्याओं के कारण भारत से स्न1 रेस का आयोजन बंद हो गया।

अगर सरकार, संभावित प्रमोटर और एफ 1 प्रबंधन के बीच सभी जरूरी मुद्दों पर सहमति बन जाती है, तो बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर की रेसिंग देखने का रास्ता खुल सकता है। इससे भारत में मोटरस्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन और निवेश को भी फायदा हो सकता है। फिलहाल, फैंस को आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा।

बिंद्रा ने एथलीट्स के खुलकर न बोल पाने पर चिंता जताई

कहा- सवाल पूछिए, यह अनुशासनहीनता नहीं, सीखने की प्रोसेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट शूटर अभिनव बिंद्रा ने एथलीट्स के खुलकर न बोल पाने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा- 'समय के साथ खिलाड़ी अपने मन में भी सवाल करना बंद कर देते हैं।'

बिंद्रा ने एथलीट्स को सवाल पूछते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने काम, कोच, तरीकों और सिस्टम पर सवाल उठाएं।

बिंद्रा ने कहा कि खिलाड़ियों का खुलकर बोलना जरूरी है। कुछ लोग इसे अनुशासनहीनता मान सकते हैं, लेकिन यह बेहतर प्रदर्शन के लिए जरूरी हो सकता है। बिंद्रा ने शुक्रवार को सोशल प्लेटफॉर्म ङ्ग पोस्ट में अपनी बात रखी।

अनुशासनहीनता और सीखने का फर्क

44 साल के बिंद्रा को भारत से निकले महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे ओलंपिक चैंपियन होने के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप के पूर्व गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं।

सक्रिय खेलों से विदा लेने के बाद बिंद्रा इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की एथलीट्स कमीशन के वाइस-चेयर बने। उन्होंने इस पद पर आठ साल काम किया। उनका कार्यकाल इस साल की शुरुआत में खत्म हुआ।

मैंने अपने खेल करियर में कोचों से सवाल किए और विचारों को चुनौती दी। ऐसा अनादर के कारण नहीं, बल्कि समझने, सीखने और बेहतर होने के लिए किया।

मैंने अपने पूरे खेल करियर में कोचों से सवाल किए, विचारों को चुनौती दी और जिज्ञासु बना रहा। ऐसा इसलिए नहीं था कि मेरे मन में सम्मान की कमी थी। मैं समझना, सीखना और बेहतर होना चाहता था।'

चहल बोले- तलाक के बाद शराब की लत लगी

पैनिक अटैक से चेहरा टेढ़ा हो जाता था, बोलना मुश्किल था; 26 दिन रिहैब सेंटर में रहा

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने शराब की लत, तलाक और पैनिक अटैक पर बात की। उन्होंने आकाश चोपड़ा के पॉडकास्ट में बताया कि धनश्री वर्मा से तलाक के बाद उनकी शराब की लत हद से ज्यादा बढ़ गई थी। वे 26 दिन रिहैब सेंटर में रहे थे। 36 साल के चहल ने बताया कि पैनिक अटैक के दौरान उनका चेहरा सिकुड़कर टेढ़ा हो जाता था। इससे बोलना भी मुश्किल होता था। चहल 3 साल से टीम इंडिया से बाहर हैं। उन्होंने पिछला टी-20 इंटरनेशनल मैच अगस्त 2023 में खेला था। उन्होंने 15 दिन पहले फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया था।चहल ने अगस्त 2023 में अपना पिछला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था।

पैनिक अटैक में होंठ कसकर एक तरफ खिंच जाते थे- चहल - चहल ने पैनिक अटैक के बारे में बताया, 'एंग्जायटी में दिल की धड़कन तेज हो जाती है और मेरा चेहरा सिकुड़ जाता था।' उन्होंने कहा, 'मैं बोल भी नहीं पाता था। मेरा होंठ कसकर एक तरफ खिंच जाता था।चहल ने कहा कि इससे लोग समझ जाते थे कि उनके साथ कुछ गलत है। उन्हें डर था कि सोशल मीडिया पर लोग कई तरह की बातें करेंगे। चहल ने कहा, 'मैंने सोचा कि आईपीएल पर ध्यान देते हैं।'

तलाक के बाद मानसिक स्थिति बिगड़ी- चहल - चोपड़ा ने पूछा कि शराब पीना कैसे और क्यों शुरू हुआ। चहल ने कहा, 'शुरुआत में मैं युवा था। पार्टियां होती थीं। मैंने 2011 में अपना पहला आईपीएल खेला था।' एबी डिविलियर्स ने एक बार उनसे कहा था, जिंदगी में संतुलन जरूरी है। चहल ने कहा कि यह बात सुनने में आसान है, लेकिन अपनाना आसान नहीं होता।चहल ने कहा, 'तलाक के बाद चीजें हद से ज्यादा बढ़ गई थीं।

एशियन पैरा गेम्स

भारतीय पुरुष ब्लाइंड फुटबॉल टीम को दक्षिण कोरिया ने 2-0 से हराया

नागोया।(एजेंसी)। एशियन पैरा गेम्स में भारतीय पुरुष ब्लाइंड फुटबॉल टीम को अपने अभियान के पहले मुकाबले में दक्षिण कोरिया के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए प्रारंभिक दौर के इस मुकाबले में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी जांग यंगजुन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। दक्षिण कोरिया की टीम ने मैच के दोनों हाफ में एक-एक गोल किया और भारतीय टीम को वापसी का मौका नहीं दिया। इस हार के साथ भारतीय टीम का टूर्नामेंट में आगाज निराशाजनक रहा। भारतीय टीम अब शनिवार को मेजबान जापान के खिलाफ मैदान में उतरेगी। टीम की नजरें अगले मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी स्थिति मजबूत करने पर होंगी। इस प्रतियोगिता में भारत, जापान और दक्षिण कोरिया के अलावा चीन, ईरान तथा थाईलैंड की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं।

संजय मांजरेकर बोले- पिच फ्लैट बनाएं, बाउंड्री छोटी करें

बॉलर्स के खिलाफ नियम सख्त करने की जरूरत, ताकि हर मैच में 300 रन बने

नईदिल्ली (एजेंसी)। 'मुझे लगता है कि पिचों को और फ्लैट बनाने, बाउंड्री छोटी करने और गेंदबाजों के खिलाफ नियम और सख्त करने की गुंजाइश है, ताकि टी-20 में नियमित रूप से 20 ओवर में 300 रन बन सकें।'

यह कहना है पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर का। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्ग पोस्ट के जरिए कही।

मांजरेकर की पोस्ट ऐसे समय आई है, जब फ्लैट भारतीय पिचों पर सवाल उठ रहे हैं। गौतम गंभीर, युजवेंद्र चहल जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर्स पिचों को बॉलिंग फ्रेंडली बनाने की मांग कर रहे हैं।

एक दिन पहले चेतन शर्मा ने बॉलिंग पिचों की मांग की थी - एक दिन पहले भारतीय टीम के पूर्व चीफ सिलेक्टर चेतन शर्मा ने कहा- 'टी-20 क्रिकेट में बैटिंग पिचों से बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बिगड़ रहा है।'

नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में चेतन ने कहा- 'मैं मानता हूं कि गेंदबाज रन देने के लिए मैदान पर आते हैं। लेकिन उन्हें इतना मत मारिए कि वे दोबारा मैदान पर आना ही न चाहें।'

गंभीर ने हफ्ते में 2 बार पिच पर सवाल उठाए थे - 9 अक्टूबर की रात को रांची में दूसरे टी-20 के बाद गंभीर ने कहा था- फ्लैट पिचों पर गेंदबाजों के करियर दांव पर लगे हैं। सरफेस में बैट और बॉल के बीच बराबरी का मुकाबला होना जरूरी है।

मांजरेकर ने 37 टेस्ट में 2043 रन बनाए, स्पेशलाइज ट्रेनिंग देते हैं

संजय मांजरेकर भारतीय कमेंटेटर हैं, जोकि अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्हें तकनीकी रूप से मजबूत बैटिंग स्किल के लिए भी जाना जाता है। वे क्रिकेटर्स को स्पेशलाइज ट्रेनिंग देते हैं।

मांजरेकर 37 मैचों के टेस्ट करियर में 2043 रन बनाए। इसमें 4 शतक और 9 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 74 वनडे मैचों में 1994 रन बनाए। इस फॉर्मेट में संजय के नाम एक शतक है।

3 अक्टूबर को गुवाहाटी में दूसरे वनडे के बाद गंभीर ने कहा था कि यह क्रिकेट नहीं था, सिर्फ बल्लेबाजी थी। उस मुकाबले में भारत ने 406 रन का लक्ष्य हासिल किया था। इस मुकाबले में 811 रन बने थे।

देव छठ मेला की तैयारियों में जुटा प्रशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। आगामी देव कार्तिक छठ मेला की तैयारियों एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के देव प्रखंड में पौराणिक सूर्य मंदिर होने के कारण छठ पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था के साथ मनाया जाता है। इसकी ख्याति दूर-दूर तक है। देव मेला के सफल आयोजन, मेला क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं श्रद्धालुओं को समुचित सुविधाएं प्रदान करने में स्थानीय लोगों की भागीदारी भी अपेक्षित है। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि देव कार्तिक छठ मेला का आयोजन 13 नवंबर (नहाय-खाय) से 16 नवंबर (प्रातः अर्घ्य) तक किया जाएगा। इस अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं व्रतियों का आगमन होगा। इसे देखते हुए समुचित तैयारियां एवं विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सभी मार्गों को दुरुस्त करना अनिवार्य है। साथ ही मेला परिसर में बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट के लिए स्थलों को चिह्नित करें तथा आवश्यकतानुसार ड्रॉप गेट का निर्माण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि छठ पर्व के अवसर पर देव आने वाले व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवासन हेतु मेला क्षेत्र में समुचित व्यवस्था की जानी है। पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी चिन्हित स्थानों पर आवासन स्थल बनाए जा सकते हैं। इन स्थलों पर टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर, दरी आदि की समुचित व्यवस्था बीआरबीसीएल, एनटीपीसी, श्री सीमेंट, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक एवं अंचल अधिकारी, औरंगाबाद के सहयोग से कराई जाएगी। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, विशेषकर महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

आधा दर्जन महुआ शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने और शराब निर्माण तथा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। एसपी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में देव प्रखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के जंगल स्थित कासा पहाड़ पर संचालित अवैध महुआ शराब की भट्ठियों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके पर करीब हजारों किलोग्राम जावा महुआ नष्ट कर दिया। साथ ही अवैध शराब निर्माण की आधा दर्जन भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों को भी नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए यह कार्रवाई की गयी है।

शांति व सुरक्षा का संदेश लेकर किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में दुर्गा पूजा, विजयादशमी और रावण वध कार्यक्रम के मद्देनजर विधि-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च रमेश चौक से प्रारंभ होकर मस्जिद, महावीर मंदिर, नावाडीह, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पार्क, बराटपुर, धर्मशाला एवं टिकरी रोड होते हुए बाईपास तक पहुंचा। इसके पश्चात फ्लैग मार्च पुनः रमेश चौक आकर पर संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजनों से आगामी दुर्गा पूजा पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। जिला प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के अत्यंत कड़े प्रबंध किए गए हैं और संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से पर्व के दौरान प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे की परंपरा को बनाए रखने की अपील की है। जिले में दुर्गा पूजा और रावण वध कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की आज एक महत्वपूर्ण बैठक भी जिलाधिकारी अभिलाष शर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आवश्यकतानुसार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है ताकि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस फ्लैग मार्च में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। हसपुरा थाना क्षेत्र में धुसरी मोड़ के समीप एनएच-120 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उपहारा थाना क्षेत्र के तेयाप गांव निवासी राजकिशोर ठाकुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार राजकिशोर ठाकुर गुरुवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के कनाप गांव स्थित टोला छकु बिगहा में नाश्ता करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि उनकी दोनों आंखें कमजोर थीं और वह लाठी के सहारे पैदल चलते थे। गुरुवार की देर रात धुसरी मोड़ के पास सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह सड़क पर घायल अवस्था में पड़े रहे। रात में घटना की जानकारी नहीं मिल पाने के कारण उन्हें समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। हालांकि परिजन उन्हें घर नहीं आने पर खोजबीन कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को सीएचसी, हसपुरा ले गयी जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

विधायक प्रमोद सिंह ने प्राचार्या को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर(औरंगाबाद)। प्रखंड के बाबू गरडी में प्राचार्या के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने प्रोफ़ेसर डॉ. संतोष कुमार सिंह की धर्मपत्नी प्राचार्या स्व. मंजू कुमारी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षिका मंजू कुमारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर्तव्य एवं निष्ठा से करती थी। शैक्षणिक कार्य में सफलता से कार्य करती थीं। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, पंकज पासवान, विनोद कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, जदयू जिला उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व मुखिया बबुआ जी, अरुण सिंह, विनोद कुमार सिंह, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, जदयू के जिला प्रवक्ता रवि सिंह राजपूत, जदयू प्रखंड अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेंदु, मुखिया विकास कुमार सिंह, अजय पासवान, पंकज पासवान, अनुज सिंह, विनय सिंह, दिलीप कुमार सिंह, सिंटू सिंह सहित अन्य लोग शामिल हैं।

चोरी के गैस सिलेंडर के साथ आरोपित गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। देवकुंड पुलिस ने रेकी कर बंद घरों का ताला तोड़ चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सूखा नशा का सेवन करता है और मौका मिलते ही घरों में हाथ साफ कर देता था। पहले वह घरों में रेकी करता है फिर जहां सुनसान होता उस घरको टारगेट करता था। बीते दिनों बंधवा गांव निवासी प्रकाश कुमार के घर में नौरंगा गांव निवासी राजा कुमार राठौर चोरी कर फरार हो गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसी क्रम में शुक्रवार को आरोपी पकड़ा गया। इसके पास से चोरी का गैस सिलेंडर सहित अन्य सामग्रियां बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष निरंजन सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

विभिन्न मामलों में 58 लोग गिरफ्तार, साइबर पुलिस ने रिकवर किए सात लाख रूपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 58 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, लुट में चार, एसटी-एससी में एक, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत दो तथा अन्य मामलों में 48 लोगों की गिरफ्तारी की गई। साथ ही 72.40 लीटर देसी शराब, 15 लीटर स्पिरिट एवं एक बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1216 वाहनों की जांच की गई जिसमें 86500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 25 वारंटों एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर पुलिस द्वारा 731490 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

दशहरा को लेकर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया औरंगाबाद शहर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दशहरा को लेकर औरंगाबाद शहर की रौनक देखते ही बन रही है। शहर के प्रमुख मार्गों और बाजारों में आकर्षक विद्युत सजावट की गई है। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे भव्य स्वागत द्वार लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। सड़क के ऊपर दूर तक फैली विद्युत झालरें और हरे, सुनहरे व सफ़ेद रंग की रोशनी से जगमगाते सजावटी द्वार शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। शाम होते ही रोशनी से नहाए बाजार और सड़कें त्योहार के उत्साह का एहसास कराने लगती हैं। दशहरा को लेकर की गई इस आकर्षक सजावट से शहर का माहौल पूरी तरह उत्सवी हो गया है। शहर में जगह-जगह की गई विद्युत सजावट लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बीच रोशनी से सजे रास्ते एक अलग ही छटा बिखेर रहे हैं। मुख्य मार्ग पर बनाए गए एक के बाद एक आकर्षक लाइटिंग वाले स्वागत द्वार दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। सजावट में रंगों और रोशनी का सुंदर संयोजन शहर की सुंदरता को और निखार रहा है। दिन ढलने के साथ ही शहर की सड़कों पर विद्युत सजावट की चमक बढ़ जाती है। जगमगाती झालरों और रोशनी से सजे द्वारों के बीच से गुजरने वाले लोगों को त्योहार की खास अनुभूति होती है।

जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पांच ने जीते पदक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। गया स्थित खेल भवन में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे मुकाबले में औरंगाबाद जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रिकी कुमार, कुमार अवि और रानी कुमारी ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं विक्की कुमार और अरपित कुमार ने रजत पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से कराटे प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, लगन और नियमित अभ्यास का परिणाम माना जा रहा है। कराटे प्रशिक्षक विशाल कुमार, मृत्युंजय कुमार मिश्रा, खुशी कुमारी और मेधा कुमारी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि से खिलाड़ियों के परिवारों में भी खुशी है। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई गई है।

एसपी ने सुनी पुलिसकर्मियों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने जिला पुलिस कर्मियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए पुलिस केंद्र में विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभी संवर्ग के पुलिसकर्मियों की सामूहिक समस्याएं सुनी गई। पूर्व की समस्याओं का निराकरण करने की समीक्षा की गई तथा नए समस्याओं की निराकरण के लिए दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मी केवल कानून व्यवस्था के रक्षक ही नहीं बल्कि समाज की सुरक्षा व्यवस्था की मजबूत रीढ़ हैं। इसलिए उनके कल्याण, सुविधा और मनोबल का विशेष ध्यान रखा जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि संतुष्ट और प्रेरित पुलिस बल ही आमजन को बेहतर व प्रभावी सेवा दे सकता है। इसी उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन समय-समय पर ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित करता है ताकि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन अपने कर्मठ जवानों के कल्याण और सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस केंद्र के पुलिस उपाधीक्षक आकाश यादव, सार्जेंट मेजर रनंजय सिंह के अलावा कई अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

लंबित मामलों के निष्पादन में लाएं तेजी : डीएम

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। शहर में मुख्यमंत्री त्वरित कार्रवाई दल से जुड़े मामलों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की संयुक्त अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अधिकारियों को प्राप्त मामलों और परिवादों का प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के भीतर निपटारा करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट कहा कि सीएम क्यूआरटी के तहत प्राप्त प्रत्येक मामले का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल मामलों का निष्पादन करना पर्याप्त नहीं है बल्कि कार्रवाई गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए और उससे परिवादी भी संतुष्ट हो सके। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाए। आम लोगों की शिकायतों का समाधान करते समय संवेदनशीलता और तत्परता बरतना जरूरी है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी और जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नर्सिंग फाइनल इयर की परीक्षा में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले के देव मोड़ स्थित भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने नर्सिंग फाइनल ईयर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम में खुशबू कुमारी ने 8.82 सीजीपीए के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, पल्लवी कुमारी 8.73 सीजीपीए के साथ दूसरे और श्रेया कुमारी 8.65 सीजीपीए के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। तीनों छात्राओं की सफलता से महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता पर महाविद्यालय के निदेशक अभय कुमार सिंह और प्राचार्य ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।